

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, दक्षिण भारत लोक साहित्य का 'आलोक' व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ कृष्ण पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 2, अंक 179, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 24.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 59 सूर्यास्त 5 : 54

अयोध्या, रविवार, 4 फरवरी 2024


भूलभुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता...2


meenakshi

मीनाक्षी धूप एवं अगरबत्ती




होलसेल और फुटकर विक्रेताओं के लिए संपर्क करें, मो०: 8052400098

आपके सहयोग और सहभागिता का स्वागत है।

!!जय माता दी!!

समस्त धर्मप्रेमियों को हर्ष सहित यह अवगत हो कि आपके क्षेत्र में ज्योतिष परामर्श, यज्ञ अनुष्ठान, समस्त वैदिक पूजन मां वैष्णो सेवा ट्रस्ट के माध्यम से सम्पन्न किया जाता है। इसके साथ ही सामूहिक विवाह संस्कृत शिक्षण, ज्योतिष विद्या के प्रचार प्रसार हेतु भी ट्रस्ट कृतसंकल्प है।

सौ.से : श्री नवग्रह ज्योतिष सेवा संस्थान



पं. शिव कुमार शास्त्री
संयोजक
माँ वैष्णो सेवा ट्रस्ट
मझौव्वा, चन्दवतपुर, गोण्डा-271001
मो. 8795229000


## एक नजर

### जल निगम में भर्ती होंगे 155 इंजीनियर

**लखनऊ।** उप्र जल निगम (नगरीय) में जूनियर इंजीनियर संवर्ग में 155 इंजीनियरों की भर्ती होगी। रिक्त चल रहें 129 जूनियर इंजीनियर (सिविल) और 26 जूनियर इंजीनियर (विद्युत या यांत्रिकी) पदों पर नियुक्ति के लिए राज्य सरकार ने अनुमति दे दी है। नगर विकास विभाग में अनु सचिव अरविंद कुमार गिरी ने शनिवार को प्रबन्ध निदेशक जल निगम को निर्देश जारी किए हैं। इंजीनियरों की नियुक्ति के बाद कार्यो में गति प्राप्त होगी।

### इग्नू ने 15 फरवरी तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**चंडीगढ़।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने पहले दाखिला सत्र की तारीख 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डॉ धर्म पाल ने गुरुवार को बताया कि ऑनलाइन लर्निंग और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के लिये भारत की सबसे प्रसिद्ध एवं प्रख्यात (इग्नू) में दाखिले के लिये साल में दो बार फार्म भरे जाते है। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई में। कहा कि जनवरी सत्र के लिए दाखिले जारी है।

### हथियार तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हथियारों और गोला-बारूद की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। शनिवार को संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि देश के कुछ पूर्वोत्तर राज्यों में बड़े पैमाने पर अवैध हथियार और गोला-बारूद की तस्करी का गिरोह चलाने के संबंध में जानकारी मिलने के बाद मिजोरम के ममित इलाके के निवासी लालनगैहौमा को आइजोल से गिरफ्तार किया गया।

### 1896 से प्रकाशित पुस्तकों का किया डिजिटलीकरण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल शिक्षा विभाग ने 1896 से प्रकाशित विभिन्न विषयों की 1,250 से अधिक पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण किया है, ताकि इन्हें भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित किया जा सके। राज्य में एक पुस्तकालय कार्य कर रहा है जिसका उपयोग शोधकर्ताओं, छात्रों और शिक्षा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाता है।

### पांच घंटे के प्रयास में केजरीवाल को सौंपा नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों ने शनिवार को पांच घंटे के नाटकीय घटनाक्रम के बाद यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर उन्हें एक नोटिस तामील कराया और आप के सात विधायकों की भाजपा द्वारा खरीद-फरोख्त का प्रयास किए जाने के उनके आरोपों पर तीन दिनों के अंदर उनसे जवाब मांगा।

# आडवाणी को भारत रत्न सम्मान

## वाजपेयी-नानाजी देशमुख के बाद यह सम्मान पाने वाले तीसरे भाजपा नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे अपने लिए एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। इस घोषणा के बाद आडवाणी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया और कहा कि यह एक व्यक्ति के रूप में न केवल उनका, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों का भी सम्मान है जिनका पालन करने का उन्होंने प्रयास किया।

सरकार ने पिछले महीने समाजवादी दिग्गज और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च सम्मान के लिए नामित किया था। कई राजनीतिक विशेषज्ञ ठाकुर के 1988 में निधन के कई वर्षों बाद उन्हें यह सम्मान दिए जाने को आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के बीच अपनी जड़ें मजबूत करने की भाजपा की कोशिश के रूप में देख रहे हैं। वहीं, आडवाणी को यह पुरस्कार दिया जाना पार्टी की मूल विचारधारा को आकार देने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति सम्मान के तौर पर देखा जा रहा है।

आडवाणी को उसी वर्ष भारत रत्न दिया जाएगा, जब राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। आडवाणी ने राम मंदिर के मुद्दे को उठाने के लिए 1990 में 'राम रथ यात्रा' की थी। कई नेताओं ने आडवाणी को यह सम्मान दिए जाने पर खुशी जताई और देश के लिए उनके योगदान की सराहना की। गृह मंत्री अमित शाह ने आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे वरिष्ठ नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा से अत्यंत प्रसन्नता हुई।'

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने भी आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के केंद्र के फैसले की सराहना की और कहा कि भाजपा नेता ने राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



> मैं अत्यंत विनम्रता और कृतज्ञता के साथ 'भारत रत्न' स्वीकार करता हूं। यह न केवल एक व्यक्ति के रूप में मेरे लिए सम्मान की बात है, बल्कि उन आदर्शों और सिद्धांतों के लिए भी सम्मान है, जिनकी मैंने अपनी पूरी क्षमता से जीवन भर सेवा करने का प्रयास किया। **-लालकृष्ण आडवाणी,** वयोवृद्ध भाजपा नेता

### आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दीः मोदी



**संबलपुर (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी ने वंशवाद की राजनीति को चुनौती दी थी और भारत के लोकतंत्र को राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ा। प्रधानमंत्री ने ओडिशा के संबलपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा का सम्मान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आज भाजपा के हर एक कार्यकर्ता के लिए गर्व और गौरव का दिन है। आज देश ने हम सब के आदरणीय नेता लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न देने की घोषणा की है।"

### अद्वितीय प्रयासों को मिला सम्मान : योगी



**लखनऊ।** लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर्ष जताते हुए कहा कि आडवाणी के अद्वितीय प्रयासों को सम्मान मिला है। योगी ने एक्स पर कहा कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किए गए प्रयास सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने लाल कृष्ण आडवाणी को देश का सर्वोच्च पुरस्कार प्रदान किए जाने के निर्णय की प्रशंसा की।

# सिविल जज का सरकारी आवास में फंदे पर लटका मिला शव, हत्या की आशंका

## 29 अप्रैल 2023 को बदायूं में ग्रहण किया था कार्यभार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ज्योत्सना राय

- पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की जांच
- डायरी में मिला सुसाइड नोट, जिसमें किसी को नहीं बताया गया मौत के लिए जिम्मेदार
- अवसाद में ज्योत्सना राय के प्राणघातक कदम उठाने की चर्चा, मऊ की रहने वाली थीं

**अमृत विचार :** जज कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में सिविल जज ज्योत्सना राय का शव शनिवार सुबह पंखे से लटका मिला। कमरे में रखी एक डायरी से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें उन्होंने तनाव में रहने और किसी को अपनी मौत का जिम्मेदार नहीं बताया है। वहीं, शाम को बदायूं पहुंचे पिता अशोक कुमार राय ने बेटी की हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली सदर में तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जज ज्योत्सना राय मूलरूप से मऊ जिले की तहसील घोसी क्षेत्र के गांव तराई डीह की रहने वाली थीं। 29 वर्षीया ज्योत्सना अविवाहित थीं। 29 अप्रैल 2023 को उन्होंने बदायूं में कार्यभार ग्रहण किया था। 18 नवंबर 2023 से सिविल जज जूनियर डिवीजन के पद पर कार्यरत थीं। शनिवार की सुबह करीब 9.30 बजे उनका अर्दली कोर्ट ले जाने के लिए जज कॉलोनी स्थित उनके सरकारी आवास पहुंचा, दरवाजा खटखटाया किंतु भीतर से कोई आवाज नहीं आई तो उसने जज के मोबाइल पर कॉल की लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इस पर अर्दली ने कोर्ट के अन्य कर्मचारियों और पुलिस को सूचना दी। कुछ देर के बाद सदर कोतवाल बिजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे।

न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया तो जज का शव पंखे से लटका मिला। जनपद न्यायाधीश पंकज अग्रवाल, जिलाधिकारी मनोज कुमार, एसएसपी आलोक प्रियदर्शी, एसपी सिटी अमित कुमार श्रीवास्तव, सीओ सिटी आलोक मिश्रा मौके पर पहुंचे। महिला जज की साथी न्यायिक अधिकारी समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता, जज के आवास पहुंच गए। कमरे की वीडियोग्राफी कराई गई। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य संकलित किए। जज के कमरे में रखी डायरी से लाल पेन से लिखा एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें ज्योत्सना राय ने खुद के अवसाद में होने की बात लिखी है। कई अन्य बातों का जिक्र भी किया है। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन और सुसाइड नोट कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

> महिला जज समय से कोर्ट नहीं पहुंचीं तो उनके साथी न्यायिक अधिकारी ने फोन किया लेकिन फोन नहीं उठा। उनके कमरे का दरवाजा खोला गया तो पंखे पर जज का शव लटका मिला। कुछ दस्तावेज मिले हैं उसमें कुछ चीजें हैं, जो घटना पर प्रकाश डालती हैं, जांच की जा रही है। जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-आलोक प्रियदर्शी,** एसएसपी

# न्याय प्रणाली को और अधिक लचीला बनाने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी


- राष्ट्रमंडल अटॉर्नी-सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन में बोले पीएम



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को जांच और न्याय प्रदान करने के लिए देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत करते हुए कहा कि अपराधी विभिन्न क्षेत्रों में वित्त पोषण और संचालन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे के अधिकार क्षेत्र का सम्मान करते हुए सहयोग किया जा सकता है, क्योंकि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। उन्होंने कहा कि 'क्रिप्टोकरेंसी' और साइबर खतरों के बढ़ने से नई चुनौतियां पैदा हुई हैं और न्याय प्रणाली को अधिक लचीला और अनुकूल बनाने की आवश्यकता है।

यहां राष्ट्रमंडल विधि शिक्षा संघ (सीएलईए) - राष्ट्रमंडल अटॉर्नी और सॉलिसिटर जनरल सम्मेलन (सीएएसजीसी) में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश पहले से ही हवाई यातायात नियंत्रण और समुद्री यातायात के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ काम करते हैं। उन्होंने जांच और न्याय प्रदान करने में भी सहयोग की वकालत की। उन्होंने कहा कि जब हम एक साथ काम करते हैं, तो अधिकार क्षेत्र बिना देरी किए न्याय देने का एक उपकरण बन जाता है। मोदी ने कहा कि अपराध की प्रकृति और दायरे में आमूलचूल परिवर्तन देखा गया है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी एक देश में न्याय सुनिश्चित करने के लिए दूसरे देशों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता होती है। कहा कि 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना 20वीं सदी के दृष्टिकोण से नहीं किया जा सकता।

# पंजाब के राज्यपाल पुरोहित ने दिया इस्तीफा



**चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना इस्तीफा सौंप दिया। पुरोहित ने अपने त्याग पत्र में लिखा कि व्यक्तिगत कारणों और कुछ अन्य प्रतिबद्धताओं की वजह से मैं पंजाब के राज्यपाल और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक के पद से इस्तीफा दे रहा हूं। पुरोहित ने शुक्रवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। उनकी मुलाकात चंडीगढ़ महापौर चुनाव में भाजपा की जीत के कुछ दिनों बाद हुई थी। महापौर चुनाव में तीनों पदों पर भाजपा को जीत मिली है। इन चुनावों में कांग्रेस- आम आदमी पार्टी गठबंधन को झटका लगा और उसने पीठासीन अधिकारी पर मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाया है।

# योगी ने सपा को बताया राम और डॉ. आंबेडकर का विरोधी

## कन्नौज में बनेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज फिर होगा डॉ. आंबेडकर के नाम पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/कन्नौज

- चुनावी मूड में दिखे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सपा मुखिया अखिलेश पर किया कटाक्ष
- कन्नौज में 59 और संतकबीर नगर में 114 परियोजनाओं का किया शिलान्यास-लोकार्पण



कन्नौज में विकास योजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को तीन जिलों के दौरे में पूरी तरह चुनावी मूड में दिखे। कन्नौज में सपा को प्रभु राम और आंबेडकर विरोधी बताते हुए कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव की सरकार होती तो, राममंदिर कभी नहीं बन पाता। आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा। साथ ही यहां स्पोर्ट्स स्टेडियम बनेगा और बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को तीन जिलों के दौरे की शुरुआत कन्नौज से की। यहां में 352 करोड़ की 59 और संत कबीर नगर में 360 करोड़ की 114 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। साथ ही मगहर महोत्सव के समापन में शामिल हुए और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से 600 नवविवाहित जोडों की शादी में पहुंचकर आशीर्वाद दिया। जबकि गोरखपुर में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल और उपकरण बांटा।

मुख्यमंत्री ने कन्नौज में अशोक नगर स्थित केके इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा में कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है, वहीं आस्था का सम्मान भी करती है।

कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो, दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। यहां के इत्र व्यापारियों को भी भरोसा दिलाया कि सरकार उनके साथ है।

### डबल इंजन की सरकार के लिए व्रत है जनसेवा

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के लिए जनसेवा व्रत और संकल्प है। प्रदेश सरकार कन्नौज को बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ ही वर्ल्ड क्लास आईटीआई, स्किल डेवलपमेंट केंद्र भी प्रदान करेगी। कन्नौज के विकास में कोई भी रोड़ा नहीं अटका पाएगा। सरकार बिना भेदभाव और बिना तुष्टिकरण के योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री ने दिवंगत पूर्व विधायक बनवारी लाल के परिजनों से मुलाकात की।

# सीएपीएफ में भर्ती मामले में सीबीआई की छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- फर्जी अधिवास प्रमाणपत्र से भर्ती मामले में एजेंसी ने कार्रवाई
- कोलकाता और चौबीस परगना जिले में 8 स्थानों पर छानबीन

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) में भर्तियों में सीमावर्ती इलाकों के निवासियों के लिए उपलब्ध फायदे हासिल करने के लिए जाली अधिवास प्रमाणपत्रों के इस्तेमाल के आरोपों पर शनिवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता और 24 उत्तर परगना जिले में आठ स्थानों पर छापे मारे।

सीबीआई ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर पिछले साल अगस्त में इस मामले की जांच संभाली थी। ऐसे आरोप हैं कि सशस्त्र बलों और सीएपीएफ में फर्जी अधिवास प्रमाणपत्रों के जरिए कई अभ्यर्थियों की अवैध भर्ती की गई। इन प्रमाणपत्रों में उन्हें सीमावर्ती इलाकों का दिखाया गया और इस तरह उन्हें कम कट-ऑफ अंकों पर भी उत्तीर्ण कर दिया गया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कुछ पाकिस्तानी नागरिकों को भी इससे फायदा मिला। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को गिरोह के सदस्यों के परिसरों पर तलाशी ली गई जो जाली अधिवास प्रमाणपत्र बनाने में कथित तौर शामिल हैं।

## विश्व कैंसर दिवस पर विशेष

आज यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। जहां 20वीं शताब्दी में मनुष्य की मौतों का सबसे बड़ा कारण हृदय रोग था, 21वीं शताब्दी में कैंसर मनुष्यों की मौतों का सबसे बड़ा कारण बनेगा। विश्व कैंसर दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में लोगों को जागरूक करके कैंसर से होने वाली मौतों को कम करना है। इस दिवस की शुरुआत 4 फरवरी, 2000 को पेरिस में वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर फॉर न्यू मिलेनियम के दौरान हुई थी। समिट में संकल्प लिया गया था कि हम 21वीं शताब्दी में इस महामारी से लड़ने के लिए हर संभव कोशिश करेंगे।

# कैंसर से बचना है तो करें उपवास

जहां आधुनिक ऐलोपैथी में सर्जरी, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी व इम्यूनोथेरेपी कैंसर से लड़ने के लिए मुख्य तकनीक हैं। वहीं नईं तकनीकों का विकास करने में अलग तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं। इसको इंटीग्रेटिव मेडिसिन का नाम दिया गया है।



**डॉ. अर्जुन अग्रवाल**
वरिष्ठ कैंसर विशेषज्ञ
रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट, बरेली

इंटीग्रेटिव मेडिसिन में मौजूदा समय में उपवास यानी व्रत रखने पर बहुत जोर दिया जा रहा है। मनुष्य आदिकाल से ही उपवास करता आया है, चाहे वह भोजन की कमी के कारण, धार्मिक कारणों से या आजकल वजन कम करने जैसे उद्देश्यों के लिए। व्रत रखने से कैंसर से बचाव पर कई क्लीनिकल ट्राइल्स चल रहे थे, परंतु जापानी विशेषज्ञ डॉक्टर योशीबोरी ओसूमी ने एक ऐसी रिसर्च की, जिसमें उन्हें वर्ष 2016 का नोबेल पुरस्कार मिला। उनकी रिसर्च में यह पाया गया कि 12 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के सेल मरने लगे और इसका नार्मल सेल पर फर्क नहीं पड़ा। इससे यह पता लगता है कि कैंसर के सेल को ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है। व्रत रखने से नार्मल सेल को इतना फर्क नहीं पड़ता, लेकिन कैंसर के सेल को अपने मेटाबालिज्म के लिए ज्यादा ग्लूकोज की जरूरत होती है, इसलिए वह ग्लूकोज की कमी में मर जाते हैं। इस रिसर्च के बाद व्रत और कैंसर के रिश्ते को खोजने के लिए चूहों और मनुष्यों में क्लीनिकल ट्रायल्स शुरू हुए। वर्ष 2016 में चूहो पर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि व्रत रखने से बोनमैरो स्टीमूलेट होती है, और ट्यूमर इनफ्लिट्रिंग लिम्फोसाइट्स बनते है, जो कि कैंसर के पास जाकर उसको मारते है।



### शोध में मिला कुछ खास

- 2016 में ही यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ कैलिफोर्निया की एक रिसर्च में पाया कि जो लोग कीमोथेरेपी ले रहे हैं, अगर वह व्रत रखते हैं, तो कीमोथेरेपी का असर और अच्छा आता है।
- यूनिवर्सिटी ऑफ सेन फ्रांसिंस की रिसर्च में यह पाया कि व्रत रखने से इम्यून सिस्टम एक्टीवेट होता है, जिससे कैंसर के प्री-मैलीगेन्ट सेल मर जाते है।
- वैज्ञानिक मैरीअर्क के शोध के अनुसार जो महिलाएं स्तन कैंसर से पीड़ित हैं अगर वे 13 घंटे से ज्यादा व्रत रखती हैं, तो कैंसर की आशंका 36 प्रतिशत से कम हो जाती है।
- कुछ लोगों को ये आशंका भी हुई कि कैंसर के मरीजों का वैसे ही वजन कम होता है, तो क्या व्रत रखने से ऐसा तो नहीं होगा कि वो कैंसर के इलाज लेने में अक्षम हो जाएगा। वैज्ञानिकों ने शोध किया और इसको निराधार बताया।
- अब इतनी चर्चा का हम क्या निष्कर्ष निकालें? निष्कर्ष ये है कि व्रत रखना शरीर के लिए फायदेमंद है। इससे मोटापा, डायबिटीज, बीपी के बचाव के साथ कैंसर से बचने में भी मदद मिलती है। एक हफ्ते में दो बार 16 घंटे से ज्यादा व्रत रखने से कैंसर के प्रारंभिक सेल मर जाते हैं। आने वाले वर्षों में इसका परिणाम अलग तरह के कैंसर में नजर आएगा।

# रामकुमार-बालाजी ने पाकिस्तान पर दिलाई 2-0 से बढ़त

## डेविस कप में भारत की जीत के साथ शुरुआत, युकी भांबरी और साकेत के मैच आज

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



भारत ने रामकुमार रामनाथन और एन श्रीराम बालाजी के मैचों में जीत दर्ज कर शनिवार को डेविस कप विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त बना ली। ऐसाम उल हक ने एकल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन तीसरे सेट में मांसपेशियों में खिंचाव के कारण पिछड़ गए। रामकुमार ने ऐसाम से पहला सेट गंवा दिया था लेकिन वापसी करते हुए 6-7(3), 7-6(4), 6-0 से जीत हासिल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

बारिश से प्रभावित दूसरे एकल में बालाजी को अकील खान ने चुनौती दी लेकिन वह पाकिस्तान के अनुभवी खिलाड़ी को 7-5, 6-3 से पराजित करने में सफल रहे। बालाजी ने दोनों सेट में एक-एक बार अकील की सर्विस तोड़ी। उनकी मजबूत सर्विस, ड्रॉप शॉट्स का बखूबी इस्तेमाल और मूवमेंट अंत में उन्हें आसान जीत दिलाने में सफल रहे।

भारत अब विश्व ग्रुप एक में जगह बनाने से एक जीत दूर है। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी अब रविवार को मुकाबला जीतने की कोशिश करेंगे। तीसरे मैच में उनका सामना मुजम्मिल मुर्तजा और बरकत उल्लाह की जोड़ी से होगा।

### राम और क्राजिसेक ने अमेरिका को दिलाई अजेय बढ़त

**विनियस (लिथुआनिया)।** राजीव राम और ऑस्टिन क्राजिसेक ने यूक्रेन के खिलाफ युगल मैच जीतकर बेस्ट ऑफ फाइव क्वालीफाइंग में 3–0 की अजेय बढ़त के साथ डेविस कप फाइनल्स ग्रुप राउंड में अमेरिका का स्थान सुरक्षित किया। राम और क्राजिसेक ने शुक्रवार को इलिया बेलोबोरोडको और ओलेक्सी क्रुतिख की जोड़ी को 6–3, 4–6, 6–3 से हराया। इससे पहले सेबेस्टियन कोर्डा और क्रिस यूबैंक्स ने एकल वर्ग के मैच में जीत के साथ अमेरिका को शुरुआत दिलाई थी। कोर्ड ने क्रुतिख को 6–3, 6–7, 6–4 से, जबकि यूबैंक्स ने व्याचेस्लाव बिलिंस्की को 6–3, 6–2 से हराया था। फ्रिट्ज ने शुक्रवार को वापसी करते हुए ओर्लोव व्लादिस्लाव को 6–3, 6–4 से हराकर अमेरिका की बढ़त को 4–0 कर दिया। नोवाक जोकोविच के बिना खेल रही मेजबान सर्बिया की टीम स्लोवाकिया से 0–2 से पिछड़ रही है। एलेक्स मोल्कन ने दुसान लाजोविच से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। दूसरे मैच में लुकास क्लेन ने मायोमीर केकमानोविच को हराया।

# साई सुदर्शन के शतक से भारत ए ने खड़ा किया रनों का पहाड़

**अहमदाबाद, एजेंसी**



साई सुदर्शन के शानदार शतक से भारत ए शनिवार को तीसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड लायंस के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंच गया।

**इंग्लैंड लायंस ने दूसरी पारी में 2 विकेट खोकर बनाए 83 रन**

सुदर्शन ने 240 गेंद में 117 रन की पारी खेली, जिससे भारत ए ने अपनी दूसरी पारी में 409 रन बनाकर कुल 402 रन की विशाल बढ़त हासिल की। जीत के लिए 403 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड लायंस ने स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट गंवाकर 83 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड को मैच जीतकर शृंखला बराबर करने के लिए अंतिम दिन 320 रन और बनाने होंगे। मेजबान टीम अभी शृंखला में 1-0 से बढ़त बनाए हुए है। भारत ए ने सुबह तीन विकेट पर 148 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। सुदर्शन ने 54 रन की पारी को शतक में बदला। रिंकू सिंह ने 25 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 38 रन बनाए। रिंकू और सुदर्शन ने चौथे विकेट के लिए 55 रन की भागीदारी निभाई। सुदर्शन ने फिर कुमार कुशाग्र के साथ पांचवें विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी की।

### पिछले टेस्ट मैच में महज 3 रन से शतक लगाने से चूके गए थे सुदर्शन

तमिलनाडु के 22 साल के खिलाड़ी सुदर्शन ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पिछले टेस्ट में 97 रन बनाए थे लेकिन इस मैच में वह अर्धशतक को शतक में तब्दील करने से नहीं चूके, उन्होंने पारी में 16 चौके जड़े थे। वहीं उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन पांच पारियों में महज एक अर्धशतक जड़ सके हैं। सारांश जैन (63) और आकाश दीप (31) ने आठवें विकेट के लिए 60 रन जोड़कर भारत ए को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। जैन ने फिर गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए फॉर्म में चल रहे कीटन जेनिंग्स (27) और ओलिवर प्राइस (11) के विकेट झटक लिए।

# यशस्वी जायसवाल ने बल्ले, बुमराह ने गेंद से इंग्लैंड पर बरसाया कहर

## पहली पारी में भारत ने बनाए 396 रन, जवाब में 253 पर सिमटी इंग्लैंड की पूरी टीम

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक के बाद जसप्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शनिवार को अपनी पकड़ मजबूत कर ली। बुमराह ने 45 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे इंग्लैंड की पहली पारी 55.5 ओवर में 253 रन पर सिमट गई। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में 5 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाकर कुल 171 रन की बढ़त हासिल कर ली। कप्तान रोहित शर्मा 13 और यशस्वी जायसवाल 15 रन बनाकर क्रीज पर हैं।

भारत ने पहली पारी में 396 रन बनाए थे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के जैक क्राउली ने आक्रामक शुरुआती की। वह 78 गेंद में 76 रन बनाकर बुमराह का शिकार बने। इस मैच में बुमराह ने कॅरिअर में 10वीं बार पांच विकेट झटकने के साथ टेस्ट में 150 विकेट का आंकड़ा छुआ। वह वकार यूनुस के बाद इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज एशियाई गेंदबाज है। जो रूट (पांच),

**209** रन बनाए यशस्वी जायसवाल ने पहली पारी में

**6** विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह ने तोड़ी इंग्लैंड की कमर

ओली पोप (23), जॉनी बेयरस्टो (25) और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (47) को बुमराह ने अपनी चतुराई से चकमा देकर आउट किया। बुमराह को कुलदीप यादव का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 3 विकेट लिए। कुलदीप ने बेन डकेट को आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई।

हालांकि मुकेश कुमार के खिलाफ इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आसानी से रन बनाए। भारतीय टीम तीसरे दिन ऐसे स्कोर तक पहुंचना चाहेगी जिसे हासिल करना इंग्लैंड के लिए काफी मुश्किल हो। पिच से अब असामान्य उछाल मिल रहा है और ऐसे स्थिति में बैजबॉल क्रिकेट खेलने वाली इंग्लैंड के लिए 400 रन से अधिक का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा।



### दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बने यशस्वी



यशस्वी जायसवाल शनिवार को दोहरा शतक जड़ने वाले तीसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। 22 साल के जायसवाल ने 290 गेंद पर 209 रन बनाए। इससे पहले विनोद कांबली ने 1993 में 22 साल से कम उम्र में इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक जड़ा था। कांबली से पहले सुनील गावस्कर ने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह कारनामा किया था।

### मुश्किलों भरा रहा कामयाबी का सफर

उत्तर प्रदेश के भदोही के रहने वाले निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले यशस्वी जायसवाल की जिंदगी मुश्किलों से भरी रही है। वह 11 साल की उम्र में आजाद मैदान में प्रशिक्षण लेने के लिए भदोही से मुंबई पहुंचे थे। वहां गुजारा चलाने के लिए छोटे-मोटे काम किए। यहां तक की सड़क किनारे पानी पूरी भी बेची। प्रशिक्षण के शुरुआती सालों में आजाद मैदान के कर्मियों के साथ तंबू में रहे। यशस्वी 2020 में अंडर-19 विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बनने के बाद सुर्खियों में आए। उसी साल राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल की नीलामी में उन्हें टीम से जोड़ा।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड 253/10 (55.5 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जैक क्राउली का अय्यर बो अक्षर | 76 | 78 | 11/2 |
| बेन डकेट का पाटीदार बो कुलदीप | 21 | 17 | 4/0 |
| ऑली पोप बो बुमराह | 23 | 55 | 2/0 |
| जो रूट का गिल बो बुमराह | 5 | 10 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो का गिल बो बुमराह | 25 | 39 | 4/0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 47 | 54 | 5/1 |
| बेन फोक्स बो कुलदीप | 6 | 10 | 1/0 |
| रेहान अहमद का गिल बो कुलदीप | 6 | 15 | 1/0 |
| टॉम हार्टले का गिल बो बुमराह | 21 | 24 | 2/1 |
| जेम्स एंडरसन पगबाधा बुमराह | 6 | 19 | 1/0 |
| शोएब बशीर नाबाद | 8 | 15 | 1/0 |

**अतिरिक्त:** 9, कुल: 55 .5 ओवर में ऑल आउट : 253 रन, **विकेट पतन:** 1–59, 2–114, 3–123, 4–136, 5–159, 6–172, 7–182 , 8–229, 9–234, **गेंदबाजी:** बुमराह 15 .5–5–45–6, मुकेश 7–1–44–0, कुलदीप 17–1–71–3, अश्विन 12–0–61–0, अक्षर 4–0–24–1

**भारत 396/10 (112 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी का बेयरस्टो बो एंडरसन | 209 | 290 | 19/7 |
| रोहित शर्मा का पोप बो बशीर | 14 | 41 | 0/0 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो एंडरसन | 34 | 46 | 5/0 |
| श्रेयस अय्यर का फोक्स बो हार्टले | 27 | 59 | 3/0 |
| रजत पाटीदार बो रेहान | 32 | 72 | 3/0 |
| अक्षर पटेल का रेहान बो बशीर | 27 | 51 | 4/0 |
| श्रीकर भरत का बशीर बो रेहान | 17 | 23 | 2/1 |
| अश्विन का फोक्स बो एंडरसन | 20 | 37 | 4/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 8 | 42 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का रूट बो रेहान | 6 | 9 | 1/0 |
| मुकेश कुमार का रूट बो बशीर | 0 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 02, कुल :112 ओवर में ऑल आउट : 209 रन, **विकेट पतन:** 1–40, 2–89, 3–179, 4–249, 5–301, 6–330, 7–364, 8–383, 9–395, **गेंदबाजी:** एंडरसन 25–4–47–3, रूट 14–0–71–0, हार्टले 18–2–74–1, बशीर 38–1–138–3, रेहान 17–2–65–3

## खेल डायरी

### मेस्सी-बार्सिलोना के बीच करार का नैपकिन होगा नीलाम

**लंदन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी का स्पेन की क्लब बार्सिलोना के साथ रिकॉर्ड तोड़ कॅरिअर एक नैपकिन पर लिखे अनुबंध के साथ शुरू हुआ था। यह नैपकिन 300,000 पाउंड (लगभग 3 .15 करोड़ रुपये) की शुरुआती कीमत के साथ नीलामी के लिए तैयार है। ब्रिटेन की नीलामी करने वाली कंपनी बोनहम्स 18 से 27 मार्च तक इसके लिए ऑनलाइन बोली का आयोजन करेगी। बोनहम्स ने इसके लिए मेस्सी के गृह देश अर्जेंटीना के उनके एक प्रतिनिधि होरासियो गैगियोली से करार किया है। 14 दिसंबर 2000 की तारीख वाले इस नैपकिन पर गैगियोली, एक अन्य प्रतिनिधि जोसेप मारिया मिंगुएला और बार्सिलोना के तत्कालीन खेल निदेशक कार्ल्स रेक्साच के हस्ताक्षर हैं। इसमें सैद्धांतिक रूप से मेस्सी के साथ करार करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसका उद्देश्य उनके पिता जॉर्ज मेस्सी को आश्वस्त करना था कि यह सौदा पूरा होगा। इसके तुरंत बाद क्लब के साथ विस्तृत अनुबंध हुआ था।

### अस्मिता थाईलैंड मास्टर्स के सेमीफाइनल में हारी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा का शनिवार को थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट का सफर महिला एकल सेमीफाइनल में स्थानीय खिलाड़ी सुपानिडा काटेथोंग से सीधे गेम में हारकर समाप्त हो गया। गुवाहाटी की 24 साल की प्रतिभाशाली खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज सुपानिडा ने 35 मिनट तक चले मुकाबले के सीधे गेमों में 21–13, 21–12 से हराया। बाएं हाथ की दो खिलाड़ियों का मुकाबला शुरुआत से एकतरफा रहा। सुपानिडा ने पहले गेम में 8–3 की बड़ी बढ़त बनाने के बाद भारतीय खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया। दूसरे गेम में अस्मिता ने सुपानिडा को शुरुआत में टक्कर दी, जिससे स्कोर 6–7 था। वह इसके बाद लय जारी नहीं रख सकी। थाईलैंड की खिलाड़ी ने अगले 10 में से नौ अंक अपने नाम कर अस्मिता को मुकाबले से बाहर कर दिया।

### पीसीबी के कारण बोर्ड से जुड़ना नहीं चाहते कोच

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में अनिश्चितता और उसकी अदूरदर्शिता के कारण विदेशी और स्थानीय कोच भी देश के क्रिकेट बोर्ड के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। मिस्बाह ने 2019 और 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता के रूप में भी काम किया है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो शृंखलाओं के आधार पर या बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण बर्खास्त कर दिया गया था। सिंध प्रांत में एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा कि अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं।

### नेपाल की टीमों की ट्रेनिंग में मदद करेगा बीसीसीआई

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई करीब एक दशक से अफगानिस्तान क्रिकेट की मदद करता रहा है और अब दक्षिण एशियाई क्षेत्र में मजबूत क्रिकेट माहौल बनाए रखने के उद्देश्य से नेपाल के खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचे और ट्रेनिंग संबंधित सहायता देने के लिए तैयार है। संभावना है कि नेपाल की सीनियर राष्ट्रीय टीम जून में होने वाले टी–20 विश्व कप में खेलने के लिए अमेरिका रवाना होने से पहले दिल्ली में ट्रेनिंग कर सकती है और कुछ अभ्यास मैच भी खेल सकती है। नेपाल क्रिकेट संघ (सीएएन) के अध्यक्ष चतुर बहादुर ने शुक्रवार को महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) बैठक के दौरान बीसीसीआई सचिव जय शाह से मुलाकात की। इस बैठक में उन्होंने अपने देश के उभरते क्रिकेटरों को गेम टाइम और बुनियादी ढांचे के लिए मदद मुहैया कराने का अनुरोध किया। सीएएन के एक सूत्र ने बताया कि बीसीसीआई सचिव ने उनसे एक आधिकारिक प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने को कहा कि वे बीसीसीआई से किस तरह की मदद की उम्मीद करते हैं। शाह नेपाल में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए काफी समर्थक रहे हैं। नेपाल में क्रिकेट के प्रति काफी ज्यादा जुनून है और जब भी राष्ट्रीय टीम एक मैच खेलती है तो स्टेडियम खचाखच भरे होते हैं।

# टर्निंग पिचों की जगह अच्छे विकेट पर खेलना चाहिए : सौरभ गांगुली

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को जसप्रीत बुमराह के स्पैल को देखकर टर्न लेती पिचों के बजाय अच्छी पिचें तैयार करने की वकालत की। बुमराह ने यार्कर गेंद पर ओली पोप को आउट किया था। गांगुली ने एक्स पर लिखा कि जब वह बुमराह, शमी, सिराज और मुकेश को गेंदबाजी करते देखते हैं तो हैरानी होती है कि भारत में टर्निंग पिच तैयार करने की क्या जरूरत है। प्रत्येक मैच के साथ उनका अच्छे विकेट पर खेलने को लेकर विश्वास मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने लिखा कि उन्हें अश्विन, जडेजा, कुलदीप और अक्षर के सहयोग से किसी भी पिच पर 20 विकेट मिल जाएंगे। बीसीसीआई के पूर्व प्रमुख ने पिछले साल के शुरू में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की घरेलू शृंखला में भी यही विचार व्यक्त किए थे। खासकर इंदौर की पिच को आईसीसी से खराब रेटिंग मिलने के बाद।

# असम के खिलाफ आर्यन और करन ने ठोका दोहरा शतक

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

अमृत विचार : ग्रीनपार्क स्टेडियम में यूपी और असम के बीच रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को यूपी टीम ने आर्यन जुयाल और करन शर्मा के दोहरे शतकों की बदौलत 8 विकेट पर 548 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। जवाब में असम ने भी सधी हुई शुरुआत करते हुए खेल समाप्त होने तक 39 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन बना लिए।

**548 रनों के जवाब में असम ने बिना नुकसान के बनाए 116 रन**



आर्यन जुयाल और करन शर्मा।

दूसरे दिन यूपी ने 319 रनों से आगे खेलना शुरू किया। आर्यन जुयाल 278 गेंदों पर 21 चौके व एक छक्के की मदद से 201 रन बनाकर आउट हुए। आर्यन और करन शर्मा के बीच 444 गेंदों में 298 रनों की साझेदारी हुई। चौथा विकेट कप्तान नितीश राणा का गिरा। उन्होंने राहुल सिंह की गेंद पर परवेज खान को कैच दे दिया। इस समय यूपी का स्कोर 420 रन था।

लंच तक यूपी ने 4 विकेट के नुकसान पर 113 ओवर में 474 रन बना लिए थे। पांचवां विकेट अकाशदीप का गिरा। उन्होंने 53 रन बनाए। इसके बाद एम दत्ता की गेंद पर समीर रिजवी अभिषेक को कैच देकर चलते बने। इस समय यूपी का स्कोर छह विकेट पर 537 रन रहा। सातवां विकेट करन शर्मा का गिरा। करन ने 208 रनों का योगदान दिया। उन्होंने 300 गेंदों पर 21 चौके व दो छक्के लगाए। 128.3 ओवर में एम दत्ता की गेंद पर शिवम शर्मा के तीन रन बनाकर आउट होते ही यूपी ने पारी घोषित कर दी। जवाब में असम की भी शुरुआत अच्छी रही। परवेज मुशर्रफ (53), राहुल हजारिका (51) रन पर खेल रहे हैं। असम के गेंदबाज एम दत्ता ने चार, राहुल सिंह ने तीन, मुख्तार हुसैन ने एक विकेट लिया।

## बॉलीवुड हलचल

# मार्च में रिलीज होगी करीना, तब्बू और कृति की द क्रू



अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की फिल्म द क्रू 29 मार्च में रिलीज होगी। फिल्म में करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन लीड रोल में हैं। मेकर्स ने रिलीज डेट का अनाउंसमेंट वीडियो जारी कर दिया है। इसमें करीना, तब्बू और कृति एयर होस्टेस की पोशाक में दिख रही हैं। तीनों एयरपोर्ट की एक गैलरी में चलते हुए दिख रही हैं। वीडियो के बैकग्राउंड में आवाज आती है, देवियों और सज्जनों, मैं आपका कैप्टन बोल रहा हूं। आज की फ्लाइट में आपका स्वागत है। हमारा क्रू आपका बहुत ख्याल रखेगा, लेकिन आपसे एक अनुरोध है कि अपनी चोली कसकर पकड़ लें ताकि दिल बाहर ना गिर जाए। वीडियो के आखिरी में द क्रू की रिलीज डेट 29 मार्च बताई गई है। करीना कपूर खान ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अपनी कमर कस लें, अपना पॉपकॉर्न तैयार करें, और परोसने के लिए तैयार हो जाएं। द क्रू मार्च में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करीना ने कैप्शन में रिया कपूर, कपिल शर्मा और एकता कपूर को भी टैग किया और बताया कि फिल्म में इनकी स्पेशल अपीयरेंस होगी।

### फराह खान ने शोएब इब्राहिम के एक्ट की तारीफ की

कोरियोग्राफर फराह खान ने शोएब इब्राहिम की तारीफ करते हुए कहा कि आपके परफॉर्मेंस से लगता है जैसे मुझे ओम शांति ओम पार्ट 2 की कहानी मिल गई है। इस वीकेंड, सोनी पर रियलिटी शो झलक दिखला जा में जूही चावला के कुछ सबसे प्रतिष्ठित गीतों पर प्रतियोगियों द्वारा मंत्रमुग्ध कर देने वाली डांस परफॉर्मेंस दी जाएगी।

# भूल भुलैया 3 से सारा और कियारा का कटा पत्ता, शरवरी की एंट्री



साल 2022 में रिलीज हुई कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 को लोगों ने काफी ज्यादा पसंद किया था। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी नजर आई थीं। इसके बाद मेकर्स ने इसके तीसरे भाग को बनाने का फैसला किया। फिल्म भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन का नाम शुरुआत से फाइनल कर दिया गया था लेकिन अभिनेत्री को लेकर लगातार अलग-अलग खबरें आ रही हैं। पहले कहा गया कि फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ कियारा आडवाणी की जगह सारा अली खान नजर आएंगी। अब ताजा रिपोर्ट है कि फिल्म में शरवरी वाघ की एंट्री हो गई है। दरअसल कार्तिक आर्यन और शरवरी वाघ को टी-सीरीज के ऑफिस के बाहर देखा गया था। इसके बाद से खबरें आने लगीं कि भूल भुलैया 3 में कियारा आडवाणी और सारा अली खान नहीं बल्कि शरवरी वाघ नजर आएंगी। हालांकि निर्माता की तरफ से अब तक कोई बयान नहीं आया है।

शरवरी वाघ ने 2015 में फिल्म प्यार का पंचनामा में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर कॅरिअर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कुछ फिल्मों में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम किया। शरवरी वाघ ने साल 2021 में फिल्म बंटी और बबली 2 से अपने एक्टिंग कॅरिअर की शुरुआत की। वहीं कार्तिक आर्यन भूल भुलैया 3 के अलावा चंदू चैंपियन, आशिकी 3 और कैप्टन इंडिया जैसी फिल्में कर रहे हैं। कार्तिक आर्यन पिछले साल जून में रिलीज हुई फिल्म सत्यप्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के साथ नजर आए थे।

# कार्तिक आर्यन आंखों में सितारे लेकर मुंबई आने वाले लोगों के सच्चे प्रतिनिधि : मनोज बाजपेयी



अभिनेता मनोज बाजपेयी ने फिल्म सत्यप्रेम की कथा में सत्तू के किरदार के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक) का अवॉर्ड मिलने पर कार्तिक आर्यन की तारीफ की। वहीं जब मनोज बाजपेयी को अवॉर्ड मिला तो उन्होंने यह अवॉर्ड खासतौर से कार्तिक आर्यन को समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कार्तिक को मंच पर बुलाया और उन्हें इंडस्ट्री में आउटसाइडर लोगों का सच्चा प्रतिनिधि बताया और अपना अवॉर्ड भी उन्हें समर्पित किया। मनोज बाजपेयी ने कहा कि कार्तिक अपनी आंखों में सितारे लेकर बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं और इसे सरासर लचीलापन, बुद्धिमत्ता और पूर्ण समर्पण के साथ बनाते हैं। इसलिए निर्देशक द्वारा धन्यवाद देने से पहले, वह उनका और उन जैसे सभी अभिनेताओं को धन्यवाद देता हैं, जो इतना साहस जुटा रहे हैं। जो इस बड़ी सिटी मुंबई आए हैं और दरवाजा खुलने तक हर समय जोर-जोर से दरवाजा खटखटाते रहते हैं, जब तक वह खुल न जाए।

### अक्षय कुमार के गाने शंभू का टीजर रिलीज




अभिनेता अक्षय कुमार के नए गाने शंभू का टीजर रिलीज हो गया है। अक्षय कुमार फिलहाल 2 और क्या लोगे तुम के बाद एक बार फिर म्यूजिक वीडियो लेकर आ रहे हैं। अक्षय कुमार ने सोशल मीडिया पर अपने अपकमिंग म्यूजिक वीडियो शंभू का टीजर जारी किया है। टीजर में अक्षय कुमार महादेव के किरदार में तांडव करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने गाने की रिलीज डेट 5 फरवरी बताई है। अक्षय कुमार ने जय महाकाल लिखकर पोस्ट शेयर की है। इसमें अक्षय कुमार ने अभिनय के साथ पार्श्वगायन भी किया है। अक्षय कुमार के को-सिंगर सुधीर यदुवंशी और विक्रम मोंट्रोस हैं। इस म्यूजिक वीडियो को गणेश आचार्य ने निर्देशित किया है। इसके बोल अभिनव शेखर ने लिखे है, जबकि संगीत विक्रम मोंट्रोस ने दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### सीओ अयोध्या रिलीव, आशुतोष और आशीष को मिली सर्किल

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हुए तबादलों का अनुपालन तेज हो गया है। एसएसपी अयोध्या राज करन नैयर ने अयोध्या के क्षेत्राधिकारी पद पर तैनात रहे डिप्टी एसपी शैलेंद्र कुमार गुप्ता को अपनी नई तैनाती के लिए रिलीव कर दिया है। वहीं डिप्टी एसपी आशुतोष मिश्रा और आशीष निगम को सर्किल का चार्ज सौंपा है। एसपी के जनसंपर्क अधिकारी आशीष राय ने बताया कि आशुतोष मिश्रा को सीओ अयोध्या, आशीष निगम की सीओ रुदौली तथा सत्येंद्र भूषण तिवारी को सीओ प्रोटोकॉल एवम वीआइपी की जिम्मेदारी सौंपी है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है, जिसमें पारिवारिक मामलों को अधिकाधिक निस्तारण सुनिश्चित किये जाने के प्रयोजन से तथा पक्षकारों के मध्य सुलह वार्ता संपन्न कराने हेतु निम्नलिखित तिथियों पर परिवार न्यायालय प्रांगण में अपरान्ह 3 बजे प्रीट्रायल बैठक आयोजित की जानी है।

### आगजनी की रिपोर्ट दर्ज

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर पारा बाजार में प्रयागराज हाईवे के किनारे स्थित कपड़े की दुकान एवं गोदाम में आग के मामले में पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध आगजनी करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के मरूई सहाय सिंह गांव के रहने वाले पीड़ित दुकानदार पंकज कुमार द्वारा तहरीर दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर एक आरोपी के विरुद्ध आगजनी करने की धारा में रिपोर्ट दर्ज करके अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राम मंदिर : शिखर समेत सप्त मंडप का शुरू होगा निर्माण

## मंदिर निर्माण समिति की बैठक में कार्य शुरू करने पर हुआ मंथन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मंदिर के गर्भगृह में रामलला के प्रतिष्ठित होने के बाद अब निर्माणाधीन मंदिर के शेष कार्यों को पूरा करने के लक्ष्य पर मंथन शुरू हो गया है। इसी को लेकर मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के पहले दिन शनिवार को मंदिर के शिखर समेत सप्त मंडप के निर्माण पर विस्तार से चर्चा हुई। निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं को रामलला के दर्शन में परेशानी न हो, इस पर भी विचार-विमर्श हुआ। बैठक के बाद मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने जन्मभूमि पथ का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई पहले दिन की बैठक में निर्माण कार्यों के बीच दर्शन को निर्बाध रूप से चलता रहे, इसकी कार्ययोजना तय की गई है। उन्होंने बताया कि राममंदिर के परकोटे का निर्माण भी जल्द शुरू हो जाएगा। मंदिर में 795 मीटर लंबे परकोटे का निर्माण कार्य चल रहा है। परिसर में ही सप्त मंडप भी बनाए जाने हैं, जिसमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषाद राज, माता शबरी व माता अहिल्या के मंदिर बनाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में सप्त मंडप के साथ शिखर के निर्माण को शुरू करने पर चर्चा हुई। बैठक में श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव, राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा समेत कार्यदायी संस्था के इंजीनियर मौजूद रहे।




राम मंदिर के रुके निर्माण कार्य शुरू करने के लिए लगाए गए टावर क्रेन।



बैठक के बाद जन्मभूमि पथ का निरीक्षण करते मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र।

### यात्री सुविधा केंद्र के शेष कार्यों को रामनवमी तक पूरा करने का लक्ष्य

ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि बैठक में निर्माण कार्यों के साथ-साथ परिसर में साफ-सफाई समेत अन्य सुविधाओं को व्यवस्थित करने को लेकर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिसर की सभी सड़कों का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा उपकरण लगाने के काम, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र का शेष काम रामनवमी से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही परिसर की साफ-सफाई के लिए एक कंपनी को ठेका दिया गया है। कंपनी के 50 कर्मचारी रोजाना सफाई कार्य करते हैं।

### दिसंबर तक पूर्ण हो जाएगा राम मंदिर : नृपेंद्र मिश्र

निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के बाद अब फिर से मंदिर में निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। मुख्य रूप से परकोटा का कार्य है, जो 795 मीटर के परिक्रमा की दीवार है उस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर के लोअर प्लिंथ पर आइकोनोग्राफी का कार्य भी होगा। उन्होंने बताया कि राम मंदिर जल्द पूरा करने को लेकर मंथन किया जा रहा है। जल्दी ही कार्य को प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि दिसंबर 2025 तक मंदिर पूरी तरह तैयार हो जाये।

### मंदिर के पास लगाया गया टावर क्रेन, पत्थर भी आने शुरू

मंदिर निर्माण के लिए एक बार फिर दो टावर क्रेन को तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा निर्माण के लिए राजस्थान से पत्थरों के आने का क्रम भी शुरू हो गया है। टावर लगने और पत्थरों के आने के बाद अब जल्द ही वर्कर कार्य प्रारंभ करेंगे।

### दर्शनार्थी अफवाहों पर न दें ध्यान : एसएसपी

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामनगरी में आने वाले दर्शनार्थियों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुगमता के साथ दर्शन-पूजन करने के लिए जिले की पुलिस कटिबद्ध है। इसी को लेकर जगह-जगह पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ नाके लगाए गए हैं। एसएसपी राजकरन नय्यर ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। सुरक्षा के लिए जगह-जगह नाके लगाए गए हैं। किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। जिले के सभी अंतरजनपदीय बार्डर, बैरियर, चेक प्वाइंट पर पुलिस बल की ड्यूटी लगाकर संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। सभी महत्वपूर्ण स्थानों होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन पर भी चेकिंग जारी है।

# सड़क के किनारे गड्ढे में मिला युवक का शव

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** इनायत नगर थाने के हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मलेथू बुजुर्ग में स्थित प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर के पास रोड के किनारे गड्ढे में एक युवक की लाश मिली है। मृतक युवक की पहचान ग्राम मलेथू बुजुर्ग मजरे पूरे जंगल निवासी प्रमोद यादव पुत्र रामकिशोर यादव उम्र लगभग 45 वर्ष के रूप में हुई है।

बताया गया कि मलेथू बुजुर्ग मजरे पूरे जंगल निवासी प्रमोद यादव मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। यह भी बताया गया कि गांव में ही चिरंगीबीर स्थान पर स्थित एक किराना की दुकान में व कुछ अन्य जगहों पर पल्लेदारी का कार्य करता था। प्रमोद का शव शनिवार की सुबह लोगों ने चिरंगी वीर के पास ही जगदीशपुर प्राइमरी विद्यालय के सामने सड़क के किनारे खन्ती में पड़ा देखा। उसके चेहरे और सर पर चोट के निशान थे। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी रजनीश पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। उन्होंने बताया कि लेकर पोस्टमार्टम की विधिक कार्यवाही की रही है। मृतक के दो बेटे तथा दो बेटियां व पत्नी है।

### चेहरे व सिर में चोट के निशान

# बिट्टा ने की काशी-मथुरा के उद्धार और मोदी के दीघार्यु की कामना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष एमएस बिट्टा ने कहा कि अब तक रामलला से जो भी मांगा, वह पूरा हुआ। उन्होंने रामलला और हनुमान जी से कामना की है कि राम मंदिर की तरह जल्द ही काशी और मथुरा का उद्धार हो तथा प्रधानमंत्री मोदी को लंबी उम्र मिले जिससे वह राष्ट्र और धर्म तथा जवान और किसान की सेवा कर सकें।

वह शनिवार को शहर के एक होटल में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन काल में जब रामसेतु को तोड़ने की कोशिश हुई थी तो वह अपनी जान देने के लिए अड़ गए थे। राम मंदिर मामले में भी कुबार्नी देने की बात कही थी। उन्होंने मोदी के साथ योगी की तारीफ की।



एक होटल में पत्रकारों से वार्ता करते बिट्टा।

### हिंदू भाइयों के हवाले कर दें मथुरा-काशी

उन्होंने कहा कि देश के मुसलमान ने राम मंदिर मामले में संयम और धर्मनिरपेक्षता का परिचय दिया। इसी तरह उनका राष्ट्रपति के पास जाना चाहिए और काशी मथुरा हिंदू भाइयों के हवाले कर देना चाहिए। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा में सिख समाज की पर्याप्त भागीदारी न होने पर अफसोस जताया, कहा कि हरमिंदर साहब में सभी वर्गों के लोग जाते है, फिर राम मंदिर से सिख समाज को नफरत क्यों ? राम सबके हैं और सबके रहेंगे।

# हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरे शनिवार को रामनगरी में आस्था का जनसैलाब देखने को मिला। हनुमानगढ़ी में दर्शन के लिए दो किलोमीटर लंबी लाइनें सुबह से ही लगी रही।

भीड़ को देखते हुए सुरक्षा बल और पुलिस के जवान भी चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। माना जा रहा है कि मौसम सुहाना होने और पाबंदियों में ढिलाई के चलते श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा हुआ है। दूसरे शनिवार को अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से देर शाम तक हनुमानगढ़ी से लेकर श्रृंगारहाट तक करीब एक किलामीटर तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइनें लगी रही। सुबह आठ बजे से लगी यह लाइन टूटने का नाम नहीं ले रही है। इसी प्रकार राम जन्मभूमि में भी सुबह से लाखों भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे है। उदयपुर के गिरिजा शंकर सिंह ने कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के समय अयोध्या आना चाहता था, लेकिन बंदिशों के चलते नहीं आ सका था। कर्नाटक से आए अजेश ने कहा कि ट्रेन में वेटिंग टिकट लेकर राम लला के दर्शन के लिए आया हूं।



हनुमानगढ़ी पर शनिवार को हनुमंतलला के दर्शन के लिए कतारबद्ध दिखे श्रद्धालु।

**पूजन-अर्चन के लिए लगी दो किमी लंबी लाइन**

# नाटकीय घटनाक्रम में धोखाधड़ी का आरोपी कैप्टन गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एक नाटकीय घटनाक्रम में पुलिस ने श्रवण कुञ्ज मंदिर ट्रस्ट की जमीन के अनुबंध के मामले में धोखाधड़ी और कूटरचना के आरोपी कैप्टन अनुराग मिश्रा को गिरफ्तार किया है। रामवल्लभाकुन्ज के अधिकारी राजकुमार दास ने महंत राम रूप, कैप्टन अनुराग, उसकी सहयोगी महिला व शिवम गुप्ता के खिलाफ फर्जीवाड़ा कर मंदिर ट्रस्ट की बेशकीमती जमीन 30 विश्वा जमीन 30 लाख रुपए देकर 3 करोड़ 10 लाख में अनुबंध कराने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

पूर्व में कमर्शियल पायलट रहे मूल रूप से गोंडा जिले के ग्राम अमदही थाना तरबगंज निवासी और यहां काठिया मंदिर में रहने वाले अनुराग मिश्र ने शनिवार को आईजी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता की घोषणा की थी लेकिन कार्यालय पहुंचने के पूर्व ही पुलिस ने उसको पकड़ लिया। पीड़ित को उच्च अदालत से कोई राहत नहीं मिली थी। काफी देर तक आरजेबी थाने में पूछताछ के बाद उसे अयोध्या कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। अयोध्या कोतवाल मनोज शर्मा ने बताया कि प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई कराई जा रही है।

## सार-संक्षेप

### स्वच्छ भारत मिशन : दूसरे चरण में पंचायतों में होगी जागरुकता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन फेज दो के अंतर्गत विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायत में जन जागरुकता अभियान चलेगा। शनिवार को विकासखंड परिसर में विभाग द्वारा नामित कंपनी की कई टीमों को एडीओ समाज कल्याण उषारानी ने रवाना किया। जन जागरुकता अभियान चलाने वाली कंपनी मेसर्स फेलकान लखनऊ के डीसी योगेश शुक्ला ने बताया कि यह टीमें विकासखंड क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतो में पहुंचकर नुक्कड़ नाटक तथा पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को शौचालय का प्रयोग करने , कूड़ा करकट का सही निस्तारण करने तथा हाथ धोने के सही तरीकों के अलावा साफ सफाई के विभिन्न तरीकों को भी बताएंगी। इस मौके पर ब्लॉक समन्वय पुष्पेंद्र सिंह के अलावा संतोष शर्मा, अमरेश, शालिक राम, सभाजीत वर्मा, विनोद वर्मा आदि मौजूद रहे।

### बिजली की शॉर्ट सर्किट से गन्ने की फसल में लगी आग

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** खंडासा क्षेत्र के रायपट्टी गांव में दो गन्ना किसानों ने बिजली की शॉर्ट सर्किट से फसल जलने का आरोप लगाया है। कुमारगंज एसडीओ संतोष कुमार ने बताया कि जेई को मौके पर भेजा गया है। ग्राम रायपट्टी निवासी पीड़ित किसान महीपत सिंह व विष्णु कुमार सिंह ने बताया कि उन दोनों की दो एकड़ में गन्ने की फसल लगी थी। खेत में बिजली का पोल लगे होने और उस ढीले तार में सप्लाई होने पर तेज हवा के कारण आपस में तार टकराने से शार्ट सर्किट हुई। जिससे उनकी फसल जल गई। काफी क्षति हुई है। एसडीओ संतोष कुमार ने बताया कि मौके पर अवर अभियंता को जांच पड़ताल के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट के बाद ही आग कैसे लगी और उसमें कितना नुकसान हुआ के बारे में बताया जा सकता है।



घटना की जांच करते बिजली विभाग के अधिकारी।

### आग लगने से किसान का छप्पर जला

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के बगल पलिया चौराहे पर आग लगने से एक किसान का छप्पर जलकर राख हो गया। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पलिया लोहानी के पलिया चौराहे पर परशुराम शर्मा छप्पर के मकान में रहते हैं। शनिवार को शाम करीब साढ़े पांच बजे अचानक उनके छप्पर से आग की लपटें उठने लगी। लोगों ने गुहार लगाई और फायर ब्रिगेड को फोन किया। भीड़ ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तबतक परशुराम की सारी घर का सामान जल कर राख हो चुका था। परशुराम ने बताया घर का सामान दो छप्परों में था। सबकुछ जल गया, कुछ नहीं बचा है। हल्का लेखपाल को आग लगने की सूचना दे दी गई है।

### सरयू इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अयोध्या। अमृत विचार :** सरयू इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा छह व सात के बच्चों द्वारा प्रतिभा प्रदर्शन का आयोजन हुआ। उद्घाटन कनक किड्स की डायरेक्टर डॉ. मधु त्रिपाठी व सरयू के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी, सलाहकार हेडमिस्ट्रेस सोनल शुक्ला ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत नृत्य कला के माध्यम से अवनी पांडे श्री दुर्गा स्तोत्र ऐ गिरी नंदिनी, शुभांगी सिंह एवं किंजल सिंह गीत के बोल झुमका गिरा रेआदि से हुआ। सभी प्रतिभागियों का आकलन करते हुए अनन्या पांडे व इशिका त्रिपाठी को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

### पशु चिकित्सा मेले में 7515 पशुओं का किया गया उपचार

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** मवई ब्लाक के ग्राम माजनपुर में शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह व विशिष्ट अतिथि रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने किया। मेले में 4205 बड़े पशु, 3310-छोटे पशु को स्वास्थ्य परामर्श तथा उपचार प्रदान किया गया। सांसद लल्लू सिंह ने बताया गया की ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन स्वरोजगार का एक मुख्य साधन है। उन्होंने पशुपालकों से योजना का लाभ उठाने की बात कही। सांसद ने उरई से आरइं विनीता सम्मानित किया गया। विधायक रामचन्द्र यादव ने पशुपालकों को जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। मेले में अपर निदेशक ग्रेड-दो पशुपालन विभाग डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने पशुधन बीमा, बकरी, भेड़, कुक्कुट पालन व राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत निशुल्क कृत्रिम गर्भाधान योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदीश सिंह ने मुख्यमंत्री सहभागिता योजना, निराश्रित गो संरक्षण के बारे में जानकारी दी।



पशु चिकित्सा मेले में पशुओं का उपचार करते चिकित्सक।






**अयोध्या।** सहादतगंज से लेकर अयोध्या नए घाट तक बने रामपथ पर अब नया संकट है। चौड़ीकरण के बाद सड़क के दोनों ओर गाड़ियों का रेला खड़ा होने लगा है। नतीजा सड़क पहले की तरह जस की तस है। वाहनों के खड़ा होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह अलग बात है रामनगरी में टेढ़ी बाजार से लेकर नयाघाट तक खाली कराया जा रहा है लेकिन शहर में जस का तस है। ● अमृत विचार

# रामपथ : दुकानों पर नहीं लगेंगे प्रचार बोर्ड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामपथ पर स्थित दुकानों पर मनमाने ढंग से अब प्रचार बोर्ड नहीं लग सकते हैं। इसे लेकर अयोध्या विकास प्राधिकरण ने कवायद शुरू कर दी है। प्राधिकरण की ओर से दुकानदारों से भी इसे लेकर अपील की जा रही है।

शहर के सिविल लाइन स्थित दुकानों से शनिवार को प्रचार वाला प्राइवेट बोर्ड भी हटवाया गया है। प्राधिकरण ने शहर में एकरुपता लाने के लिए अपना फसाड बोर्ड हर जगह लगवाया है। रामपथ के दोनों ओर बनी दुकानों के लिए डिजाइन कोड जारी किया जा चुका है। सचिव सत्येंद्र सिंह की ओर से जारी सूचना के अनुसार राम पथ के लिए फसाड डिजाइन किया गया है। इसी तरह से विभिन्न प्रकार के बोर्ड भी फसाड की तरह किए गए हैं। बताया कि शिकायत मिली थी कि दुकानों पर प्रचार के व्यक्तिगत बोर्ड लगाए गए हैं जो फसाड बोर्ड को ढक रहे हैं। इससे शहर की सुंदरता का जो उद्देश्य था, वह भी बाधित हो रहा है। उसी के तहत अब अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो अनावश्यक व्यक्तिगत प्रचार के बोर्ड हैं और फसाड को ढक रहे हैं। उनको हटाया जा रहा है। जिन दुकानों पर अभी तक बोर्ड नहीं लगे हैं उन दुकानों पर फसाड बोर्ड लगाया जा रहा है। सचिव ने दुकानदारों से भी सहयोग की अपील की है।



सिविल लाइन में शनिवार को रामपथ पर स्थित दुकानों से बोर्ड हटाते कर्मी।

**फसाड की एकरुपता के लिए प्राधिकरण ने बोर्ड हटाने किए शुरू, दुकानदारों से भी अपील**

# सोलर सिटी बनती अयोध्या

## 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित पहले चरण का काम पूरा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की कवायद अब धरातल पर उतरने लगी है। सरयू तट के किनारे रामपुर हलवारा क्षेत्र में 165 एकड़ में 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित कर दिया गया है। हालांकि अभी पहले फेज में 14 मेगावाट का कार्य पूरा हो चुका है। पहला चरण का काम पूरा होने के बाद अयोध्या सिटी को बिजली सप्लाई भी शुरू कर दी गई है।

सूर्य की ऊर्जा से अयोध्या को जगमगाने के लिए सरयू तट के किनारे 165 एकड़ में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड कंपनी 40 मेगावाट का सोलर प्लांट स्थापित कर रहा है। सोलर प्लांट का काम पूरा होने के बाद यहां से सात करोड़ 65 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। एनटीपीसी प्लांट के प्रभारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या को सोलर सिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है। अभी सिर्फ पहले चरण में 14 मेगावाट का काम पूरा हो गया है। काम पूरा होने के बाद इसी 14 मेगावाट से अयोध्या सिटी को बिजली की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है। शेष बचे कामों को 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य है।

सोलर प्लांट का जायजा लेते एनटीपीसी के अधिकारी।



**काम पूरा होने पर 07 करोड़ 65 लाख यूनिट बिजली का होगा उत्पादन**

**पहले चरण में 14 मेगावाट से शुरू हुई बिजली सप्लाई**

### दिन-रात काम कर रहे 200 से अधिक मजदूर

सरयू तट स्थित रामपुर हलवारा में सोलर प्लांट को स्थापित करने के लिए लगातार काम चल रहा है। एनटीपीसी प्लांट के प्रभारी ने बताया कि 40 मेगावाट के इस सोलर प्लांट में एक लाख सोलर पैनल लगे हैं। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट के लिए दिन-रात 200 से अधिक लोग काम रहे हैं।

"165 एकड़ में स्थापित 40 मेगावाट के सोलर प्लांट में एक लाख पैनल लगाया गया है। इस प्लांट से सात करोड़ 65 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन होगा। प्लांट के पहले फेज में 14 मेगावाट का कार्य पूरा कर बिजली सप्लाई का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। शेष कार्य को 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा। - **रतन सिंह, प्रभारी, सोलर प्लांट, एनटीपीसी**"

### भाजपा नेताओं ने व्यक्त किया पीएम का आभार

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूर्व उपप्रधानमंत्री व पूर्व भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद भाजपा नेताओं प्रसन्नता व्यक्त की है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा ने कहा कि देश के विकास तथा राष्ट्रनिर्माण में लाल कृष्ण आडवाणी द्वारा किया गया योगदान अविस्मरणीय और प्रेरणादायक है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि लाल कृष्ण आडवाणी का भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनाने में अद्वितीय योगदान रहा है। शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, परमानंद मिश्र, दिवाकर सिंह ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

# एयरपोर्ट पर आठ मिनट बाद वाहन चालकों को देना होगा शुल्क

## ड्रॉप टाइम के लिए छोटे से बड़े वाहनों तक है अलग-अलग चार्ज ▸ एयरपोर्ट अथॉरिटी ने दिया पार्किंग के लिए ठेका

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर अगर आप किसी को छोड़ने जा रहे हैं और आठ मिनट से अधिक लगा दिए तो पार्किंग शुल्क देना पड़ेगा। यहां छोटे से बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग चार्ज निर्धारित किया गया है। कार से अगर आप किसी को लेने गए हैं तो बाहर आते समय उसका भी अलग चार्ज देना पड़ेगा। इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एएस मल्टी सर्विस को पार्किंग का ठेका दिया है।

रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होते ही अयोध्या में श्रद्धालु व पर्यटकों की संख्या में भी खासा इजाफा हुआ है। यात्रियों का रामनगरी के प्रति रुझान देखते हुए कई एयरलाइंस कंपनियों ने विमान संचालित किए हैं। इस समय 14 फ्लाइट्स अयोध्या में लैंड व टेकऑफ करते हैं। इधर, यात्रियों की संख्या को देखते हुए पार्किंग का ठेका भी दे दिया गया है। एयरपोर्ट में प्रवेश करते ही एक केबिन बनाकर बैरियर लगा दिया गया है। कर्मियों ने बताया कि यहां आने वाले वाहनों का नंबर व टाइमिंग कंप्यूटर में दर्ज करके पर्ची मालिकों को दे दी जाती है। लौटने पर ड्रॉप टाइम से अधिक समय तो चार्ज वसूला जाएगा। पर्ची खो गई उसके लिए 300 रुपये जमा करने होंगे।


कार सवार से पार्किंग शुल्क वसूलता कर्मी।

### हर गाड़ियों के अलग-अलग चार्ज

| वाहन | 30 मिनट तक | 30 से 120 मिनट तक |
|---|---|---|
| दो पहिया | 10 | 15 |
| कॉमर्शियल कार | 20 | 35 |
| प्राइवेट कार | 30 | 40 |
| कॉमर्शियल एसयूवी, मिनी बस, टेंपो | 60 | 110 |
| प्राइवेट एसयूवी, मिनी बस, टेंपो | 60 | 80 |
| कोच, बस व ट्रक | 170 | 250 |

### स्वीट शॉप व पार्किंग का है टेंडर

एएस मल्टी सर्विस के जिम्मेदार अधिकारी दयाशंकर ने बताया कि उनकी कंपनी को पार्किंग व एयरपोर्ट के अंदर स्वीट शॉप का एक वर्ष का टेंडर मिला है। यात्रियों को छोड़ने आने वाले वाहन चालकों को आठ मिनट तक की छूट रहती है, जबकि किसी को लेने जा रहे हैं तो उसका चार्ज पड़ता है।

## अकासा एयरलाइन की फ्लाइट भी अयोध्या से भरेगी उड़ान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए एक के बाद एक एयरलाइन कंपनियां फ्लाइट संचालन की घोषणा कर रही हैं। इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइस जेट और जूम के बाद अब अकासा के विमान भी अयोध्या से उड़ान भरते हुए दिखाई पड़ेंगे। 15 फरवरी को पहला विमान पुणे से अयोध्या पहुंचेगा। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से लगभग सभी महानगरों के लिए फ्लाइटें उड़ान भरने लगी हैं। सबसे अधिक अभी तक दिल्ली के फ्लाइट हैं। अकासा विमान के संचालन के बाद दिल्ली के पांच विमान हो जाएंगे। एयरलाइन्स की वेबसाइट के मुताबिक 15 फरवरी को पुणे से सुबह आठ बजकर 50 मिनट पर फ्लाइट टेक ऑफ होगी, जो वाया दिल्ली होते हुए दोपहर 12 बजकर 55 मिनट पर अयोध्या पहुंचेगी। इसके बाद अयोध्या एयरपोर्ट से दोपहर एक बजकर 35 मिनट पर अयोध्या से टेकऑफ होगी।

**15 फरवरी से दिल्ली व पुणे के लिए शुरू होगा संचालन**

# कोटेदार के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया सीडीओ का घेराव


समाधान दिवस में सीडीओ से शिकायत करते पीड़ित ग्रामीण।

सोहावल, अयोध्या

▸▸ **कार्रवाई का आश्वासन, ग्रामीणों का आरोप अंगूठा लगवा कर हड़प लिया राशन**

**अमृत विचार :** विकास खंड सोहावल के पिलखांवा गांव से आए पचास से ज्यादा ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज को घेर कर शिकायत दर्ज कराई।

आरोप लगाया कि कोटेदार ने दबंगई के बल पर तीन महीने अंगूठा लगवाया लेकिन राशन नहीं दिया। बोलने पर आमादा फौजदारी हो धमकी देता है। दो वर्ष पहले इसी तरह की गड़बड़ी करने पर इसकी दुकान निलंबित कर दी गई थी लेकिन विभाग ने कुछ महीने बाद ही बहाल कर दिया। सीडीओ ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा देते हुए कहा इस माह अंगूठा मत लगाना। कोटेदार स्वयं कार्ड धारकों को खोजेगा। किसी के हिस्से का राशन हड़प नहीं सकता। जांच के लिए नियुक्त किए गए आपूर्ति निरीक्षक ने घंटों समझाया लेकिन बात नहीं बनी। बताया जल्द ही पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई तय होगी, दोषी बक्शे नहीं जायेंगे। प्रदर्शन में दुर्गेश, महेश, अनिल, मीरा सोनू धर्मराज, पिंटू आदि ग्रामीण शामिल रहे।

## अभियान के तहत भाजपा ने कार्यकर्ताओं को साधा

**पूरा बाजार, अयोध्या।** गांव चलो अभियान के तहत भाजपा मंडल अध्यक्ष नंदकुमार सिंह की अध्यक्षता में रसूलाबाद में कार्यशाला हुई। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने गांव चलो अभियान में पार्टी की योजना रचना के अनुसार बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख बूथ व्हाट्सएप ग्रुप विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान योजनाओं में पंजीकरण लाभार्थी से मिलने और सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाने के संबंध में बताया। संचालन मंडल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा ने किया। महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, सतीश सिंह पिंटू, वरुण चौधरी, ओम प्रकाश यादव, नीरज राना मुन्ना दुबे, राजेश पाठक, शोभाराम वर्मा ,आनंद सिंह पिंटू मौजूद रहे ।

# स्वयं को धारण कर अभिव्यक्ति करती है अयोध्या : मिथिलेश

अयोध्या कार्यालय


साकेत महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मंचासीन वक्ता।

**अमृत विचार :** साकेत महाविद्यालय में शनिवार को 'अयोध्या से राम की लोकयात्रा' विषयक संगोष्ठी हुई। महंत मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि अयोध्या एक प्रकाश विश्वपुरी है, इसीलिए कभी अयोध्या परास्त और पराभव नहीं होती। अयोध्या को बैकुंठ कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या वह भूमि है जो स्वयं को धारण करती है स्वयं को अभिव्यक्ति करती है। राम के नाम में डुबकी लगाने वाला भगवत स्वरूप हो जाता है, उसमें रामत्व आ जाता है। उन्होंने कहा कि आचार संहिता से अनुष्य को मनुष्य नहीं बनाया जा सकता। जब जब मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति धर्म में नहीं होगी तो वह धर्म पर नहीं चल सकता। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामानंद शुक्ल ने कहा कि लोकनायक के चरित्र की हर किरण लोक-जीवन को प्रभावित और प्रेरित करती है। श्रीराम में हमें आदर्श लोकनायक के सभी गुण दिखाई पड़ते है। गोष्ठी को त्रिनिडाडा से आई रामलीला की शोधकर्ता डॉ. इंद्राणी रामप्रसाद ने भी संबोधित किया। संचालन अखिलेश पांडेय और संयोजन आशुतोष द्विवेदी ने किया। अभय निर्भीक व रामायण धर द्विवेदी ने अतिथियों का सम्मान किया।

# बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों का टोटा

अयोध्या कार्यालय

▸▸ **परिषदीय शिक्षकों की मांगी सूची, 461 माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ शिक्षक पहले ही खड़ा कर चुके हैं हाथ**

▸▸ **जिले में इस बार 4000 से अधिक कक्ष निरीक्षकों की है जरुरत**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा में ड्यूटी के लिए जिले में 4359 शिक्षकों की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके लिए बोर्ड को माध्यमिक में तैनात शिक्षकों द्वारा ड्यूटी और स्कूल में आंतरिक उड़ाका दल और चेकिंग के चलते शिक्षकों की कमी हो रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की भी कक्ष निरीक्षक के लिए ड्यूटी लगाने की तैयारी है। इसे लेकर अब जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी से परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की सूची मांगी है।

22 फरवरी से हाईस्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा शुरू होगी। इसके लिए बोर्ड परीक्षा के लिए 116 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले के राजकीय, वित्त पोषित और वित्त विहीन स्कूलों में करीब 5050 शिक्षक तैनात है। जिसमें कुछ शिक्षक सेवानिवृत्त होने वाले हैं, वहीं कुछ को सत्र लाभ मिला हुआ है। वहीं परिश्रमिक कम होने के चलते वित्त विहीन के शिक्षक कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी से कतराते हैं। इसके अलावा केंद्र बने स्कूलों के शिक्षकों के स्कूल में चेकिंग और आंतारिक उड़ाका दल के लिए शिक्षकों की ड्यूटी लगाया जाता है। इसके चलते शिक्षकों की कमी आ रही है। शिक्षकों की कमी को देखते हुए बोर्ड प्रति वर्ष परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ड्यूटी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षक के लिए लगाता है। इसे देखते हुए डीआईओएस ने शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने के लिए बीएसए को पत्र लिखा है। बीएसए कार्यालय को ब्लाकवार शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने पर डीआईओएस कार्यालय उनके बारे में सूचना बोर्ड को भेजेगा। बोर्ड को जिले में हाई स्कूल और इंटर की बोर्ड परीक्षा को कराने के लिए चार हजार से अधिक शिक्षकों की कक्ष निरीक्षक के लिए आवश्यकता है। इसके लिए विभाग के अधिकारी लगे हुए है।

> बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती की जाती है। शिक्षकों की कमी के कारण परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की ब्लाक वार सूची मांगी गई है। - डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक


बीकापुर में संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते जिलाधिकारी।

# जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक को लगाई फटकार

**बीकापुर, अयोध्या।** समाधान दिवस में गाटों के सर्वे का भुगतान न होने पर लेखपालों ने जिलाधिकारी नितीश कुमार से शिकायत दर्ज कराई। जिस पर जिलाधिकारी ने उपकृषि निदेशक डॉ. संजय त्रिपाठी को सर्वे का पैसा समय से भुगतान न होने पर कड़ी फटकार लगाई है। लेखपालों ने आरोप लगाया है कि शासन से सर्वे के लिए पूरे जिले के 69 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। ज्यादातर शिकायतें पुलिस, राजस्व, विकास, पेंशन, राशन कार्ड, पीडब्ल्यूडी, बिजली सहित अन्य विभागों की आई। एसएसपी राजकरन नय्यर ने सीओ सुरेंद्र कुमार सिंह को तीनों थानाध्यक्षों को फरियादियों की समस्याओं को सुनने का निर्देश दिया। तहसीलदार धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि 222 प्रार्थना पत्रों में 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया है।

## 58 प्रार्थना पत्र के सापेक्ष एक का निस्तारण

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** तहसील दिवस में कुल 58 शिकायतें आरइं, जिनमें मात्र एक ही शिकायत का निस्तारण मौके पर हो पाया। नरसड़ा गांव निवासी अनिल कुमार ने अवैध कब्जे की शिकायत की। जिस पर एसडीएम ने मामले की जांच कर अवैध कब्जेदारों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया।

## सार-संक्षेप

### विदाई समारोह में भावुक हुईं छात्राएं, प्रबंधक ने किया प्रेरित



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर में शनिवार को कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं की विदाई दी। कॉलेज के प्रबंधक भगवान बक्श सिंह ने कहा कि कक्षा एक से लेकर इंटरमीडिएट तक आप लोग साथ-साथ रहे इसलिए बिछड़ने पर दुख स्वाभाविक है। प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहे हैं इस बात की खुशी है। पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मराज, कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या स्नेहलता, कामता सिंह जूनियर हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुधा सिंह, राम फेर सिंह प्राइमरी पाठशाला की प्रधानाध्यापिका सची सिंह, अनीता सिंह, सर्वेश सिंह, गयादीन यादव, साधना सिंह मौजूद रहीं। विदाई समारोह में शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की आंखें नम दिखी।

### समुचित विकास ही प्राथमिकता : सिंह



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराबाजार ब्लाक में नवनियुक्त खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह का शनिवार को स्वागत किया गया। प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह सूर्यवंशी अंकुर की अगुवाई में स्वागत किया गया। अंकुर सिंह ने कहा कि प्रगतिशील विकासखंड में सहयोग की आवश्यकता है। खंड विकास अधिकारी ने कहा कि गांवों का समुचित विकास ही प्राथमिकता होगी। कहा विकासखंड की प्रगति के लिए वह सदैव अग्रसर रहेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधानों को यदि किसी तरह की बाधा पहुंच रही है तो वह सहयोग ले सकते हैं। जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, जिला सचिव अनूप कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष मोनू सिंह, महामंत्री अलाउद्दीन, प्रधानों में शिवकुमार यादव,नीरज वर्मा, रामतेज, अजीत वर्मा, शिवकुमार यादव, रामतेज, क्षेत्र पंचायत सदस्य वैभव गौड़ आदि मौजूद रहे।

### रुदौली के रहीमगंज में आठ बीघा गन्ने की फसल जली

**शुजागंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रूदौली तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत रहीमगंज में शनिवार देर शाम अज्ञात करणों से गन्ने के खेत में लगी। किसानों की लगभग 8 बीघा गन्ने की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। फायर बिग्रेड की टीम व ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हल्का लेखपाल अंकित श्रीवास्तव ने बताया मौके पहुंचकर सर्वे किया गया है। प्रभावित किसानों में लालता प्रसाद,अशोक कुमार, अमन वर्मा,निशा चौहान आदि शामिल हैं।

### ग्राम परिक्रमा यात्रा में बताई जाएंगी सरकार की योजनाएं


प्रदेश मीडिया प्रभारी को रामलला की तस्वीर भेंट की गई।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** ग्राम परिक्रमा यात्रा अभियान को लेकर महानगर किसान मोर्चा की कार्यशाला पार्टी कार्यालय सहादतगंज में आयोजित हुई। अभियान 10 फरवरी से पांच मार्च तक चलाया जाएगा, जिसमें पार्टी कार्यकर्ता गांवों में जनसंवाद कर किसानों के हितों की सरकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएंगे। प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अनुराग दीक्षित ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा में कार्यकताओं द्वारा गांव के देवस्थानों की साफ-सफाई की जाएगी। गौशाला में गोपूजन तथा गोसेवा का कार्यक्रम आयोजित होगा। देवस्थानों पर पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। घर-घर संपर्क कर जनता से संवाद स्थापित करें। महानगर अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के लिए महानगर के किसान मोर्चा के मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं को जनसहभागिता के साथ कार्यक्रम करने को कहा गया है।

### आरोपी गिरफ्तार, चोरी हुई स्कूटी बरामद

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी हुई स्कूटी बरामद की है। आरोपी की पहचान बिरेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू सिंह (21) निवासी ग्राम बनबीरपुर थाना कैंट के रूप में हुई। आरोपी को बनबीरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### कैंपस प्लेसमेंट में कृषि विवि के 14 छात्रों को मिला रोजगार

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर टेक्नोलॉजी एंड इंटरपेन्योरशिप डेवलपमेंट ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार हुआ। 14 अभ्यर्थियों को प्रोडक्ट मैनेजर, विलेज क्वार्डिनेटर एवं प्रोजेक्ट क्वार्डिनेटर के पद पर चयनित किया। शुभारंभ कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने किया। कुलपति ने चयनित छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कुलपति ने कहा कि योग्यता एवं उनकी जरूरत के अनुसार नियुक्ति पर विचार किया जाना चाहिए। सीटेड कंपनी के निदेशक इंजीनियर संजय सिंह ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। संचालन प्लेसमेंट के उपनिदेशक डॉ सत्यव्रत सिंह ने किया।अधिष्ठाता कृषि डॉ प्रतिभा सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ डी .के दिवेदी, अधिष्ठाता वानिकी डा. संजय पाठक, सचिव डा. जसवंत सिंह, सह अधिष्ठाता कृषि डॉ सीताराम मिश्रा, डॉ उमेश चंद्रा मौजूद रहे।

### वारन्टी गिरफ्तार


**अयोध्या। अमृत विचार :** कैण्ट थाना पुलिस ने अदालत से जारी वारंट के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि महेश कुमार निवासी हाजीपुर सिंहपुर थाना कैण्ट को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम की न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी किया था।

# पीएम ई-बसों के संचालन की तैयारी, गांव-गांव को जोड़ेंगी

अयोध्या कार्यालय

## क्षेत्र में शासन से 98 अंतः व 36 अंतर्जनपदीय मार्ग अधिसूचित, अब रिंग रोड पर भी होगा संचालन

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने पीएम ई सब सेवा के संचालन की जमीन तैयार करनी शुरू कर दी है। गाँव-गाँव को समुचित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए इन बसों का संचालन किया जाना है, जिसके लिए प्रदेश सरकार ने लगभग सात दशक बाद नए मार्गों को राष्ट्रीय मार्ग के रूप में अधिसूचित किया है। अयोध्या क्षेत्र में 98 अंतः व 36 अंतर्जनपदीय मार्ग अधिसूचित किये गए हैं। जिले में भी कई मार्ग राष्ट्रीय मार्ग घोषित हुए हैं और प्रस्तावित रिंग रोड पर भी निगम की बसों के संचालन की योजना है। पीएम ई बस सेवा के तहत देश में 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों का संचालन पीपीपी मॉडल पर होना है और परिवहन निगम की ओर से भी ई बसों की खरीद की जा रही है।



आजादी के बाद प्रदेश सरकार की ओर से 1950 के दशक में यात्रियों को समुचित परिवहन सेवा उपलब्ध कराने तथा सरकारी रोडवेज बसों के सुचारु संचालन के लिए विभिन्न मार्गों को राष्ट्रीयकृत घोषित किया गया था। बीते सात दशकों में इतिहास ही नहीं बदला बल्कि भूगोल भी काफी कुछ बदल गया। उत्तरखंड अलग राज्य बना और प्रदेश में बड़ी संख्या में नए मंडल, नए जिले,नए विकास खंड और ग्राम पंचायतों का गठन हुआ,लेकिन अधिसूचित मार्ग नहीं बढ़े। सरकार की ओर से गत वर्ष नए राष्ट्रीयकृत मार्गों को अधिसूचित करने के लिए क्षेत्र और डिपो से प्रस्ताव माँगा गया था। प्रस्तावों की समीक्षा के बाद राज्यपाल की ओर से नए राष्ट्रीयकृत मार्ग को हरी झंडी दी गई है, जिसके बाद परिवहन विभाग के मुख्य सचिव एल वेंकटेश्वर लू ने अधिसूचना जारी की है। जारी अधिसूचना में अयोध्या क्षेत्र के 98 अंतः व 36 अंतर्जनपदीय मार्ग राष्ट्रीयकृत मार्ग के रूप में अधिसूचित किया गया है।

### इन मार्गों पर भी संचालित होंगी रोडवेज बसें

| | |
|---|---|
| कामाख्या भवानी रुदौली से अयोध्या | 62 किमी |
| गोसाईगंज से बीकापुर, अयोध्या | 60 किमी |
| देवगांव कुमारगंज से अयोध्या | 60 किमी |
| कुमारगंज से अयोध्या वाया रुदौली | 72 किमी |
| हैदरगंज से अयोध्या वाया बीकापुर | 45 किमी |
| अयोध्या से तारुन वाया दर्शन नगर | 57 किमी |
| पूरा बाजार से अयोध्या वाया पूराकलंदर | 32 किमी |
| हैदरगंज से अयोध्या वाया चौरे बाजार | 50 किमी |
| प्रभात नगर से अयोध्या | 43 किमी |
| रामपुरभगन से अयोध्या वाया आचारी सगरा | 41 किमी |
| ड्योढ़ी बाजार से अयोध्या | 38 किमी |
| बारुन बाजार से अयोध्या वाया सोहावल | 31 किमी |
| अमानीगंज से अयोध्या वाया मोहम्मदपुर | 46 किमी |
| उमापुर से अयोध्या वाया रुदौली | 63 किमी |
| मवई,पटरंगा,आलियाबाद,भेलसर अयोध्या | 62 किमी |
| ऐमीघाट से अयोध्या मया बाजार | 59 किमी |
| अयोध्या से पूरा बाजार वाया तारुन | 58 किमी |
| जाने बाजार से अयोध्या वाया नन्सा | 65 किमी |

### यह अंतर्जनपदीय मार्ग हुए राष्ट्रीयकृत

| | |
|---|---|
| अमेठी मिश्रौली हथकिला भेटुवा थौरा सुल्तानपुर अयोध्या | 120 किमी |
| ककवा से अमेठी वाया कोहरा सुल्तानपुर अयोध्या | 108 किमी |
| सराय राजशाह मुंशीगंज अमेठी वाया रामदेवपुर सुल्तानपुर अयोध्या | 112 किमी |
| रामगढ़ अमेठी वाया विशेषरगंज सुल्तानपुर अयोध्या | 109 किमी |
| टिकरी अमेठी वाया सहरी भादर सुल्तानपुर अयोध्या | 118 किमी |
| अटेहा पठानपुर गौरीगंज अमेठी सुल्तानपुर अयोध्या | 110 किमी |
| वल्दीराय महमूदपुर मुसाफिरखाना मोहिउद्दीनपुर अमेठी सुल्तानपुर अयोध्या | 119 किमी |
| भाई दुबेपुर सुल्तानपुर अयोध्या | 74 किमी |
| अझुई मीरापुर कुड़वार सुल्तानपुर अयोध्या | 83 किमी |
| राजापुर परां बवा हरखपुर कुड़वार सुल्तानपुर अयोध्या | 82 किमी |
| महेश्वरगंज भाई पकड़ी सुल्तानपुर अयोध्या | 82 किमी |
| नउवा कुंआ भरतकुंड अयोध्या गोंडा | 118 किमी |
| सुचितागंज सरियावा मसौधा अयोध्या गोंडा | 98 किमी |

> प्रस्ताव पर नए मार्ग राष्ट्रीयकृत घोषित किये गए हैं। इससे रोडवेज की सेवा का दायरा बढ़ेगा। अधिसूचित मार्गों की अधिकतल दूरी 120 किमी के आसपास रखी गई है, जिसको लेकर उम्मीद जताई जा रही है कि इन मार्गों पर इलेक्ट्रिक बसों का संचालन होगा। अभी विभाग को मुख्यालय के अग्रिम निर्देश का इंतजार है। - विमल राजन, क्षेत्रीय प्रबंधक

> कई दशकों से मार्ग अधिसूचित न किये जाने के चलते अभी तक प्रदेश में कुल मार्गों का केवल 6.78 फीसदी ही अधिसूचित मार्ग था। निगम की आय बढ़ोत्तरी के लिए संठनों की ओर से अन्य मार्गों को राष्ट्रीयकृत घोषित करने की मांग की जा रही थी। अब रोडवेज बसों के संचालन का दायरा बढ़ेगा। - राजेंद्र पांडेय, क्षेत्रीय मंत्री, रोडवेज इम्प्लाइज यूनियन


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India — भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
क्षेत्रीय कार्यालय - ग्राउण्ड फ्लोर 436 अतरदीप काम्प्लेक्स, देवकाली बाईपास, अयोध्या, उ.प्र.-224001

**कब्जा सूचना (नियम 8(1) के तहत अचल सम्पत्ति हेतु**

जहाँ कि, अधोहस्ताक्षरीने, जो कि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुर्नगठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया उत्तर प्रदेश के प्राधिकृत अधिकारी है तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 (अधिनियम सं. 2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऋणकर्ता/जमानतकर्ता के खाते के सामने उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की माँग सूचना जारी किया था। जिसमें कि उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि ब्याज सहित चुकाने की मांग की गई थी। चूंकि ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस सूचना में वर्णित राशि को चुकाने में असमर्थ रहा है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता जमानतकर्ता एवं आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सम्पत्तियों पर इस दिन (नीचे दिये गये ब्यौरे के अनुसार) कब्जा कर लिया है। एतद् द्वारा ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस को विशेषतः और जनता को साधारणतः सूचित किया जाता है, कि इस सम्पत्ति से कोई सरोकार न रखे तथा इस सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार करने पर यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के नियमानुसार उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने को बाध्य होगा। ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/कानूनी वारिस का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधो की ओर आकृष्ट किया जाता है। कब्जे में लिए गए सम्पत्ति का विवरण निम्न है–

| ऋणकर्ता/जमानतकर्ता/बंधककर्ता का नाम एवं पता | प्रभारित/बंधक/दृष्टिबंधक की गई परिसम्पत्ति (परिसम्पत्ति से संबंधित सभी भाग व एवं हिस्सों सहित) विवरण | डिमाण्ड नोटिस की तिथि / कब्जा की तिथि / 13 (2) के नोटिस के अनुसार कुल बकाया धनराशि |
|---|---|---|
| **शाखा - हरैया, जिला बस्ती** | | |
| **उधारकर्ताः (1) मेसर्स तुलसीराम कंस्ट्रक्शन,** प्रो प्रोप के तह. श्री तुलसी राम वर्मा सो राम मिलन ग्राम–जुदाईपुर, पोस्ट व थाना महराजगंज, परगना व तहसील–हरैया, जिला–बस्ती, उ.प्र.– 272155 **बंधककर्ताः श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम–जुदाईपुर, पो. महराजगंज, थाना महराजगंज, तह. हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155 **जमानतकर्ताः (1) श्री राजेंद्र प्रसाद वर्मा** पुत्र श्री राम, ग्राम बिहराबाजार, पोस्ट व थाना–महराजगंज, परगना व तहसील हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155 **(2) श्रीमती विन्दा देवी** पत्नी तुलसीराम, ग्राम जुदाईपुर, पोस्ट व थाना–महराजगंज, तहसील हरैया, जिला बस्ती, उ.प्र.– 272155 | अचल संपत्ति का विवरण का वह सारा भाग जहां स्थित है गाटा संख्या 77, खाता संख्या. 14, प्लॉट 77 का, ग्राम क्षेत्रफल 0.013 हे. ग्राम जुदाईपुर पोस्ट माल महराजगंज, परगना व तहसील हरैया व जिला बस्ती, उ.प्र.–272155 पर श्रीमती विन्दा पत्नी तुलसीराम के नाम पर लगभग 127.00 वर्ग मीटर स्थित है। **चौहद्दीः** पूर्व–संत राम का खेत, दक्षिण–चक मार्ग, पश्चिम–खड़ंजा मार्ग, उत्तर–श्रीमती जलाली की भूमि | 17.11.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,29,350.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - दरियापुर, सुलतानपुर** | | |
| **उधारकर्ताः 1) श्री हरि पुत्र** स्वर्गीय रामदुलारे तिवारी मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **2) विद्योत्तमा तिवारी** पत्नी श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्द नगर शास्त्री नगर सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 **3) श्री सुधांशु त्रिपाठी तिवारी** पुत्र श्री हरि मकान नं. 1378 26ए विवेकानन्दनगर शास्त्रीनगर, सुल्तानपुर उ.प्र. 228001 | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण – सर्वे नंबर 29 एमआई विलेज नारायणपुर, परगना – मीरांपुर, तहसील – सदर, जिला – सुल्तानपुर, **संपत्ति की सीमाः** उत्तरः प्लॉट गिरीश नारायण सिंह, दक्षिण – अहाता दुबे जी, पूर्व–द्वारिका प्रसाद तिवारी का घर, पश्चिम–सड़क | 06.02.2023 / 30.01.2024 / ₹ 5,81,650.00 + ब्याज व अन्य खर्चे |
| **शाखा - ऐहार, रायबरेली** | | |
| **उधारकर्ताः मैसर्स शिव ट्रेडर्स** (प्रो–स्व. दशानंद बाजपेयी पुत्र जटा शंकर बाजपेयी पता– ग्राम कल्ली पूरे गौरी, पोस्ट–भीरा गोविंदपुर, तहसील डलमऊ जिला–रायबरेली **जमानतकर्ताः सीमा बाजपेयी** पत्नी स्व. दशानंद बाजपेयी, ग्राम कल्ली फुरे गौरी पोस्ट–शिना गोविंदपुर तहसील डलमऊ, जिला–रायबरेली | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण– संपत्ति का प्लॉट गाटा संख्या–332, गांव–गोविंदपुर वालौली (आदर्श नगर), परगना डलमऊ और तहसील–लालगंज, जिला–रायबरेली (उ.प्र.) में स्थित है, संपत्ति का क्षेत्रफल 162 वर्ग मीटर यानी 1740 वर्ग फुट है। **विलेख के अनुसार चौहद्दीः** उत्तर– अशोक द्विवेदी की भूमि, दक्षिण– मीरा त्रिवेदी का भूखंड, पूर्व– 15 फीट चौड़ा रास्ता और पश्चिम– रज्जन शुक्ला की भूमि, **साइट के अनुसार सीमाः** उत्तर– बाजपेयी जी का घर, दक्षिण–मीरा त्रिवेदी का प्लॉट, पूर्व–15 फीट चौड़ा रास्ता व पश्चिम–अन्य प्लॉट | 04.06.2022 / 03.02.2024 / ₹ 15,11,461.86 + ब्याज व अन्य खर्चे |

दिनांक : 03.02.2024 स्थान : अयोध्या प्राधिकृत अधिकारी : यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया

# जनपद का लाल चाइना बॉर्डर पर शहीद, नम आंखों से दी विदाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** चाइना बॉर्डर पर तैनात सीमा की रक्षा करते हुए जनपद का वीर सपूत भारत माता की गोदी में सदा-सदा के लिए सो गया। जनपद के अहिरौली थाना क्षेत्र के आशागढ़ तिवारी का पूरवा निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार राममूर्ति तिवारी के पुत्र अरविंद तिवारी जेसीओ पद पर सिक्किम राज्य के गंगोह स्थित बीआरओ के एचक्यू एसडब्लूटीके कोर में तैनात थे।

अत्यधिक बर्फबारी और माइनस तापमान में ड्यूटी के दौरान रक्त परिसंचरण रुकने से बीते शुक्रवार को जेसीओ अरविंद तिवारी शहीद हो गए। ये खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार दोपहर जब उनका शव पैतृक आवास आशागढ़ पहुंचा तो लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारी शहीद के घर पहुंचे और परिजनों का ढांढस बंधाया। शहीद के एक अविवाहित पुत्री समेत दो बेटियां व एक बेटा है। उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार अयोध्या जनपद के दिलासीगंज घाट पर किया गया।




शहीद जेसीओ का शव व परिजनों को ढांढस बांधते जिलाधिकारी और एसपी।

**शहादत**

▸▸ **शहीद अरविंद तिवारी जेसीओ पद पर सिक्किम के गंगोह स्थित बीआरओ के एचक्यू एसडब्लूटीके कोर में थे तैनात**

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पहुंचे शहीद के घर

अहिरौली थाना क्षेत्र के आशागढ़ तिवारी का पूरवा निवासी जेसीओ अरविंद तिवारी चाइना बॉर्डर पर सीमा की रक्षा करते हुए शहीद हो गए। शहीद के पिता राममूर्ति तिवारी सूबेदार पद से सेवानिवृत्त हैं। घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने शहीद अरविंद तिवारी के घर पहुंच कर पुष्प अर्पित किए। शहीद अरविंद तिवारी के एक अविवाहित पुत्री समेत दो बेटियां व एक बेटा है। जिलाधिकारी ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर मदद करने के लिए तैयार है। इस दौरान माहौल गमगीन हो गया। हर आंख नम थी। इस दौरान उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, सीओ सुरेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी कटेहरी प्रमोद यादव, थाना अध्यक्ष अहिरौली और ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।



शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्प गुच्छ अर्पित करते डीएम व एसपी।

# राख ढुलाई में उपभोक्ता बरतें सावधानी : बीसी पलेई

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर में स्थित कर्मचारी विकास केंद्र में राख उपयोगिता के लिए एक उपभोक्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक बीसी पलेई ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचा. एवं अनु. नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक चिकित्सा सेवाएं उदयन तिवारी, महाप्रबंधक परियोजना अतुल गुप्ता, महाप्रबंधक प्रचा. एके मिश्रा, अपर महाप्रबंधक अनु. पीएम त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक राख प्रबंधन एस के श्रोत्री, अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन रजनीश कुमार खेतान, अपर महाप्रबन्धक संविदा एवं सामग्री जेपी सिंह, उप महाप्रबंधक दक्षता विभाग सुदेश जैन और उप महाप्रबन्धक एमटीपी शालिनी शंकर उपस्थित रहे। एनटीपीसी-टांडा के वरिष्ठ अधिकारी व प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए हुए राख उपभोक्ता सम्मिलित हुए। सम्मेलन में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के यूनिट प्रमुख नागेश उपाध्याय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत एवं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधीनस्थ कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। साथ ही राख से ईंट निर्माण की कड़ी में आसपास के राख ईंट निर्माता और विक्रेता उपस्थित रहे। सुरक्षा विषय पर प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता प्रदान की गई। वरिष्ठ प्रबंधक राख उपयोगिता विभाग अमित कुमार ने राख उपयोगिता पर एक प्रस्तुति भी की और राख के विभिन्न उपयोगों पर प्रकाश डाला। संचालन उप महाप्रबंधक राख उपयोगिता विभाग अमित ने किया।

## एक नजर

### राज्यसभा प्रत्याशी बनाने के लिए सौंपा आवेदन

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय कांग्रेस के सचिव उप्र सहप्रभारी सत्य नारायण पटेल को डॉ. विजय शंकर तिवारी ने राज्यसभा में कांग्रेस प्रत्याशी बनाने के लिए आवेदन सौंपा है। जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डॉ. विजय शंकर तिवारी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को संबोधित आवेदन पत्र सौंपा है। डॉ. विजय शंकर तिवारी ने कहा कि वह अपने छात्र जीवन 1983 से कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी उनके आदर्श और प्रेरणास्रोत हैं।

### चोरों ने पंचायत भवन को बनाया निशाना

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलेमपुर में पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोरों ने पंचायत भवन में रखे हुए लाखों रुपये के समान पर हाथ साफ कर दिया। पंचायत भवन के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान गायब कर दिया। ग्राम प्रधान अशोक कुमार प्रजापति ने पुलिस को सूचना दी है।

### कार्यकर्ता बैठक आज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की एक बड़ी बैठक रविवार को हंसवर मंडल के चक कटोखर ग्राम में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के आवास पर आयोजित किया गया है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने बताया कि बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह और प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र प्रभारी संजय राय का दो सत्रों में मार्ग दर्शन प्राप्त होगा। बैठक में शक्ति केंद्र संयोजक, प्रवासी, प्रभारी, जिला पदाधिकारी भाग लेंगे।

# 374 में से सिर्फ 26 शिकायतों का निस्तारण

## समाधान दिवस : जलालपुर तहसील में डीएम-एसपी और सीडीओ ने सुनीं समस्याएं




जलालपुर तहसील में फरियादियों की समस्याएं सुनतें जिलाधिकारी अविनाश सिंह, एसपी डॉ. कौस्तुभ और सीडीओ अनुराज जैन। फोटो : अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनसमस्याओं के निराकरण के लिए कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कराते हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सभी तहसीलों में किया गया। जनपद में संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 374 मामले सामने आएं जिनमें से मौके पर सिर्फ 26 शिकायतों का ही निस्तारण किया जा सका। वहीं शेष बची हुई शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

तहसील जलालपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लें और तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। तहसील दिवस में जो भी शिकायतें आएं उनका निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण करना सुनिश्चित करें। जलालपुर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के समक्ष कुल 120 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 07 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया है। वहीं शेष बची 113 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्राप्त कराते हुए निर्देश दिया गया है कि शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इस दौरान मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, प्रभागीय वनाधिकारी प्रणव जैन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील तिवारी, उप जिलाधिकारी जलालपुर, क्षेत्राधिकारी जलालपुर और जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील आलापुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी आलापुर के समक्ष कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमे से चार शिकायती प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारित कर दिया गया है, वहीं शेष 17 शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील टांडा में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी टांडा के समक्ष 36 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से 08 शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारित करा दिया गया है। वहीं शेष 28 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। तहसील अकबरपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल के समक्ष कुल 87 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से एक शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण कर दिया गया है। वहीं शेष 85 शिकायती प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के लिए प्राप्त करा दिया गया है। तहसील भीटी मे संपूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी भीटी के समक्ष कुल 110 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से पांच शिकायती प्रार्थना पत्रों को मौके पर निस्तारण करा दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

### फरियादियों से अच्छा व्यवहार करें अधिकारी

तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यालय प्रत्येक दिन समय से खुले और कार्यालय में जो भी लाभार्थी आएं उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। उनके लिए पीने के लिए पानी और बैठने की व्यवस्था किया जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जमीनी विवाद सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से मामले का निस्तारण किया जाए। जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके।

## अकबरपुर तहसील में महिला ने किया आत्मदाह का प्रयास



पीड़ित महिला सीता देवी।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** अकबरपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में उस समय हडकंप मच गया जब एक महिला फरियादी अधिकारियों के सामने ही अपने ऊपर डीजल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। महिला द्वारा अपने ऊपर डीजल डालते ही वहां पर मौजूद अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। पुलिस कर्मियों ने महिला सीता देवी को अपने कब्जे में ले लिया है। पीड़ित महिला का आरोप है कि उसके आवासीय भूमि को गलत हद बरारी कर दूसरे के कब्जे में यह कह कर दे दिया गया है कि नक्शे में संशोधन हो गया है। जबकि इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं दी गई। पीड़ित महिला ने बताया कि एक माह पूर्व जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सामने भी पेश हुई थी तब जिलाधिकारी ने 24 घंटे में मामले की जांच कर निस्तारण का आदेश दिया था। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहीं एसडीएम पवन जायसवाल ने बताया कि मामला सिविल कोर्ट में चल रहा है। पीड़ित महिला ने अनावश्यक रूप से दबाव बनाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। महिला के ऊपर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जमीनी विवाद को लेकर दबंग पीड़ित पर हुए हमलावर

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर**

**अमृत विचार :** जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी कोदई विश्वकर्मा पुत्र राजदेव ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि जमीनी रंजिश रखने वाले गांव के विपक्षियों ने गत दिवस उनके घर पर लाठी-डंडों से लैस होकर धावा बोल दिया। विपक्षी पीड़ित के घर के सामने उसके पालतू पशुओं की नाद को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध किया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर हो गए। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि जांच-पड़ताल की जा रही है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोन :** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/ पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/लॉट सं० :** LJN- MISC-05-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथि :** 02-02-2024 समय 17:13 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) :** 20-02-2024 समयः 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समय :** 20-02-2024 समयः 14:00 बजे,, **नीलामी का प्रकार :** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है: E-Auction Module of www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

मुजाधि/वा०- 261

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना** दिनांक 01.02.2024

**सं.- इज्जत0/सी/ई-ऑक्शन/2023/11**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक/इज्जतनगर द्वारा आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) पर पंजीकृत संस्थाओं से ई-ऑक्शन के माध्यम से एन.एफ.आर. के अन्तर्गत कल्यानपुर स्थित एलसी गेट सं0 12AB/2t एवं 14C/2t पर यूनीपोल/गेन्ट्री के माध्यम से विज्ञापन हेतु बोलियां आमंत्रित की जा रही है। ऑक्शन कैटेलाग को आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया जा चुका है। इज्जतनगर मंडल की आगामी ई-ऑक्शन का विवरण निम्नवत है:-**श्रेणी:** एन.एफ.आर., **कैटलॉग सं0:** IZN-ADV-OOH-24, **एसेट विवरण:** इज्जतनगर मंडल के कल्यानपुर स्थित एलसी गेट सं0 12AB/2t एवं 14C/2t पर यूनीपोल/गेन्ट्री के माध्यम से प्रदर्शित करने हेतु।, **ऑक्शन प्रारम्भ:** 09.02.24, 12:00:00, **ऑक्शन समापन:** 09.02.24, 12:40:00, **नोट: 1.** बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि ई-आक्शन से सम्बन्धित जानकारी के लिये रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें। **2.** उक्त ई-ऑक्शन, आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) के ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। **3.** ई-ऑक्शन सम्बन्धित समस्त जानकारी जैसे पात्रता, कार्य का दायरा, ठेके की अवधि, नियम एवं शर्तें आदि आई.आर.ई.पी.एस. (IREPS) की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **4.** बोलीदाता उक्त दिये गये दिनांक एवं समय के अनुसार ही ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। **5.** सभी संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि ई-ऑक्शन से सम्बन्धित किसी भी शुद्धि पत्र हेतु नियमित रूप से रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करते रहें।

मंडल वाणिज्य प्रबंधक इज्जतनगर

मुजाधि/वाणिज्य-260

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"

बच्चो का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण ऑंख का अस्पताल
ए- 1040, इन्द्रिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट- जे0वी0 फार्मा अमीनाबाद लखनऊ

# आयुर्वेद व होम्योपैथिक विभाग के कार्यों की समीक्षा की



जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक को संबोधित करते सीडीओ अनुराज जैन।

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला आयुष समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने आयुर्वेद और होम्योपैथिक विभाग के जनपद में किए गए कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने मुख्य रूप से जिला आयुष समिति में उपलब्ध धनराशि का व्यय, हर्बल गार्डन की स्थापना, संचालित योग वैलनेस सेंटर, 50 शैयायुक्त एकीकृत आयुष चिकित्सालय, हेल्थ वेलनेस सेंटर और निर्माणाधीन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, हेल्थ वेलनेस सेंटर के बारे में विस्तार से चर्चा किया। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## महिलाओं को सिखाए सुरक्षा के गुर

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। थाना कोतवाली अकबरपुर से हेड कांस्टेबल आनंद स्वरूप यादव, महिला कांस्टेबल खुशबू यादव, द्वारा पटेल तिराहा, रोडवेज, हवाई पट्टी के पास व थाना सम्मनपुर से महिला कांस्टेबल लक्ष्मी द्वारा सिकन्दरपुर में व थाना कोतवाली जलालपुर से कांस्टेबल केशव सिंह ने महिलाओं को जागरूक किया।

## कोर्ट के आदेश पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार:** न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत आधा दर्जन से अधिक धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। कटका थाना क्षेत्र के नसीरपुर गांव निवासी अखिलेश कुमार ने शिकायत करते हुए कहा कि विपक्षी अबू सहमा निवासी ग्राम भियांव थाना कटका ने मेरे भाई राकेश कुमार को जो 27 अगस्त 2023 को रफीगंज बाजार घरेलू सामान लेने गए थे तभी विपक्षी अबू सहमा लगभग 8:30 बजे अपने निजी ई-रिक्शा जिस पर नंबर प्लेट नहीं था और सामने से टक्कर मार दिया जिससे मेरे बड़े भाई राकेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई के इलाज में व्यस्त होने के कारण 4 सितंबर 2023 को कटका थाना अध्यक्ष को शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। घालय भाई ने होश में आने के बाद बताया कि विपक्षी ने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करते हुए गालियां दी और धमकी दिया। इसकी शिकायत रजिस्टर्ड डाक से पुलिस अधीक्षक से की गई। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

## गांव चलो अभियान के तहत लगाई कार्यशाला

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर चलाए जा रहे गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत भाजपा मंडल रामनगर की ओर से कार्यशाला का आयोजन जयराम जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक निषाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल प्रवासी अमित गिरी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रदेश में हर बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता विस्तारक के रूप में जाकर बूथ कमेटी का गठन करते हुए बूथ सशक्तिकरण का कार्य करेंगे। इस दौरान पूर्व विधायक जयराम विमल, दशरथ यादव, भुवनीश्वर प्रसाद तिवारी, योगेन्द्र प्रसाद, डॉ. शिवपूजन वर्मा, डॉ. पूनम राय, राजेन्द्र यादव, कमल दूबे, आनंद कुमार, वेंकटेश कसौधन, राजेश्वर पाठक, विक्रमाजीत सिंह, रामसुरेश मौर्य, दिवाकर पांडेय, गुलाब सिंह आदि रहे।

# किशोरी की हत्या में पांच आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** थाना राजेसुल्तानपुर पुलिस ने किशोरी की हत्या का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। किशोरी की हत्या के आरोपियों में एक महिला भी शामिल है।

बता दें कि राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र के समडीह गांव निवासी अनिल गौतम की पुत्री बीते दिनों लापता हो गई थी। करीब एक माह बाद उसका शव गांव से थोड़ी दूर पर स्थित आजमगढ़ जनपद के अतरैलिया थाना क्षेत्र के पकडिया गांव के तालाब में उतराता पाया गया था। किशोरी का हाथ पीछे से बंधा हुआ था। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने इस घटना के खुलासे के लिए राजेसुल्तानपुर पुलिस टीम के साथ ही स्वाट टीम को लगाया था। पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए समडीह गांव निवासी अर्चना सिंह, भभौरा के राहुल, समडीह के गौरव, अतरौलिया के भवनाथपुर निवासी संदीप पाल व भगतपुर निवासी राहुल मौर्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दुर्गेश नाम युवक किशोरी की हत्या कर दी। एसओ विजय प्रताप तिवारी ने बातया कि अपहरण का खुलाशा न हो इसके डर से आरोपी दुर्गेश ने साथियों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। अभियुक्तों को गिफ्तार करने वाली टीम में विजय प्रताप तिवारी, उप निरीक्षक अमरनाथ यादव, कांस्टेबल रविकिशन गौतम, कांस्टेबल विजय बहादुर यादव, कांस्टेबल सुनील यादव द्वितीय, महिला कांस्टेबल पूजा आदि शामिल रहीं।



पुलिस की गिरफ्त में पांचों आरोपित। अमृत विचार

केशलता अस्पताल
फ्री "मेगा आर्थो स्पाइन एवं स्त्री रोग" कैंप
प्रिय नगरवासियों आपके शहर में "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" का आयोजन किया जा रहा है
दिनाँक : 6 / 7 / 8 फ़रवरी 2024 समय प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
स्थान : केशलता अस्पताल , डेलापीर - बरेली
हड्डी एवं स्पाइन रोग विशेषज्ञ
डॉ. (प्रो.) वरुण अग्रवाल
मिनिमल इनवेसिव और एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जन, प्रो. ऑर्थोपेडिक्स, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रज्ञा मिश्रा
गायनी एंडोस्कोपी, लेप्रोस्कोपी और हिस्टेरोस्कोपी सर्जन, प्रो. गायनी, स्त्री रोग विशेषज्ञ रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली
FREE! "विशाल स्वास्थ्य जाँच शिविर" FREE!
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) सलाहकार चिकित्सक और कार्डियो - मधुमेह विशेषज्ञ
डॉ. अनुपम सेठ
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन) गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट एवं न्यूरोलॉजिस्ट
विशेष सुविधाएं
- नि:शुल्क परामर्श
- बी.एम.डी जॉच नि:शुल्क
- खून की जांचों पर भारी छूट
- एक्स-रे पर भारी छूट
- सभी दवाइयों पर भारी छूट
- आयुष्मान कार्ड धारकों का नि:शुल्क ऑपरेशन
- कैंप मैं रजिस्टर्ड मरीजों के ऑपरेशन पर भारी छूट
नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 9081800900, 8006460900

## एक नजर

### प्रधान ने की जर्जर तार और पोल बदलने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत कौड़िया के शुक्ल कौड़िया गांव में जर्जर विद्युत तारों व खंभों को बदलवाये जाने की मांग ग्राम प्रधान रिंकू मिश्र ने सांसद बृजभूषण शरण सिंह से की है। उनकी मांग पर सांसद ने मुख्य अभियंता को कार्रवाई कराए जाने का निर्देश दिया है।

### 196 महिला समूहों का किया गया सीसीएल

**रुपईडीह, गोंडा :** चालू वित्तीय वर्ष में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायतो में गठित 35 महिला स्वयं सहायता समूहों का सीसीएल कर दिया गया है। ब्लॉक मिशन प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि 196 महिला स्वयं सहायता समूह का सीसीएल किए जाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### वीरपुर झलहिया में स्कूल खोलने की मांग

**रुपईडीह, गोंडा :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत वीरपुर झलहिया के गोड़ा चाटी गांव में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना आज तक नहीं हो सकी है। इससे गांव के अधिकांश बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के लिए दिक्कतें उठानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान रिंकू ओझा ने सीडीओ से उक्त गांव में प्राथमिक विद्यालय खुलवाए जाने की मांग की है।

### चोरी की दो बाइक समेत आरोपी गिरफ्तार

**मसकनवा, गोंडा :** मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर दो मोटर साइकिल बरामद किया। एसओ छपिया सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान चौकी प्रभारी मसकनवा दिलीप सिंह टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी मिली सूचना पर मसकनवा भोपतपुर मार्ग पर नहर पुलिया के पास से एक किशोर निवासी ग्राम तेजपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से दो मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

# अंकित हत्याकांड और बैंक लूट पर अखिलेश ने सरकार का किया घेराव

## पूर्व सीएम ने कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल, कहा-अब हंसिया दिखा कर लूटे जा रहे बैंक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्य मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जिले के अंकित हत्याकांड व बैंक लूट को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर तीखा हमला किया है। शनिवार को पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि पुलिस सो रही है और बदमाश हंसिया दिखा कर बैंक लूट रहे हैं। अंकित तिवारी हत्याकांड में आरोपी डॉक्टर की गिरफ्तारी न होने पर भी पूर्व मुख्यमंत्री ने सवाल खड़ा किया। अखिलेश यादव शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन की बेटी की शादी में शिरकत करने पहुंचे गोंडा पहुंचे थे।



पत्रकारों के साथ प्रेसवार्ता करते पूर्व सीएम अखिलेश यादव। अमृत विचार

पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रदेश सरकार की कानून व्यवस्था, भ्रष्टाचार व जीरो टॉलरेंस पॉलिसी पर जमकर प्रहार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के नेता भूमाफिया का काम कर रहे हैं। जमीनें कब्जा कर रहे हैं।

गोरखपुर में मुख्यमंत्री ने खुद कहा है कि भू माफियाओं पर लगाम लगाएं। अखिलेश ने सवाल किया कि जब गोरखपुर में माफियाओं पर लगाम नहीं लग रही है तो गोंडा में भू माफिया पर कैसे लगेगी। अखिलेश ने कहा कि अगर सरकार वाकई मर्यादित है, आदर्श है, मर्यादा के रास्ते पर चल रही है तो जमीन की खरीद फरोख्त को सार्वजनिक क्यों नहीं करती।

गोंडा और अयोध्या में सबसे ज्यादा जमीनें किसने खरीदी है यह सार्वजनिक किया जाना चाहिए। महिला अस्पताल में डाक्टर की लापरवाही से हुई गर्भवती महिला की मौत के मामले को उठाते हुए सीएम ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल सबसे खराब है। अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं और बच्चों की जान जा रही है। बेरोजगारी के मुद्दे पर पूर्व सीएम ने तंज कसा। कहा कि आज प्रदेश का नौजवान 40-45 हजार रुपए की नौकरी के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर इजराइल जा रहा है। यही प्रदेश सरकार के रोजगार का नया अवसर है। लोकसभा चुनाव को लेकर पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा के टिकट काटने जा रही है इंडिया गठबंधन ही एनडीए को हराने का काम करेगा। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री योगेश प्रताप सिंह पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, पूर्व विधायक बैजनाथ दुबे, सूरज सिंह, मसूद आलम खान, जिला अध्यक्ष असद हुसैन खान, नगर पालिका अध्यक्ष उज्मा राशिद समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# घर का ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और जेवरात पर हाथ साफ किया

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के जानकीनगर मोहल्ले में शुक्रवार की रात अज्ञात चोर एक घर का ताला तोड़कर घर में रखी नगदी जेवरात व लैपटॉप लेकर फरार हो गए। चोरों की यह करतूत घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



घर में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

नगर कोतवाली क्षेत्र के हारीपुर मदनगरा गांव के रहने वाले अंकुर शुक्ला जानकी नगर मोहल्ले में स्थित मकान में रहते हैं। शुक्रवार की रात अज्ञात चोर उनके घर का तोड़कर भीतर घुस गए और घर में रखी नकदी, जेवरात व लैपटॉप उठा ले गए। उन्हें सुबह घटना की जानकारी हुई। चोरी की यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। सूचना पर पहुंची नगर कोतवाली पुलिस घटना की छानबीन में जुटी है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्द कराने के लिए तहरीर दी है।

# पेड़ से लटककर अधेड़ ने दी जान

**नवाबगंज, गोंडा:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के सरयू पुल के नीचे लगे एक पेड़ पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव लटकता पाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के दुर्गा गंज माझा गांव के समीप पुराने सरयू पुल के नीचे शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों ने एक 45 वर्षीय युवक को चिलबिल के पेड़ से लटकते हुए देखा। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया। सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज शिवलखन सिंह ने बताया कि युवक ने पेड़ पर मफलर के सहारे लटक कर फांसी लगाई है।

# रंजिश में प्रधान को पीटा

**गोंडा कार्यालय:** मोतीगंज थाना क्षेत्र के चौरी हरसोपट्टी गांव के ग्राम प्रधान की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। घायल ग्राम प्रधान को इलाज के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में झंझरी ब्लाक के पूर्व ब्लाक प्रमुख समेत गांव के ही पांच लोगों पर चुनावी रंजिश को लेकर हमला करने का आरोप है। पीड़ित ग्राम प्रधान ने सभी के खिलाफ मोतीगंज थाने में नामजद तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



झंझरी ब्लाक के ग्राम पंचायत चौरी हरसोपट्टी गांव के प्रधान सदानंद तिवारी के मुताबिक शुक्रवार को वह ग्राम पंचायत में इंटरलॉकिंग का काम करा रहे थे। इसी बीच चुनावी रंजिश को लेकर गांव के ही रहने वाले एक पूर्व ब्लाक प्रमुख और उनके परिजनों ने उन पर हमला कर दिया और लाठी डंडों से उनकी जमकर पिटाई की। इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल प्रधान को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम प्रधान का कहना है कि आरोपी इसके पहले भी उन्हें प्रधान पद से इस्तीफा देने और जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मोतीगंज थाने में तहरीर दी है।

# चोरी में प्रयुक्त होने वाले सामान के साथ तीन गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय:** कोतवाली नगर पुलिस ने चोरी करने के समान के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत उप निरीक्षक प्रेमानंद टीम के साथ रात्रि गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते समय मनकापुर से उतरौला रोड पर स्थित ग्राम मादे मोड़ के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के राधाकुंड मोहल्ले से एक ढाबली का ताला तोड़कर उन लोगों के द्वारा चोरी की गई थी। ढाबली की दुकान मे रखा हुआ सामान सिगरेट के कई पैकट, बिस्कुट, टाफी व अलग अलग कम्पनी के साबुन की चोरी की गयी थी। थाना धानेपुर क्षेत्र के बाबगंज बाजार से घडी की दुकान से अलग अलग कंपनियों की हैण्ड वाच चोरी की थी। जिसमें से पैसे की आवश्यकता के कारण हम लोगो ने सामान बेचकर आपस में पैसे बाट कर खर्च कर दिये है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद जावेद पुत्र मोहम्मद असलम निवासी पटेल नगर घोसियाना, हैदर अली पुत्र अकबर अली निवासी मोहल्ला इमामबाड़ा फैजाबाद रोड, थाना कोतवाली नगर, अब्दुल पुत्र रहमान निवासी आसरा आवास सिविल लाइन, थाना कोतवाली नगर है। आरोपियों के पास से पुलिस ने हथौड़ी, लोहे की आरी, चाभी का गुच्छा, चोरी की घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन, चोरी की 59 डिब्बी सिगरेट भिन्न भिन्न कंपनियों की हैण्ड वाच,1 डिब्बा में टॉफियां बरामद किया गया है।

# ट्रेन में गूंजी किलकारी, आरपीएफ ने ट्रेन रोककर कराया सुरक्षित प्रसव

**गोंडा कार्यालय:** शुक्रवार रात दिल्ली से बिहार जा रही बरौनी क्लोन एक्सप्रेस में उस वक्त एक नवजात की किलकारी गूंज उठी जब यात्रा कर रही एक प्रसव पीड़िता ने महिला यात्रियों के सहयोग से ट्रेन में ही एक बेटे को जन्म दिया। महिला की डिलीवरी कराने में मनकापुर रेलवे सुरक्षा बल की भी अहम भूमिका रही। प्रसव पीड़ा की जानकारी मिलते ही आरपीएफ इंस्पेक्टर ने मनकापुर में ट्रेन को रुकवाया और प्रसव पीड़ित महिला को फौरन चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई। डिलीवरी के बाद जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ पाए गए। करीब



30 मिनट बाद ट्रेन को मनकापुर से छपरा के लिए रवाना किया गया।

बिहार के सारण जिले की रहने वाली प्रियंका (30) पति के साथ दिल्ली में रहती है। गर्भवती प्रियंका शुक्रवार को पति धीरज सिंह और परिजनों के साथ बिहार जा रही थी। यात्रा के दौरान प्रियंका को प्रसव पीड़ा होने लगी। परिजनों ने इसकी सूचना ट्रेन कोच अटेंडेंट को दी तो प्रसव पीड़िता की मदद के लिए तत्काल कंट्रोल रूम को सूचित किया गया। कंट्रोल रूम से मिली सूचना के बाद मनकापुर आरपीएफ की टीम सक्रिय हुई और ट्रेन को मनकापुर स्टेशन पर रुकवाया गया। आरपीएफ निरीक्षक उदय राज के नेतृत्व में टीम ने 108 एंबुलेंस को फोन किया। आरपीएफ व 108 एंबुलेंस पर तैनात कर्मियों ने महिला यात्रियों के सहयोग से पीड़ित महिला का प्रसव ट्रेन में ही कराया। महिला ने प्रसव के दौरान एक बेटे को जन्म दिया। ट्रेन में नवजात की किलकारी गूंजते ही सभी ने तालियां बजाईं।



किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन देते क्रांति यूनियन के सदस्य। अमृत विचार

### किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**करनैलगंज, गोंडा :** भारतीय किसान क्रांति यूनियन की तहसील स्तरीय मासिक बैठक पंचायत तहसील मुख्यालय पर हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी को 5 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में किसानों की तमाम समस्याओं के साथ पिछले माह दिए गए ज्ञापन पर कार्रवाई न होने पर चेतावनी भी दी गई तथा नए ज्ञापन में किसानों की समस्याओं का तत्काल प्रभाव से निस्तारण कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में यूनियन के प्रदेश महासचिव भानु प्रताप मिश्रा, तहसील अध्यक्ष राजन मिश्रा, जिला संयोजक घनश्याम गोस्वामी, प्रदेश संगठन मन्त्री सतेंद्र दूबे, डा. रामदेव सिंह, समरू निशा, ब्लॉक अध्यक्ष अनिता, लल्ली, शान्ति चन्द्र मिश्रा, अवधेश मिश्रा, राधेश्याम, शिवकुमार, अशोक वर्मा, रमेश, शोभा राम, सालिक राम आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

# डीपीओ ने जाना नवजात का हाल, गन्ने के खेत में मिला था

**गोंडा कार्यालय:** खोड़ारे थाना क्षेत्र के बैजपुर गांव में गन्ने के खेत में मिले नवजात का हाल जानने के लिए शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी जिला महिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बच्चे का इलाज कर रहे डाक्टर से उसके स्वास्थ्य के विषय में जानकारी ली तथा उसकी समुचित देखभाल के लिए संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया।

बैजपुर गांव में बीते 27 जनवरी को एक नवजात गन्ने के खेत में लावारिस हालत में पड़ा मिला था। गांव की रहने वाली एक महिला आसमां ने बच्चे को अपने ममता की



शिशु के स्वास्थ्य की जानकारी लेते डीपीओ।

गांव देकर उसे अपनाने की ख्वाहिश जतायी थी, लेकिन पुलिस व चाइल्ड हेल्प लाइन के अधिकारियों ने नवजात को महिला से लेकर उसे जिला महिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। तब से बच्चे का इलाज चल रहा है। उसे अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पुरुषार्थ शुक्ला की देखरेख में नवजात का इलाज किया जा रहा है। शनिवार को जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी महिला अस्पताल पहुंचे और नवजात का हाल जाना और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को बच्चे के समुचित देखभाल का निर्देश दिया। डीपीओ के साथ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ राम लखन, बाल देखरेख संस्थान के संस्था संचालक उपेंद्र श्रीवास्तव, संस्था के एडॉप्शन ऑफिसर प्रदीप जायसवाल, पैरामेडिकल स्टाफ आशु सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

# मदरसा बोर्ड की परीक्षा 13 से 21 फरवरी तक

गोंडा कार्यालय

- उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित किया

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद ने अपनी वार्षिक परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम घोषित कर दिया। मदरसा बोर्ड की परीक्षा 13 फरवरी से शुरू होगी। यह 21 फरवरी तक दो पालियों में होगी। सुबह आठ बजे से 11 बजे तक पहली पाली और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होगी। गोंडा के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि मौलवी/मुंशी (सेकेंडरी) की परीक्षा प्रथम पाली में सुबह आठ से 11 बजे तक होगी।

आलिम (सीनियर सेकेंडरी), कामिल एवं फाजिल की परीक्षा दूसरी पाली दोपहर दो बजे से पांच बजे के बीच होगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सभी मदरसों के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधकों को परीक्षा की समय सारिणी भेज दी गई है। इसके अलावा मदरसा बोर्ड की वेबसाइट पर भी समय सारिणी अपलोड कर दी गई है। इसके जरिये भी समय सारणी देखी जा सकती है।

# ज्ञान परीक्षा में फातिमा के बच्चे प्रथम

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बीते अक्टूबर माह में शांतिकुंच हरिद्वारा की ओर से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया है। इसमें जिले के 147 स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। परीक्षा का परिणाम आया तो उसमें फातिमा के एक बच्चे ने प्रथम स्थान हासिल किया।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे सम्मानित किए गए। फातिमा स्कूल की यशस्वी श्रीवास्तव कक्षा 11 की छात्रा ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। यह परीक्षा अक्टूबर माह में आयोजित की गई थी। इसमें जनपद के 147 स्कूलों के




परीक्षा पास करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

करीब 13486 बच्चों ने भाग लिया था, जिसमें कक्षा 5 से 12 तक के बच्चे शामिल हुए थे।

शनिवार को फातिमा स्कूल में हर कक्षा के टॉपर बच्चों देवेंद्र कुमार, अनन्या सिंह, पुशान श्रीवास्तव, दीप्तिमणी श्रीवास्तव आकृति पांडेय, आरुष श्रीवास्तव, यशस्वी श्रीवास्तव, माही शरण को मेडल, सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार गोंडा के डॉक्टर अनूप श्रीवास्तव, केवी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर अरुण मारस, सिस्टर स्मिता, शिक्षक सतीश चौबे एवं संजीव अग्रवाल को विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया। स्कूल के नए प्रधानाचार्य फादर अरुण मारस ने इस तरह की परीक्षा कराने के लिए गायत्री परिवार के लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह की परीक्षा से सभी को अपनी संस्कृति और सभ्यता की जानकारी होने के साथ-साथ उनमे अच्छे संस्कार पनपते हैं। जिससे बच्चे जीवन में सकारात्मक सोच के साथ अपनी मंजिल तक पहुंचने में सफल होते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य ने गायत्री परिवार के लोगों को पुष्प और शाल देकर सम्मानित किया एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं शुभकामनाएं दीं।

# गुब्बारा फटा, दो झुलसे

**गोंडा कार्यालय:** पूर्व सीएम अखिलेश यादव के कार्यक्रम में शनिवार को गुब्बारा फटने से दो युवक घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में ले जाया गया है। हालांकि युवक कहां के रहने वाले हैं इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। दरअसल पूर्व मुख्यमंत्री और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी जिलाध्यक्ष की बेटी की शादी में शामिल होने हेलीकॉप्टर से गोंडा पहुंचे थे। जमुनिया बाग में बने हेलीपैड पर उनका हेलीकॉप्टर उतरना था। हेलिकॉप्टर देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में जुटे थे। जैसे ही पूर्व सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा वैसे ही मैदान पर लगाया गया एक गुब्बारा तेज



आवाज के साथ फट गया। इस गुब्बारे की चपेट में आकर वहां मौजूद दो युवकों का चेहरा बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने आनन फानन में दोनों को वहां से हटाया। बताया जा रहा है कि गंभीर रूप से झुलसे दोनों युवकों को इलाज के लिए किसी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झुलसने वाले युवक कहां के रहने वाले हैं इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

**स्पर्धा** राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं की ओर से कटरा बाजार में किया गया आयोजन

# छात्र पंचायत ने कराई उत्साह दौड़ प्रतियोगिता

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** शनिवार को राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं की ओर से कटरा बाजार में उत्साह दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कटरा ब्लॉक प्रमुख भवानी भीख शुक्ला ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल के माध्यम से ही हम फिट रह सकते हैं और हमें अपने जीवन में



दौड़ प्रतियोगिता में जुटे खिलाड़ी। अमृत विचार

प्रतिदिन के लिए कोई एक आउटडोर गेम खेलना चाहिए जिससे हम स्वस्थ रह सकें। इस प्रकार के आयोजन से ही ग्रामीण में रहने वाले छात्र-छात्राओं की प्रतिभा बाहर निकल कर आती है जिससे वह जिले में ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। छात्र पंचायत का यही लक्ष्य है कि ग्रामीण से प्रतिभा निकालकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे जिससे राष्ट्र का खेल जगत में एक अलग स्थान प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम संयोजक अमित तिवारी ने बताया कि 100 मीटर में प्रथम स्थान संदीप तिवारी ने प्राप्त किया व 400 मीटर में काजल ने प्राप्त किया व 1600 मीटर में शिवम रावत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में भारतीय इंटर कॉलेज, रामप्यारी इंटर कॉलेज, श्याम कंवर इंटर कॉलेज आदि कॉलेज के छात्राओं ने इस कार्यक्रम में प्रतिभा किया। इस अवसर पर डॉ अंकुर तिवारी, अमर सिंह, विक्रम सिंह, शिवम मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

# पोषाहार वितरण न होने पर शिकायत

**करनैलगंज, गोंडा:** नौनिहालों को समूह द्वारा पोषाहार वितरण न करने पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री ने बाल विकास परियोजना अधिकारी, एडीओ आईएसबी व ब्लॉक प्रमुख से शिकायत की है। हलधरमऊ के ग्राम पंचायत सेल्हरी की आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री अर्चना पाल का आरोप है कि पाल स्वयं सहायता समूह द्वारा माह नवंबर, दिसंबर 2023 व माह जनवरी 2024 की दाल दलिया, सोयाबीन का तेल का उठान करके बच्चों में पोषाहार वितरण नहीं किया गया है। कई बार लाभार्थियों को पोषाहार देने के लिए केंद्र पर बुलाकर वापस कर दिया गया, जिससे आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की उपस्थिति कम होती जा रही है।

# शोध अध्ययन को आज वाराणसी रवाना होगा शोधार्थियों का दल

**गोंडा कार्यालय:** रविवार को एलबीएस कॉलेज से शोध यात्रियों का एक दल वाराणसी रवाना होगा। 'बदलती हुई काशी : मोदी प्रभाव' विषयक शोध अध्ययन/सर्वेक्षण के लिए इस अनूठी यात्रा में दो दर्जन से अधिक प्राध्यापक सम्मिलित हो रहे हैं। शोध अध्ययन यात्रा के आयोजन सचिव प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी ने समूचे देशवासियों के ध्यान को आकर्षित किया है। काशी के निवासियों का जीवन-स्तर, गंगा-घाटों सहित समूचे बनारस की स्वच्छता संबंधी आदतों, काशी में स्थानीय रोजगार की स्थिति, सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक स्थलों की पूर्व-अपर स्थिति, सड़क-परिवहन, दैनंदिन जन-जीवन आदि बिंदुओं पर शोधयात्रियों का दल सर्वेक्षण करके रपट तैयार करेगा। शोध अध्ययन यात्रा के संयोजक प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र निदेशक शोध केंद्र ने यात्रा के उद्देश्य को निरूपित किया। उन्होंने कहा कि इसके पूर्व शोध केंद्र द्वारा 'साहित्य की लोकमंगल यात्रा' मगहर, संत कबीर नगर से वाया अगौना त्रिमुहानी पसका तक निकाली गई थी। यह यात्रा संत कबीर की जन्मभूमि, आचार्य रामचंद्र शुक्ल और गोस्वामी तुलसीदास की कर्मभूमि काशी के एक दशक में बदले परिदृश्य के अध्ययन पर आधारित है। शोध यात्रियों में प्रो. बीपी सिंह, प्रो. संजय कुमार पांडेय, प्रो. जितेंद्र सिंह, प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र, प्रो. मंशाराम वर्मा, प्रो. जयशंकर तिवारी, डॉ. रवि प्रकाश ओझा, डॉ. पुनीत कुमार, डॉ. विवेक प्रताप सिंह, डॉ. अभिक सिंह, डॉ. धर्मेंद्र कुमार शुक्ला, डॉ. मनोज मिश्रा, डॉ. अरुण प्रताप वर्मा और शरद पाठक सहित अन्य प्राध्यापक शामिल हैं। शोध यात्रा के प्रारंभ के समय डॉ. रेखा शर्मा के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा रोली-तिलक आदि से यात्रा की सफलता की मंगल कामना की जाएगी।

## एक नजर

### शिविर में दिव्यांग बच्चों की समावेशी शिक्षा पर जोर

**बेलसर, गोंडा :** दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत बीआरसी बेलसर पर चल रहे नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का रविवार को समापन हुआ। संदर्भदाता स्पेशल एजूकेटर मृत्युंजय सिंह, श्रीचन्द व विवेक सिंह ने बच्चों की स्क्रीनिंग, चिन्हांकन, समर्थ एप पर पंजीकरण, साइनेज लैंग्वेज, ब्रेल लिपि, निदानात्मक शिक्षण तथा वैयक्तिक शिक्षण योजना पर विस्तार से चर्चा की। खण्ड शिक्षा अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत विकास खण्ड के 100 विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का प्रशिक्षण होना था जिसके क्रम में इस द्वितीय बैच में 50 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। एआरपी आरपी सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षक-शिक्षिकाओं को विद्यालयों में दिव्यांग तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के नामांकन, चिन्हांकन तथा सामान्य बच्चों की भांति समावेशी शिक्षा के अवसर और बाधा रहित वातावरण उपलब्ध कराने में उपयोगी सिद्ध होगा।

### मांगों को लेकर सौंपा पांच सूत्री ज्ञापन

**करनैलगंज, गोंडा :** भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय महामंत्री ने शनिवार को तहसील में आयोजित समाधान दिवस में किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा। जिसमें मांग की है कि करनैलगंज में आयुर्वेदिक अस्पताल के लिए जमीन चिन्हित कर शीघ्र निर्माण कराया जाए, कटरा घाट से सकरौरा घाट तक बने नाले की चौड़ाई बढ़ा कर सफाई कराई जाए, महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापित की जाए, पावर हाउस के सामने तालाब/नाले की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटवा कर भूमि संरक्षित की जाए, नीलगाय से फसलों को बचाने के लिए उचित प्रबंध किया जाए। ज्ञापन देने में किसान नेता प्रताप बाली सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेहंदी उत्सव के साथ शुरू हुआ श्री श्याम मंदिर का वार्षिकोत्सव

## आज नगर में निकाली जाएगी भव्य निशान शोभायात्रा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम मन्दिर का 20 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम शनिवार को मेंहदी उत्सव के साथ प्रारम्भ हुआ। हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार प्रत्येक शुभ कार्य की शुरुआत हाथों में मेहंदी रचाकर किया जाता है। कार्यक्रम की शुरुआत श्री राणी सती दादी जी के हाथों-पैरों में महिला मंडल की महिलाओं ने मेहंदी लगाकर किया। उसके बाद पुरुष, महिला एवं बच्चों ने मन्दिर प्रांगण में मेहंदी लगवाया और मेहंदी उत्सव के दौरान दादी को मीठे मीठे भजनों से रिझाया गया।


मेहंदी रचाने के बाद उसे प्रदर्शित करतीं महिलाएं। अमृत विचार

रविवार को प्रातः 9 बजे से भव्य निशान शोभायात्रा डीजे बैण्ड के साथ भजनों की धुन पर नगर में निकाली जायेगी। निशान यात्रा में श्री श्याम प्रभु एवं राणी सती दादी का भव्य दरबार सजाया जायेगा। पहली निशान यात्रा रानी बाजार स्थित श्रीराम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी तक और दूसरी निशान यात्रा चौक बाजार के पीपल चौराहे से निकलकर बड़गांव पुलिस चौकी पहुंच कर दोनों निशान यात्रा ददुआ बाजार स्थित श्री श्याम प्रभु खाटू श्याम जी के मंदिर प्रांगण में पहुंच कर बाबा श्याम को निशान अर्पित करेंगे। बाबा-दादी का आर्शीवाद लेंगे।

मेहंदी कार्यक्रम के दौरान श्रीश्याम मंदिर महिला मंडल की अध्यक्षा सरोज अग्रवाल, पूनम मित्तल, बेनू मोदी, नीतू गर्ग, मीना अग्रवाल, सरिता अग्रवाल, सरोज गर्ग, सुधा टेकरीवाल, पुष्पा सोमानी, वर्षा अग्रवाल, प्रीती अग्रवाल, प्रेमलता सिंघल, शारदा गर्ग, नीलम जैन सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।

# समाधान दिवस में आईं 79 शिकायतों में दो निस्तारित

करनैलगंज, गोंडा

**अमृत विचार:** शनिवार को करनैलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौली ने जनसमस्याओं को सुना। जिसमें 79 शिकायत प्राप्त हुई। मौके पर दो शिकायतों का निस्तारण किया गया।

सर्वाधिक शिकायत भूमि विवाद और पेंशन, आवास, चकमार्गों पर कब्जा आदि की प्राप्त हुई। जिन्हें गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कार्रवाई के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस पर हर अधिकारी को न सिर्फ फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनना चाहिए वरन उनका मौके पर निस्तारण करने की पूरी कोशिश भी करनी चाहिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी विशाल कुमार, तहसीलदार मनीष कुमार, नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित तहसील क्षेत्र के तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

# विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**नवाबगंज, गोंडा:** नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र कर्मचारियों ने शनिवार को उपखण्ड अधिकारी नवनीत सिंह के नेतृत्व में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में कैंप कर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिजली विभाग के खंड अधिकारी ने बताया कि एकमुश्त समाधान योजना में जिन्होंने बिल जमा नहीं किया था। उन्हीं लोगों के लगभग आधे दर्जन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए गए हैं। जल्द से जल्द बकाया राशि भुगतान करने को कहा गया है।

इस मौके पर उपस्थित अवर अभियंता राम अचल, बिलिंग सुपरवाइजर आलोक सिंह, अमित सिंह, अश्वनी सोनी, पवन मिश्रा समेत अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।


मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**गोंडा कार्यालय :** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 16 सूत्रीय मांग पत्र भेजा है। प्रदेश मंत्री राजू वाल्मीकि कोहिनूर के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में सफाई ठेका प्रथा जैसी गुलामी को समाप्त करने की मांग की गयी है। राजू वाल्मीकि ने कहा है कि सफाई के लिए ठेका प्रथा को समाप्त किया जाए। सभी सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए। उन्होंने कहा कि यूनियन के बैनर तले जो ज्ञापन में मांग किया जाए उस पर सरकार गंभीरता से विचार करें। जिससे सभी लोगों को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश के क्रम में यह ज्ञापन सौंपा गया है। आने वाले दिन में व्यापक रूप से समस्याओं के निदान न होने पर आंदोलन चलाया जाएगा। इस दौरान विकास वाल्मीकि अविनाश सिंह, अमरजीत वाल्मीकि, मनीष कुमार, मिथुन वाल्मीकि, सुजीत कुमार, राहुल, संदीप, मीना, रुही, कैलाश, पिंटू, राम लाल मौजूद रहे।

# शोध के लिए विद्यार्थियों को करें प्रेरित

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** देशज ज्ञान और विज्ञान के प्रति छात्र-छात्राओं में अभिरुचि उत्पन्न कर उन्हें शोध के लिए उत्प्रेरित किया जाना चाहिए।

उक्त बातें श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्री -पीएचडी कार्यक्रम में अध्यक्षीय उद्बोधन करते हुए प्राचार्य प्रोफेसर आर .के. पांडे ने कही। वहीं नैक प्रभारी प्रोफेसर जितेंद्र सिंह एवं कृषि संकाय विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम द्विवेदी ने डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा वनस्पति विज्ञान का नोडल सेंटर श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज को बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया। मुख्य



कार्यशाला में विचार व्यक्त करते प्रोफेसर श्रवण श्रीवास्तव। अमृत विचार

वक्ता के रूप में बोलते हुए बीएड विभाग के प्रोफेसर संदीप श्रीवास्तव ने विस्तार से पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से रिसर्च मेथोडोलॉजी पर प्रकाश डाला। सांस्कृतिक निदेशक एवं वनस्पति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा शर्मा ने मंच संचालन करते हुए शोध प्रक्रिया की विधि को समझाया। प्री पीएचडी कोर्स वनस्पति विज्ञान नोडल केंद्र के समन्वयक प्रोफेसर श्रवण कुमार श्रीवास्तव ने प्री पीएचडी कोर्स के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। डॉ संजय वर्मा, डॉक्टर प्रियंका श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन त्रिपाठी एवं ड्रिंकल यादव ने स्वागत किया।

# सीएम से करेंगे मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग

खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** श्री चतुर्भुजी नाथ मंदिर ग्राम चतुर्भुजवा महादेवा कला में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा अमृत के दूसरे दिन वशिष्ठ पीठाधीश्वर डॉ रामविलास दास वेदांती ने दक्ष प्रजापति के घर भगवती सती के प्राकट्य उत्सव की कथा कही। जिनका नाम उमा और सती उनके गुणों के आधार पर रखी गयी।


शिव महापुराण की कथा कहते राम विलास वेदांती। अमृत विचार


कथा में मौजूद श्रोतागण। अमृत विचार

महाराज जी ने कहा कि ज्ञानवापी मंदिर में हिन्दुओं को पूजन का अधिकार मिलना सनातन की बड़ी जीत है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मैं वार्ता करके अपनी बात रखेंगे कि जिस तरह प्रदेश के हजारों मंदिरों का जीर्णोद्धार उन्होंने किया है। उसी तरह भगवान चतुर्भुजीनाथ मन्दिर का भी जीर्णोद्धार कर इसका उद्घाटन अपने हाथों से करें। कार्यक्रम में स्थानीय एवं दूरदराज के इलाकों से बड़ी संख्या में भक्तों का जमावड़ा हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संयोजक पीठाधीश्वर संत राघवेश दास वेदांती, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह अश्विनी, राम कृपाल शुक्ल, संतोष घनश्याम शुक्ला, राम बनारस शुक्ल, मंशाराम तिवारी, बच्चन बाबू तिवारी, विजय शुक्ला, रोहिणी नन्दन पाण्डेय, इन्द्र देव पाण्डेय सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# विरोधः पुलिस ने निर्माण कार्य बंद कराया

कटरा बाजार, गोंडा

**अमृत विचार:** स्थानीय नगर पंचायत में भू माफियाओं ने एक तालाब को पाटकर उस पर नींव भर दी। इसके बाद प्लाटिंग कर उसकी खरीद फरोख्त भी शुरू कर दी। शनिवार को सभासदों ने इसका विरोध किया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने निर्माण कार्य बंद करवा दिया। एसडीएम ने तालाब की पैमाइश के लिए नायब तहसीलदार को निर्देश दिया है।


नगर पंचायत के तालाब को पाटकर की गई प्लाटिंग। अमृत विचार

नगर पंचायत के पठान टोला स्थित एक मात्र तालाब पर दबंगों ने अवैध कब्जा जमा लिया है। असफाक खां, रविन्द्र कुमार गोस्वामी व साजिद सहित अन्य सभासदों ने विरोध दर्ज कराते हुए पुलिस को सूचना दी और निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की। नगर पंचायत अध्यक्ष शमा परवीन के पिता पूर्व चेयरमैन मुजीबुल हसन सुबराती ने बताया कि तालाब पर अवैध कब्जे की सूचना मिली है। अधिशासी अधिकारी मामले की पैरवी कर रहे हैं।

अधिशासी अधिकारी धनुष धारी सिंह ने बताया कि सभासदों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक व उप जिलाधिकारी को तालाब पर अवैध कब्जा होने की सूचना दी गई है। उप जिलाधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि तालाब पर अवैध कब्जे की सूचना मिली है। नायब तहसीलदार कटरा बाजार को स्थलीय निरीक्षण के लिए भेजा गया है। नायब तहसीलदार संतोष कुमार ने जानकारी दी कि नगर पंचायत के तालाब पर अवैध कब्जा रोकने के लिए पुलिस को निर्देश दिया गया है। साथ ही एक उच्च स्तरीय टीम बनाकर तालाब के क्षेत्रफल का सीमांकन कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तालाब में मिट्टी पटाई का कार्य रोक दिया गया है। दो संदिग्ध वाहनों को कब्जे में लेकर कार्यवाई की जा रही है। उधर दूसरे पक्ष की दलील कि हमारा भी बैनामा है।

# मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शनिवार को औषधि प्रशासन, पुलिस विभाग एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने नगर स्थित कैश्वार मेडिकल एजेंसी एवं एसएस मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की और अल्कोहल युक्त औषधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध मदिरा, टिंचर औषधि की जाँच औषधि निरीक्षक रजिया बानो, आबकारी निरीक्षक वंदना केसरवानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ने संयुक्त रूप से की। इसके साथ ही अल्कोहल युक्त औषधियों एवं टिंचर को शराब के रूप में दुरुपयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाये जाने के लिए कैश्वार मेडिकल एजेंसी एवं एसएस मेडिकल स्टोर को निर्देश दिये कि इसका प्रयोग अवैध है हालांकि निरीक्षण में टिन्चर अल्कोहल युक्त औषधि की उपलब्धता नहीं पायी गयी। निरीक्षण के दौरान पाई गयी कमियों को सुधार लाने के लिए संबंधित को निर्देशित कर दिया गया है। साथ ही एलोपैथिक औषधियों में 03 संदिग्ध औषधियों को जांच के लिए वाराणसी प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।


मेडिकल स्टोर पर दवाओं का निरीक्षण करती टीम। अमृत विचार

# जमीन पर कब्जा किया तो गुंडा एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**मनकापुर, गोंडा:** सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही की जाएगी। यह बात शनिवार को तहसील मनकापुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कही। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 120 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 07 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

डीएम ने कहा शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। शनिवार को तहसील मनकापुर में पहुंची डीएम नेहा शर्मा ने फरियादियों की शिकायतें सुनना शुरू किया। ग्राम अमघटी निवासी जय प्रकाश मिश्रा ने शिकायत किया कि गाटा में चकमार्ग खाते की भूमि है जिसे राजस्व व पुलिस टीम की मौजूदगी में सीमांकन करके चकमार्ग का अतिक्रमण हटवाया गया था, लेकिन दंबगों ने दोबारा सरकारी चकमार्ग पर कब्जा कर लिया है जिससे दबंगों पर मुकदमा भी कायम किया गया था। शिकायत का डीएम ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज व मौजूद अन्य थाना अध्यक्षों से कहा कि ऐसे लोग जो पैमाइश के बाद सरकारी जमीन पत्थर नसब होने के बाद पत्थर उखाड़ देते हैं उन पर त्वरित कार्रवाई की जाए।


जनसुनवाई करतीं डीएम नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

राजस्व विभाग अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सरकारी संपत्ति नुकसान में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाते ऐसे प्रकरणों में दबंगों को चिह्नित करके उन पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई करायें। शिकायत कर्ता राम गनेश निवासी अम्बरपुर ने शिकायत किया कि पीएम आवास की तीसरी किश्त व मजदूरी नहीं मिल रही है। शौचालय के लिए ऑनलाइन किया लेकिन क्षेत्रीय सचिव ने अपात्र की रिपोर्ट लगा दी।

इस मामले में खंड विकास अधिकारी को जांच व कार्रवाई का निर्देश दिया है। शिकायतकर्ता डीके पांडेय ने जल निगम से बनी पानी की टंकी से वर्षो से स्वच्छ पेयजल की सप्लाई नहीं होने की शिकायत की। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गोमती पाठक निवासी खरदौरी पाठक मजरा तिलया ने शिकायत किया कि गांव के एक हिस्ट्रीशीटर जानमाल की धमकी दे रहा है। एसपी विनीत कुमार ने थानाध्यक्ष खोडारे को जांच करके कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस मौके पर एसपी विनीत जायसवाल, सीएमओ रश्मि वर्मा, डीएफओ पंकज शुक्ला, डीपीआरओ लाल जी दूबे, पीडी चंद्र शेखर, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना, वनाधिकारी विनोद नायक, कोतवाल राजकुमार सरोज सहित तहसील स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत 50 किसानों में से 31 को पंपिंग सेट का स्वीकृत प्रमाण सौंपा।

# बैंक लूटकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा कार्यालय:** पुलिस अधीक्षक कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई बैंक लूट की वारदात का पुलिस ने महज 10 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। लुटेरे की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने शुक्रवार की देर रात मुठभेड़ में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी ते पैर में गोली लगी है और उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


बैंक लूट करने वाले घायल बदमाश को अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

आरोपी के पास से पुलिस ने लूटे गए 8.54 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक, हंसिया व हेलमेट बरामद कर लिया है। एसपी ने खुलासा करने वाली एसओजी व नगर कोतवाली की पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है। शहर के सबसे हाई सिक्युरिटी जोन में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा में बाइक सवार लुटेरे ने शुक्रवार की सुबह 11:30 बजे बैंक कैशियर श्वेता गौड़ के गर्दन पर हंसिया सटाकर 8.54 लाख रूपया लूट लिया था और फरार हो गया था। शहर के सबसे सुरक्षित समझे जाने वाले इलाके में हुई लूट की वारदात से जिले में सनसनी फैल गई थी। देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था। लुटेरे की धरपकड़ के लिए एसओजी समेत पांच पुलिस टीमों को लगाया गया था। खुद को पुलिस के शिकंजे में फंसता देख आरोपी लुटेरा फारबिसगंज के पास सीडब्लूसी दफ्तर के सामने बाइक व नगदी छोड़कर फरार हो गया था। लूट की रकम व बाइक बरामद करने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश में लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही थी। रात करीब 9:00 बजे एसओजी व नगर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम से लुटेरे की मुठभेड़ हो गई। गोंडा लखनऊ हाईवे पर स्थित हारीपुर कुर्मियन पुरवा गांव के पुलिस टीम ने लुटेरे को घेर लिया। पुलिस की घेराबंदी से बचने के लिए आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी।

बताया जा रहा है कि लुटेरे ने पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए लुटेरे को धर दबोचा। इस कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है और वह घायल हुआ है। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एसपी विनीत जायसवाल ने पहले घटनास्थल और फिर अस्पताल पहुंचकर घायल आरोपी से पूछताछ की। आरोपी की पहचान नगर कोतवाली क्षेत्र के फारबिसगंज पंतनगर के रहने वाले राकेश गुप्ता के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के पास से लूटे गए 8.54 लाख रुपये व घटना में प्रयुक्त बाइक, हंसिया व हेलमेट बरामद कर लिया है। इस मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी शादाब आलम, कांस्टेबल रणधीर सिंह, लोकेश नागर, हेड कांस्टेबल पंकज सिंह और नगर कोतवाली टीम शामिल रही। एसपी ने खुलासा करने वाली एसओजी व नगर कोतवाली की पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया है।

# सम्मान समारोह का किया आयोजन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** बड़गांव स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में उड़ीसा राष्ट्रभाषा परिषद द्वारा समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के प्रदेश संरक्षक राजकुमार जायसवाल ने किया।

बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद मिश्र, प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष नवीन मिश्रा उपस्थित रहे। उड़ीसा राष्ट्रभाषा परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष वाजिद अली ने बताया कि समारोह कई जिलों में आयोजित किया गया जा रहा है। वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के द्वारा प्रतिवर्ष जनपद मे खुशवंत सिंह की जयंती के उपलक्ष में आयोजन किया जाता है।


उड़ीसा राजभाषा परिषद की ओर से सम्मानित शिक्षक। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के वरिष्ठ प्रदेश संयोजक, प्रबंधक नेशनल पब्लिक स्कूल बड़गांव ने समाजसेवियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद जोशी, खेमचंद ऐश्वर्य प्रियदर्शी गुप्त, मुकेश कुमार पाठक, डॉ अशोक शुक्ला, नीलम प्रकाश पाठक, उमाशंकर विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार पाण्डेय, दीपक कुमार परमात्मा सिंह, विजय प्रताप सिंह, राकेश कुमार तिवारी हरेंद्र कुमार जायसवाल, सहित सैकड़ों स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### अज्ञात वाहन से कुचलकर लड़की के पिता की मौत

**बहराइच, अमृत विचार।** श्रावस्ती जिले के हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के ग्राम नौवनपुरवा निवासी राजपाल पुत्र गुरु प्रसाद अपनी बेटी की शादी के लिए 12 जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के तेडवा गांव में बातचीत करने के लिए जा रहे थे। इस दौरान दोपहर एक बजे अज्ञात वाहन ने राजपाल को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जाएगी।

### बिजली कर्मियों से मारपीट

**विशेश्वरगंज, बहराइच।** जिले के निगोह गांव में शनिवार को विद्युत उपकेंद्र विशेश्वरगंज में संविदा कर्मचारी कमल बाबू पुत्र साधू यादव निवासी रनियापुर गोबरही की तैनाती है। शनिवार को कमल बाबू अपने साथी राजकुमार हरिश्चंद्र प्रेमनाथ मंसाराम समेत अन्य के साथ ग्राम पंचायत निगोह के मजरा खोजनापुर में बकाया बिल की वसूली करने के लिए गए। यहां पर किसी बात को लेकर लोगों ने बिजली कर्मियों की पिटाई कर दी। संविदा कर्मचारी कमल बाबू ने गांव निवासी बब्बू मौर्य, खुशीराम, परशुराम, राम केवल मौर्य, मुंशीलाल, कन्हैया और पांच अन्य अज्ञात के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक मुकदमा नहीं लिखा गया है। प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार सिंह ने कहा कि जांच के बाद केस दर्ज किया जाएगा।

### छात्र को कुत्ते ने नोंचा

**बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया थाने के अलिया बुलबुल निवासी आठ वर्षीय सलमान खां पुत्र रशीद खां गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में कक्षा दो मे पढ़ रहा है। वह शनिवार सुबह लगभग 8:30 बजे घर से विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान अचानक कुत्ते ने सलमान पर छलांग लगाई, वह गिर पड़ा। कुत्ते ने सलमान के शरीर पर जगह-जगह नोच डाला। सलमान को रिसिया सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इमर्जेंसी में डा. शहीर व फार्मेसिस्ट मोहम्मद अशरफ ने उसे भर्ती कर सर्जन को बुलाकर बेहतर इलाज की व्यवस्था की।

# इतिहास बनेगी नेपालगंज-बहराइच रेल लाइन

## 10 से शुरू होगा बड़ी रेल लाइन का कार्य, रेल प्रखंड पर चार बड़े और 19 छोटी पुलों का होगा निर्माण

शेरसिंह कसौंधन

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच से नेपालगंज के बीच छोटी रेल लाइन पर ट्रेनों का संचालन होता है। लेकिन 10 फरवरी से बड़ी रेल लाइन का काम शुरू कर दिया जाएगा। ऐसे में छोटी रेल लाइन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जायेगी। इस प्रखंड पर चार बड़े और 19 छोटी पुल का निर्माण किया जाएगा। जिस पर रेल लाइन का भविष्य भी बेहतर रहेगा।



बहराइच- नेपालगंज रेल लाइन। अमृत विचार

बहराइच नेपालगंज रेल प्रखंड की दूरी 56 किलोमीटर है। इस रेल लाइन को 10 फरवरी से अमान परिवर्तन में तब्दील किया जायेगा। रेल लाइन के अमान परिवर्तन कार्य के लिए केंद्र सरकार की ओर से पहली किस्त का 85 करोड़ रूपये जारी किया जा चुका है। जिसका टेंडर भी रेलवे ने करवा दिया है। अब 10 फरवरी से अमान परिवर्तन का कार्य शुरू हो जाएगा। इसी दिन से प्रखंड पर ट्रेन संचालन भी बंद कर दिया जायेगा। ऐसे में बहराइच नेपालगंज (रूपईडीहा) छोटी रेल लाइन अब इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जायेगी। नौ फरवरी को अंतिम बार इस प्रखंड पर ट्रेन का संचालन होगा। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि नेपालगंज बहराइच रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन कार्य में 23 पुल का निर्माण होगा। जिसमें चार बड़े और 19 छोटे पुल का निर्माण होगा। जिससे आने वाले समय में रेल संचालन में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि लगभग दो वर्ष में कार्य पूरा होने की उम्मीद है।

### 180 करोड़ से अधिक होगा खर्च

नेपालगंज बहराइच रेल प्रखंड के अमान परिवर्तन के लिए रेल मंत्रालय की ओर से 180 करोड़ रुपए का बजट निर्धारित किया गया है। दो वर्ष पहले ही 85 करोड़ रूपये बजट मंजूर कर दिया गया था। ऐसे में निर्माण कार्य शुरू होने पर सामग्री के हिसाब से कम ज्यादा खर्च हो सकता है। बजट बढ़ने की पूरी संभावना है।

–पंकज कुमार सिंह, पीआरओ पूर्वोत्तर रेलवे

## सार-संक्षेप

### अधिकारी छोड़ जाते हैं यादें: ब्लॉक प्रमुख


स्थानांतरित खंड विकास अधिकारी को विदाई देते अधिकारी।

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार।** विकासखंड परिसर हुजूरपुर में शनिवार को हुजूरपुर के विकासखंड अधिकारी संदीप सिंह का विदाई समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें समस्त कर्मचारियों अधिकारियों ने नम आंखों से विदाई दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हुजूरपुर के ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह रहे। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अधिकारी अपने कार्य से अपनी छाप और यादें छोड़ जाते हैं। ऐसे में सभी को सीख लेकर कार्य करने की जरूरत है। बीडीओ ने कहा कि साथी कर्मचारियों की मदद से बेहतर कार्य किया। इस अवसर पर जॉइंट वीडियो राधेश्याम, भाजपा नेता अश्वनी सिंह सनी, चंद्रशेखर कुमार, वरिष्ठ लिपिक अजय कुमार सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, मनोज सिंह, सत्येंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गुरुप्रसाद सिंह, शिव श्याम मिश्रा, राधेश्याम यादव, तीरथ यादव, विजय यादव, जितेंद्र यादव, अतुल सिंह एवं समस्त ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी मौजूद रहे।

### परिवार के लोगों को मिली सूचना तो रोने लगे सभी

**रामगांव, बहराइच, अमृत विचार।** बहराइच के राम गांव क्षेत्र से एक बस खाटू श्याम मंदिर राजस्थान के लिए रवाना हुई। जिसमें क्षेत्र के यात्री शनिवार को रवाना हुए। प्राइवेट बस आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर सुबह तीन बजे पहुंची तो बस में आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। यात्री कूदकर भागने लगे। राहगीरों की सूचना पर यूपीडा की टीम और फायर ब्रिगेड पहुंची। समय रहते आग बुझाई गई और झुलसे यात्रियों को कन्नौज के राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। बस में 35 सवारियां मौजूद थीं। हादसा बिल्हौर में हुआ। जब तक पुलिस पहुंची तब तक सभी यात्री वहां से जा चुके थे। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग लगने से बहराइच जनपद के शिवम (40) पुत्र राममूर्ति निवासी गांव नेवादा थाना रामगांव, कृष्ण कुमार (60) पुत्र बांकेलाल, अंग्रोज (72) पुत्र छब्बरसेन, हकीब (37) पुत्र जैनू निवासी गांव नेवादा, साहिल पुत्र साबिर अली निवासी नसीरगंज बहराइच और विनोद कुमार पुत्र औरी निवासी रामगांव शामिल हैं। कन्नौज प्रशासन की ओर घायल लोगों के परिवार को सूचना दी गई तो सभी में कोहराम मच गया।

### सीडीओ को महिलाओं ने सुनाई व्यथा

**मिहींपुरवा, बहराइच।** मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत घूमनाभारू में शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर के द्वारा गांव का निरीक्षण किया। सीडीओ को महिलाओं ने अपनी समस्या बताई। जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने शनिवार को तहसील दिवस में लाभार्थियों को बुलाया। तहसील दिवस में काफी संख्या में घूमनाभरू की महिलाएं पहुंची और मुख्य विकास अधिकारी से अपनी शिकायत दर्ज कराई। सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही उनके पेंशन, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन तथा सड़क निर्माण का आदेश किया। खाद्यपूर्ती अधिकारी रंजीत कनौजिया को अभिलेख एकत्र कर पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड निर्गत किए जाने का निर्देश दिया। घूमनाभारू निरीक्षण के दौरान खण्ड विकास अधिकारी अजीत सिंह, ग्राम पंचायत सचिव संदीप चौधरी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद पासवान आदि मौजूद रहे।


गांव में अपनी समस्या बताती महिलाएं।

# टायर फटने से चौराहे पर पलटा ट्रक, आवागमन ठप

## दो घंटे लगा रहा जाम, ट्रक के नीचे दब गए कई वाहन

बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच मार्ग पर गजाधरपुर चौराहे के निकट शनिवार शाम को गन्ना लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गई। ट्रक के नीचे ई-रिक्शा और चार बाइक के आगे हालांकि मौके पर कोई मौजूद नहीं था जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। लगभग दो घंटे बाद जाम हट सका।

फखरपुर थाना क्षेत्र के लखनऊ बहराइच मार्ग पर गजाधरपुर चौराहे पारले मिल गन्ना ले जा रहा ट्रक संख्या यूपी 32 इएन 6884 चौराहे पर पहुँचते ही टायर फटने से पलट गया। जिससे लोगों मे अफरा तफरी मच गई। हादसे में एक ई-रिक्शा तथा राधे, लाल सिंह, राजकुमार समेत अन्य की बाइक ट्रक के नीचे दब कर बुरी तरह क्षत्रिग्रस्त हो गई। इसकी सूचना फैलते ही हजारों लोग एकत्रित हो गए। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी, एसडीएम पंकज कुमार दीक्षित, कानूनगो राम मनोहर यादव दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बचाव कार्य शुरू हुआ। वहां पर मौजूद सैकड़ों लोग बचाव राहत कार्य में लग गए घण्टों बाद पहुंची जेसीबी व क्रेन का भी बस नहीं चला। ग्रामीणों व पुलिस ने ही कड़ी मशक्कत कर गन्ने को किसी तरह सड़क से हटाया। उसके बाद जेसीबी ने ट्रक को उठाकर चौराहे से अलग हटाया। अभी तक पूरा गन्ना चौराहे से साफ नहीं हो पाया है कुछ लोगों के मुताबिक कई लोगों के अंदर दबे होने की शंका भी जताई जा रही थी मगर कोई जनहानि नही हुई। दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक व्यवस्था बहाल की जा सकी। बीच सड़क पर ट्रक पलटने से कई किलो मीटर लम्बा जाम लगा रहा। एसडीएम और एसओ ने बताया कोई जनहानिनही हुई है। मलबा हटाने का कार्य अभी भी चल रहा है। यातायात बहाल करा दिया गया है।


बहराइच लखनऊ मार्ग पर ट्रक पलटने के बाद लगी लोगों की भीड़।

# छात्र और छात्राओं के जीवन को रास्ता देते हैं विद्यालय : विधायक


इंटर कॉलेज के वार्षिक कोसों कार्यक्रम में विधायक को सम्मानित करते पदाधिकारी।

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार।** राम नगर खजुरी स्थित राम नरायन सिंह इंटर कालेज में चल रहे वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन दिवस पर बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं से लोगों का मन मोह लिया। दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन दिवस पर क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि छात्र-छात्राओं के जीवन को विद्यालय रास्ता देते हैं। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, कव्वाली आदि की प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में बच्चों ने सबका दिल जीत लिया। वहीं, खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों का हुनर देखकर सभी गदगद हुये। विधायक त्रिपाठी ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने विद्यालय परिवार के साथ ही बच्चों की जमकर सराहना करते हुए हर सम्भव मदद की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों में असीम प्रतिभा होती है, लेकिन उन्हें अपने हुनर का प्रदर्शन करने को पर्याप्त अवसर नही मिलता। विधायक त्रिपाठी ने विद्यालय के मेधावी सुकृति सिंह, प्रभात कुमार और हिमानी सिंह को मेडल देकर सम्मानित किया। विधायक त्रिपाठी द्वारा विद्यालय की वार्षिक पत्रिका नारायण ज्योति का विमोचन किया गया। प्राचार्य गिरिजा शंकर पाण्डेय द्वारा विधायक को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजेश चौबे ने किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य गिरवर प्रसाद त्रिपाठी, प्रबंधक प्रदीप सिंह, अध्यक्ष दिलीप सिंह, अशोक सिंह, अरुण सिंह, अमर बहादुर पटेल, शमशेर बहादुर सिंह, मिथलेश कुमार, राकेश मिश्रा, हरिओम शुक्ल, नरायनदेव द्विवेदी सहित रामरंग शुक्ल, अशोक सिंह, विमलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें समाधान: सीडीओ

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले के विभिन्न तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास विकास अधिकारी (सीडीओ) अनुभव सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने तहसील इकौना में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने तहसील दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने कहा कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों/चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो राजस्व/पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराएं। जिन क्षेत्रों में अवैध कब्जे की शिकायत मिलेगी तो सम्बंधित क्षेत्र के लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि शासन के मंशानुरूप सभी संबंधित विभागीय अधिकारी कार्यालय में समय से बैठकर जन समस्याओं को सुने, और समय-सीमा के अंतर्गत उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। तहसील जमुनहा एवं तहसील भिनगा में सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस का आयोजन कर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित तहसीलों के उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं तहसील तथा ब्लाक स्तर के सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस इकौना में कुल 121 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समय सीमा के अन्तर्गत निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस भिनगा में 19 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील जमुनहा में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एपी सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह, उपजिलाधिकारी अरूण कुमार, उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु कुमार गौरव, तहसीलदार विपुल सिंह, नायब तहसीलदार इकौना संदीप कुमार, उप निदेशक कृषि कमल कटियार आदि अधिकारी मौजूद रहे।


लोगों की समस्याएं सुनते अधिकारी। अमृत विचार

### जमीन विवाद को लेकर बेटे ने कर दी पिता की हत्या

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिले में एक घर मे शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गयी, जब एक बेटे ने ही आक्रोश में आकर वृद्ध पिता की लाठी डंडों से पीटकर हत्या कर दी। यह घटना थाना मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओदाही के मजरा बढ़ही गाँव की है। जहाँ पर 50 वर्षीय वृद्ध रामनिवास पुत्र बाबू अपनी पुत्री कलावती की शादी में खर्च के लिए रुपये न होने पर जमीन बेच रहा था। जिसकी भनक लगते ही दो दिन पूर्व वृद्ध के पुत्र अक्षय कुमार ने मना किया तो बाप-बेटे में शादी में खर्च के लिए रुपयों के इंतजाम पर बहस होंने लगी। आसपास के लोगो ने समझा बुझाकर किसी तरह मामला शांत कराया। आज सुबह एक बार फिर उसी मामले को लेकर बाप- बेटे में कहासुनी शुरू हो गयी देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि आक्रोशित युवक अक्षय कुमार ने लाठी डंडों से वृद्ध पिता की पिटाई शुरू कर दी। जबतक आसपास के लोग बीच बराव कराते तबतक वृद्ध की हालत गंभीर हो चुकी थी। जिसे इलाज के लिए सीएचसी मल्हीपुर ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गयी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और कार्यवाही में जुटी हुई है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहन चालकों को किया जागरूक


ट्रैक्टर-ट्रॉली पर रिफ्लेक्टर टेप लगाते ट्रैफिक पुलिस।

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** जनपद में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी यातायात संदीप कुमार वर्मा के नेतृत्व में प्रभारी यातायात दिलीप कुमार यादव मय टीम द्वारा जनपद के सेमरी चौराहा, खरगौरा मोड़ तिराहा, लक्ष्मनपुर बाजार में जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस कर्मियों ने बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उससे होने वाली मृत्यु में कमी लाये जाने के उद्देश्य से यातायात जागरूकता के संबंध में आम लोगों की गोष्ठी की गयी। साथ ही लोगों को सड़क पर सुरक्षित यात्रा करने की नियमों के बारे में बताया और पम्पलेट्स भी वितरित किये। प्रभारी यातायात ने बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें, दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट अवश्य लगायें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, सड़क सुरक्षा संकेतो तथा ओवर स्पीड में वाहन न चलानें आदि के बारे में जानकारी दी। प्रभारी परिवहन विभाग द्वारा आमजन को यातायात के नियमों से जागरूक करने के साथ-साथ गुड सेमेरिटन के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही घने कोहरे के दृष्टिगत ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया।


## वर्ग पहेली-332

**बाएं से दाएं**

1. 1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।
3. 1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।
5. 1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध
7. 1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े
8. 1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति, बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।
3. 1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।
4. 1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।
6. 1. जिसके संबंध में विवाद हो, विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी, निज़ाअ का।




### वर्ग पहेली - 331 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 छु | | | | |
| | 2 अ | भं | 3 ज | न | |
| | न | | न | | |
| 4 ख़ा | | | यि | | 5 झ |
| 6 न | चि | 7 के | ता | | प |
| दा | | वाँ | | | का |
| नी | | 8 च | चो | ड़ | ना |

## सुडोकू -49

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 6 | | | | 8 | |
| | 8 | 9 | | | 4 | | | 5 |
| 3 | | | 2 | | | 7 | | |
| | 2 | | | 8 | 9 | | | 6 |
| | | 7 | | | | 3 | 9 | |
| 9 | | | | 1 | | | 4 | |
| | | 1 | | | 7 | | | 8 |
| 4 | | | 1 | | | 9 | 5 | |
| | 9 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू - 48 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 9 | 3 | 1 | 2 | 4 | 8 |
| 9 | 4 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 3 | 9 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 8 | 5 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 9 | 7 | 6 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 17.49 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज ज्यादा तला-भुना और जंक फूड खाने से बचें। ध्यान और योग से आपको काफी लाभ मिलेगा। घर पर आपका ज्यादा मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे। कामुक विचार आपको लक्ष्य से भटका सकते हैं।

**वृष** – आज घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। परिजनों के साथ हर्षोल्लास का आनंद उठाएंगे। कोई महत्वपूर्ण व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। निजी कंपनियों में काम कर रहे लोगों के ऊपर से प्रेशर कम होगा।

**मिथुन** – आज पूजा-पाठ आदि को लेकर दिखावे से बचें। बिजली के उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिए प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क** – आज धर्म-अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है। घर के सदस्यों पर अपना गुस्सा न निकालें।

**सिंह** – आज महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। मानसिक तनाव के कारण आपको फोकस करने में कुछ कठिनाई होगी।

**कन्या** – आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। नए मित्र बन सकते हैं। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है।

**तुला** – आज धार्मिक कार्यों को लेकर आप सजग रहेंगे। परिस्थितियों में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए सोच समझकर ही बात करें।

**वृश्चिक** – आज अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। नई परियोजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।


**धनु** – आज शरीर के किसी अंग में दर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। किसी को भी कोई वादा न करें वरना आपको लगातार मानसिक दबाव का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** – आज अचल संपत्ति की खरीदारी का विचार बनाएंगे। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर लेंगे। पैतृक संपत्ति से आपको धन लाभ होगा। व्यापार में आपकी आमदनी में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – आज सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना बन रही है। नया काम शुरु करने के लिए दिन शानदार रहेगा। आप आवश्यक कार्यों को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**मीन** – आज चंचालता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। मन अनैतिक कार्यों की तरफ भागेगा।

## आज का पंचांग




मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-16.22-17.06 तक। दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुम्भ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-विशाखा 07.21 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सल्तनत – सुबह : 10.00
सपूत – रात : 07.00

SONY MAX
नमस्ते लंदन – सुबह : 10.03
पीके – रात : 07.00

SONY PIX
दहेज – सुबह : 09.19
टर्मिनेटर 3 – रात : 09.00

ZEE CINEMA
जयंतभाई की लव स्टोरी – सुबह : 10.30
कहानी 2 – रात : 07.30

colors CINEPLEX
कच्चे लिंबु – दोपहर : 01.52
दोस्ताना – रात : 09.48

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोंनो मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## एक नजर

### आग लगने से गृहस्थी जलकर हुई राख

**बाबागंज, बहराइच।** रुपईडीहा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत सिसैया के मजरा पुरैनी में अचानक आग लगने से पूरी गृहस्थी जल करके राख हो गई। जिसमें घर में रखा गैस सिलेंडर, मोटरसाइकिल, अनाज, रुपया चावल दाल सौर ऊर्जा का बैटरी दरवाजा सोना चांदी के जेवरात जल करके राख हो गया। ध्रुव कुमार चौरसिया पुत्र सूर्य लाल चौरसिया पूरे परिवार के साथ हरेरा नौवने खेत गए थे। घर पर अचानक आग लगने की खबर मिलते ही वह भागते घर की तरफ पहुंचे वहां लोगों की भीड़ लगी थी, लोगों ने बड़े मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया। आग लगने से 50 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है।

### समरसेबल चोरी

**बाबागंज, बहराइच।** रुपईडीहा थाना इलाके में समरसेबल को चोर खोले गए। रुपईडीहा थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह को दिए गए तहरीर में पटेश्वर वर्मा पुत्र राममिलन निवासी ग्राम पंचायत मिर्जापुर चहलवा ने लिखा है कि एक माह पूर्व उसने अपने खेत में समरसेबल पंप लगवाया था जिसे रात में चोर खोले ले गए हैं। पटेश्वर वर्मा ने तहरीर में गांव के एक व्यक्ति पर रंजिशन चोरी कराने की आशंका व्यक्त की है। थाना प्रभारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की है।

### आज बाधित रहेगा विद्युत आपूर्ति

**बहराइच।** अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण खण्ड बहराइच शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि 33/11केवी विद्युत उपकेन्द्र डीजल पावर हाउस पर 04 फरवरी को अनुरक्षण कार्य किये जाने के फलस्वरूप पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक विद्युत उपकेन्द्र बन्द रहेगें। इस दौरान दरगाह, बक्शीपुरा, चॉदमारी, नूरुद्दीन चक, पलरीबाग, फ्रीगंज, स्टेशन रोड, गल्लामण्डी आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### एसपी ने थाने का किया निरीक्षण

**मोतीपुर, बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने शनिवार को मोतीपुर थाने का निरीक्षण किया। एसपी ने रजिस्टर, बैरक, कागजों के रख रखाव आदि का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाने आने वाले किसी भी फरियादी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। समस्या का अधिक से अधिक निदान करें। जिससे फरियादी जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाएं। इस दौरान सीओ राहुल पांडेय, थानाध्यक्ष दद्दन सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी गए व्यक्ति के घर में 10 लाख की चोरी

## नानपारा सीओ के फालोवर के घर हुई चोरी, घर पहुंचने पर हुई जानकारी

बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी नानपारा सीओ के फालोवर परिवार समेत जम्मू माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए थे। यहां मकान में नकदी समेत 10 लाख की चोरी हो गई। शुक्रवार को घर पहुंचे लोगों को जानकारी हुई तो पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला बशीरगंज निवासी राजू सिंह पुत्र देवी प्रसाद पुलिस विभाग में फालोवर हैं। उनकी तैनाती इस समय नानपारा सीओ के यहां है। राजू सिंह ने बताया कि वह 20 दिन का अवकाश लेकर जम्मू कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन को गए थे। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को वह परिवार के समेत वापस घर पहुंचे तो मुख्य दरवाजा का ताला टूटा मिला। अंदर जाने पर अन्य कमरे के ताले टूटे मिले। फालोवर ने बताया कि 60 हजार रूपये नकदी, सात लाख मूल्य के सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान की चोरी हुई। लगभग 10 लाख की चोरी हुई है। पीड़ित की सूचना पर चौकी बशीरगंज और कोतवाली नगर की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच की। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। सीओ सिटी राजीव सिसोदिया ने बताया कि कोतवाली के द्वारा घटना की जानकारी मिली है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।


घर में हुई चोरी के बारे में बताता फालोवर। अमृत विचार

## जुर्माना के अभाव में सजा काट रहे कैदी को छुड़वाया

**बहराइच।** जिला कारागार में अर्थदंड की राशि जमा न कर पाने के चलते जेल की सजा काट रहे कैदी को भारत विकास परिषद के सदस्यों ने छुड़वाया। वह चोरी के आरोप में जेल 21 जुलाई को बंद हुआ था। कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के पवना गांव निवासी मोहम्मद शमीर पुत्र मोहम्मद खलील पर चोरी का केस दर्ज था। जिस पर पुलिस ने 21 जुलाई 2023 को जिला कारागार में बंद करवाया था। चोरी के मामले में बंद कैदी को छह माह की सजा हुई थी। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि नौ दिसंबर को मोहम्मद शमीर की सजा पूरी हो गई थी। लेकिन जुर्माना की राशि जमा नहीं कर पाने के चलते वह 20 दिन से अधिक समय से जेल की सजा काट रहा था। इस पर भारत विकास परिषद के उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने द्वारा अध्यक्ष हनुमान गोयल को सूचना दिया। प्रांतीय उपाध्यक्ष बैजनाथ रस्तोगी व उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता और कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल ने जिला कारागार जाकर जेलर से मिलकर उस कैदी की रिहाई में कार्यवाही पूरी करवाकर कैदी को आजाद कराया और किराया भाड़ा देकर उसको अपने घर वापस भेजने में सहयोग प्रदान किया। जेल अधीक्षक ने बताया कि पांच हजार रुपए जमा किया गया है।


जेल के बाहर मौजूद कैदी और अन्य।

# 5 को अयोध्या जाएंगे जिले के 13 हजार कार्यकर्ता

**भाजपा की ओर से 250 बसों से रामलला के दर्शन के लिए जाएंगे कार्यकर्ता**

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के 13000 भाजपा कार्यकर्ता 5 फरवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम का दर्शन करने जाएंगे। इसके लिए शनिवार को भाजपा कार्यालय पर बैठक कर रूप रेखा तय की गई।


भाजपा की बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष।

भाजपा कार्यालय में शनिवार को पदाधिकारी की बैठक हुई जिसमें तय हुआ कि जिले के सभी भूतों से पांच पांच कार्यकर्ता अयोध्या धाम पहुंचकर रामलला का दर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडे ने जिला कार्यालय पर पदाधिकारी की बैठक कर सभी को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि किसी कार्यकर्ता को कोई परेशानी न होने पाए, इसकी चिंता हम पदाधिकारीयो को करनी है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 250 बसों से 13000 कार्यकर्ता 5 फरवरी को श्री राम लला का दर्शन करेंगे। जिसके लिए जिला महामंत्री नन्हेलाल लोधी को जिला संयोजक बनाया गया है। हेमा निगम और कन्हैया सोनी को सह संयोजक बनाया गया है। बस व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष रण विजय सिंह को सौंपी गई है। सभी जाने वाले कार्यकर्ताओं को फोटो सहित परिचय पत्र फोटो सहित जारी किया जा रहा है। सभी राम भक्तों के भोजन पानी आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष दीपक सत्या, सुषमा चौधरी, जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, जिला मंत्री सुनील सुनील श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी प्रमोद पांडे, अभिषेक गुप्ता, अनिल सिंह, अभय राज सिंह, उर्मिला शुक्ला, अमित शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता समेत 3 पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज

**एसपी के निर्देश पर थानाध्यक्ष ने दर्ज किया केस, सीओ को मिली जांच की जिम्मेदारी**

पयागपुर, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के सोहरियांवा गांव निवासी अनुसूचित जाति की महिला के साथ धोखाधड़ी कर जमीन हड़प लिया गया। एसपी के आदेश पर एक अधिवक्ता समेत तीन पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सोहरियावां निवासी कुसुमा देवी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया है कि मेरे पिता की मृत्यु हो चुकी है। ऐसे में पिता की मौत के बाद उनकी कृषि योग्य भूमि तीन बहनों के नाम वारासत हुई थी। जिसके पूर्व पयागपुर गांव के ही विजय देव पुत्र रामदेव ने फर्जी तरीके सेसहायक चकबंदी अधिकारी के आदेश पर गाटा संख्या 935 रकबा 0.330 अपने नाम चढवा लिया। जानकारी होने पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी के न्यायालय पर अपील के बाद विजय देव का नाम खारिज कर दिया गया और उक्त जमीन कुसमा देवी सोहरियावा पयागपुर, कलावती उर्फ निर्मला व शिव देवी निवासीगण अडबड़वा थाना कौडिया गोंडा के नाम दर्ज हो गया। लेकिन पुरानी खेतौनी के आधार पर कागजों में हेराफेरी कर विजय देव ने अधिवक्ता शिव राम शुक्ल निवासी मल्लो व शिवम निवासी बरगदही थाना पयागपुर के साथ मिलकर जमीन 5 जून 2023 को बैनामा करवा लिया, कुसुमा देवी के प्रार्थना पत्र पर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष को मुकदमा पंजीकृत करने का निर्देश दिया। इस पर पयागपुर पुलिस ने आईपीसी 1860 के तहत धारा 419, 420, 467, 468, 471 व एससी/एसटी एक्ट के 3(1)एफ, 3(2)वी के अन्तर्गत मामला पंजीकृत कर लिया है जिसकी विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी आनन्द राय कर रहे हैं। सीओ राय से इस संबंध में जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है और राजस्व अभिलेखों का सत्यापन कराया जा रहा है। उसके बाद आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# संपूर्ण समाधान दिवस में कई मामले निपटे

**तहसील मोतीपुर में डीएम और एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में की सुनवाई**

बहराइच/मिहीपुरवा

**अमृत विचार।** समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी राहुल पाण्डेय व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई की।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विश्वनाथ गांव के मजरा कंटोला में रास्ते के विवाद के प्रकरण में उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये गये कि मौके पर तत्काल राजस्व व पुलिस की टीम भेज कर मामले का निस्तारण कराया जाय। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर डीएम ने सीडीओ के साथ 03 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा 03 बच्चों को अन्नप्रासन भी कराया। इस अवसर पर डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्त, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राज कपूर व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। अवगत हो कि तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 37 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 17 में 03, सदर बहराइच में प्राप्त 26 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 122 में 12, नानपारा में प्राप्त 39 में 10 तथा पयागपुर में प्राप्त 98 में 06 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया।


तहसील में समस्याओं की सुनवाई करती जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक।

## सार-संक्षेप

### एक वोट आपका अधिकार आपका हक के लिए किया जागरूक

**कैसरगंज, अमृत विचार।** कैसरगंज क्षेत्र में ईवीएम वैन के द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव के लिए मतदाताओं को ईवीएम से मतदान के जागरूकता के लिए दिनांक 24 जनवरी से जनपद में चार वैन चलाकर मतदाताओ को जागरूक कर 'एक वोट आपकी आवाज" आपका हक के लिए तहसील कैसरगंज के मतदान केंद्र संख्या 127 से 134 तक शनिवार को अभियान चला। जागरूकता वैन तहसील क्षेत्र के हतिन्शाशम्सपुर, पचम्भा, वैराकाजी, हतिन्सी, ऐनी हतिन्सी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कैसरगंज में मतदाता एवं जागरूकता वैन चलाकर लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें हेड कांस्टेबल मनोज कुमार ,लेखपाल पवन चौहान ,संग्रह अमीन राजकुमार द्विवेदी, शिवकुमार संग्रह सेवक ,श्रवण कुमार ,अब्दुल वाहिद ग्राम प्रधान, सुरेश कुमार प्रधान प्रतिनिधि ,मोहम्मद अहमद क्षेत्र पंचायत सदस्य ,हाशिम सहित का भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



जागरूकता ईवीएम वैन से जागरूक होते लोग।

### धडल्ले से हरे पेड़ों की हो रही कटान

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया वन बीट क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बगैर परमिट के हरे पेड़ों की कटान धड़ल्ले से हो रही है। इन कार्यों में स्थानीय वन महकमा और लकड़कट्ठो के बीच सांठ गांठ होने से हरे पेड़ निकट वर्ती भट्ठो तक जा रहे है। वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। बहराइच वन प्रभाग के नानपारा रेंज अंतर्गत रिसिया ब्लाक के राय पुर कबूला में पिछले दिनों एक बाग में हरे पेड़ों की कटान हुई थी, तब वन महकमा ने संज्ञान नहीं लिया था, अब बीते दिनों लक्ष्मन पुर शंकर पुर के गुलरा गांव में हरे पेड़ों पर लकड़ कट्ठो के आरा चल गए, यहां एक दर्जन से अधिक पेड़ काटे गए है, इसी तरह थाना रिसिया क्षेत्र के कुछ अन्य गांवो में भी बीते दिनों हरे पेड़ों की अधाधुंध कटान हुई है। इस कार्य में स्थानीय वन महकमे के अधिकारी एवम कर्मचारियों से लकड़ कट्ठो की मिली भगत रही है। नानपारा रेंज के रेंजर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मुझे जानकारी नहीं है, फिर भी जांच कराई जा रही है।


रिसिया क्षेत्र में काटे जा रहे पेड़।

### हादसे से बचने के लिए लगवाएं संकेतांक

**बहराइच, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। डीएम मोनिका रानी ने समिति के सचिव एवं एनएचआई/एनएच को निर्देश दिया कि जनपद के सभी (ब्लाइन्ड प्वाईन्ट) अंधे मोड़ों अथवा अतिदुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में रेफलेक्टिव इन्डिकेटर बोर्ड स्थापित कराये जायें तथा उस स्थान के आस-पास स्थित थानों व अस्पतालों का सम्पूर्ण विवरण दर्ज कराएं। ताकि किसी दुर्घटना के समय लोगों को बिना समय गवाये मदद मिल सके। निर्देश दिया कि ब्लैक स्पॉट्स पर रोड रम्बल स्ट्रिप्स, साईन बोर्ड, लाइट व्यवस्था, जेबरा क्रासिंग व अन्य सुराक्षात्मक कार्यवाही भी शासन द्वारा दी गयी व्यवस्था के अनुरूप् की जाय। बैठक में मौजूद शिक्षा, स्वास्थ्य एवं नगर निकायों के अधिकारियों को भी एसओपी में दी गयी व्यवस्था के अनुरूप कार्यवाही करने के निर्देष दिये गये। इस अवसर पर अपर पुलि अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, बीएसए अव्यक्तराम, एक्सईएन लोक निर्माण प्रान्तीय खण्ड प्रदीप कुमार, ईओ नगर पालिका प्रमिता सिंह, जिला गन्नाधिकारी आनन्द शुक्ला सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन राजीव कुमार व प्रवर्तन ओम प्रकाश सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# देश के विकास में शिक्षा की भूमिका अहम

**वार्षिकोत्सव के साथ परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन**

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद के प्राथमिक विद्यालय जरवलरोड प्रथम में वार्षिकोत्सव एवं NAT-1 परीक्षा परिणाम वितरण समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं समाज सेवी कृष्ण कुमार पोरवाल ने कहा कि जीवन में शिक्षा सर्वोपरि है, अतः इसे बड़ी गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत का आकर्षक प्रस्तुतिकरण किया गया। विद्यालय में NAT-1 परीक्षा परिणाम का वितरण किया गया तथा A+ ग्रेड पाए बच्चों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, जरवल के अध्यक्ष आसिफ अली ने कहा कि यदि शिक्षकों को अभिभावकों का भी पूरा सहयोग मिल जाय तो निपुण ही नहीं कोई भी लक्ष्य छोटा पड़ जायेगा।

भाजपा नेता जिला प्रतिनिधि ओम प्रकाश अवस्थी एवं जिला मंत्री संजय कुमार राव ने देश के विकास में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित किया तथा शासन की मंशा के अनुरूप विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था एवं सुंदर सुसज्जित परिसर व शैक्षणिक वातावरण को सराहा गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संतोष कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश यादव ने किया।

इस अवसर पर डा. अवधेश कुमार शर्मा, एआरपी जरवल कल्पना मिश्रा, मोहम्मद अहमद, अब्दुल मोमिन, विद्यालय के शिक्षक अभिजीत पाठक, अंजू, सुरभि जायसवाल, रजनी देवी, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम जियावन व अन्य सदस्यगण, ग्राम प्रधान पूनम देवी व अन्य अभिभावक मौजूद रहे।


वार्षिकोत्सव समारोह में पत्र के साथ मौजूद छात्र और शिक्षक।

## आधार पंजीकरण के नाम पर वसूली भारी, केस दर्ज करने के निर्देश

**बहराइच, अमृत विचार।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के जनता दर्शन में तहसील नानपारा अन्तर्गत सिलेटनगंज के लोगों ने शिकायती प्रार्थना-पत्र दिया। पत्र में कहा है कि नानपारा देहाती न्याय पंचायत बलहा में छात्र/छात्राओं के आधार नामांकन/अपेडशन हेतु नियुक्त आधार केन्द्र के संचालक शान मोहम्मद पुत्र हसन अली द्वारा नवीन आधार कार्ड बनाने, आधार कार्ड में संशोधन एवं मोबाईल नम्बर अपडेट करने के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक धनराशि की वसूली की जा रही है। शिकायती प्रार्थना-पत्र का कड़ा संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अश्वनी पाण्डेय को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। जांच में निर्धारित शुल्क से अधिक की वसूली की पुष्टि होने पर आधार केन्द्र के संचालक शान मोहम्मद पुत्र हसन अली के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट में शिकायत की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड के प्रबन्धक निदेशक को आधार केन्द्र को निरस्त करने की संस्तुति की गई है तथा सम्बन्धित आधार पंजीकरण केन्द्र की सेवाएं तत्काल बाधित कर दी गई हैं।

## 21 दिन बाद कब्र से खोदकर निकाला गया शव

**सड़क हादसे में युवक की हुई थी मौत, पत्नी के पत्र पर हुई कार्यवाई**

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के बसंतापुर गांव निवासी एक युवक की 12 जनवरी को सड़क हादसे में मौत हो गई थी। परिवार के लोगों ने बिना पुलिस को सूचना दिए अंतिम संस्कार कर दिया था। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने शनिवार को कब्र से शव खुदवाकर बाहर निकलवाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

फखरपुर थाना अंतर्गत ग्राम बसंतापुर गांव निवासी हुसैन अहमद (27) पुत्र मोहर्रम अली की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। 12 जनवरी को गांव में हुए सड़क हादसे में मौत के मामले में परिवार के लोगों ने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी और मृतक के शव का अंतिम संस्कार करवा दिया। इसके बाद मृतक युवक की पत्नी जुलेखा ने जिलाधिकारी मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम करवाने जाने की मांग की। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर नायब तहसीलदार कैसरगंज, उप निरीक्षक राज नारायन यादव की अगुवाई में पुलिस टीम गांव पहुंची। पुलिस ने मृतक के लाश को खुदवाया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक की सड़क हादसे में मौत हुई थी। पत्नी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। मजिस्ट्रेट के निर्देश पर शव को 21 दिन बाद कब्र से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 15 फरवरी तक प्राप्त करें निःशुल्क गैस सिलेण्डर

**बहराइच।** जिलाधिकारी पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से आच्छादित लाभार्थी जिनके द्वारा अपरिहार्य कारणों से निर्धारित अवधि माह नवम्बर-दिसम्बर, 2023 के लिए प्रथम नि :शुल्क रिफिल 31 दिसम्बर 2023 तक नहीं प्राप्त की जा सकी हैं, ऐसे लाभार्थी सम्बन्धित गैस एजेंसी के माध्यम से 15 फरवरी 2024 तक प्रथम नि :शुल्क रिफिल प्राप्त कर सकते हैं। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अन्तर्गत समस्त लाभार्थियों को प्रथम चरण में माह नवम्बर-2023 से दिसम्बर-2023 तक तथा द्वितीय चरण में माह जनवरी-2024 से मार्च-2024 तक नि :शुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने की व्यवस्था है।

**सूचना**

सर्व धारण को सूचित किया जाता है कि ईदू उर्फ शफीक मेरा लड़का है लेकिन उसके चाल चलन ठीक नहीं हैं और मेरी कोई भी बात नहीं मानता है मुझे काफी यातनाएं देता है इसलिए ईदू उर्फ शफीक को मैं अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है यदि वह कोई भी सही या गलत कार्य करता है तो वह उसका स्वय जिम्मेदार होगा अब उससे मेरा कोई लेना देना नहीं है।- **मोहम्मद् अयूब पुत्र स्वर्गीय फकीरे, निवासी- ग्राम धनसरी, थाना- जरवलरोड, तहसील कैसरगंज, जिला- बहराइच**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बहराइच**

सं0-885/ स्टाम्प शुल्क /नि0का0/टेण्डर/2023-24 दिनांकः 2 फरवरी, 2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय स0-884 / स्टाम्प शुल्क/नि0का0 / टेण्डर/2023-24 दिनांक 02 फरवरी, 2024 द्वारा स्टान्य शुल्क के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में स्वीकृत निर्माण कार्यो में से निम्नलिखित निर्माण कार्यो की निविदायें प्रतिशत के आधार पर नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष 2023-24 में पजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से दिनांक 21.02.2024 को अपरान्ह 4.00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में 2 प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं 3- उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में सीलबन्द निविदायें शर्ता के अधीन आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:30 बजे खोली जायेगी। निविदा के साथ रु0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02% धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/टी0डी0आर0/सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बंधक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक पृथक धरोहर जमानत धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनाक 19.02. 2024 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगरपालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

**(प्रमिता सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

**(सुधा देवी)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच।

**प्रकाश पर्व** — सिख समाज के लोगों ने डिहवा गुरुद्वारे से कीर्तन शोभायात्रा निकाली

# गतका के करतब देख रोमांचित हुए गांव के लोग

मटेरा, बहराइच

**अमृत विचार।** डिहवा में श्री गुरु गोविंद सिंह प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को क्षेत्र में भव्य कीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पंजाब से आए हुए मिशल खालसा गतका ग्रुप के युद्ध कौशल और स्केटर्स ग्रुप के करतब आकर्षण का केंद्र रहे। जगह-जगह यात्रा का स्वागत भी किया गया।

गुरु गोविंद महाराज के प्रकाश पर्व पर शनिवार को गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा डिहवा से भव्य नगर कीर्तन यात्रा निकाली गई। कीर्तन यात्रा डिहवा से धनौली, गौरा, निहाल पुरवा, मटेरा बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारे पहुंचकर समाप्त हुई। गुरू ग्रंथ साहिब की अगुवाई में पंज प्यारे के साथ तमाम सिख श्रद्धालु प्रेम और शांति का संदेश देते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान में गतका ग्रुप की ओर से युद्ध कौशल दिखाया गया। कीर्तन यात्रा में मटेरा, बहराइच, डिहवा, गौरा, धनौली, हीरासिंहपुरवा, रघुनाथपुर, निहालपुरवा, पयागपुर, रूपईडिहा, और नेपाल, आदि के सिख समाज के लोग शामिल हुए। गुरुद्वारा के संरक्षक परमजीत सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा डिहवा के संरक्षक परमजीत सिंह, शक्ति सिंह, अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, उपाध्यक्ष बाबू सिंह, महामंत्री महेंद्र पाल सिंह, उपमंत्री रिंकू सिंह, कोषाध्यक्ष सतवंत सिंह, हरमीत सिंह, एडिटर रंजीत सिंह, गुरदयाल सिंह, हाल इंचार्ज गुरजीत सिंह ,मंगू सिंह स्टोर, इंचार्ज लल्लू सिंह, लंगर इंचार्ज निर्मल सिंह ,दुर्गा सिंह, कलेशन इंचार्ज बिक्की सिंह, मौजूद रहे। डिहवा कीर्तन शोभायात्रा में मटेरा व नानपारा पुलिस प्रशासन मुस्तैद रही।


प्रकाश पर्व पर गतका करते सिख समाज के लोग। अमृत विचार

# सनातन प्रवाह है भारतीय संस्कृति



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है।

राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इसके पहले इस कार्यक्रम का नाम उन्होंने भारत जोड़ो रखा था,लेकिन उनकी पार्टी के ही बंगलुरु से सांसद और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री शिव कुमार के भाई डी.के. सुरेश ने भारत तोड़ने की बात की है। उनका वक्तव्य आहतकारी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दक्षिण भारतीय राज्यों का धन उत्तर भारतीय राज्यों को दिया जा रहा है। वे ताजा केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी कर रहे थे। बजट प्रावधानों की निंदा, समर्थन और आलोचना सभी दलों का अधिकार है। उनका यह बयान संसद में भी चर्चा का विषय है। उन्होंने धमकी दी है कि यह प्रवृत्ति जारी रही तो अलग देश की मांग उठाई जाएगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी को इस बयान पर कांग्रेस का दृष्टिकोण प्रस्तुत करना चाहिए। वक्तव्य सीधे भारतीय राष्ट्र राज्य पर हमला है। सभी दलों को अपनी विचारधारा और अपनी रणनीति के अनुसार विषय रखने का अधिकार है,लेकिन देश तोड़ने की बात और अलग देश की मांग करने की धमकी का समर्थन कोई भी सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता या देश का नागरिक नहीं कर सकता।

भारत सम्प्रभु राष्ट्र राज्य है। राष्ट्र की सम्प्रभुता असीम है, अविभाजित है और अखंड है। भारत किसी जन पंचायत या किसी समझौते का परिणाम नहीं है। यह स्वयंभू है और सांस्कृतिक दृष्टि से दुनिया का प्राचीनतम राष्ट्र है। भारतीय संस्कृति सनातन प्रवाह है। भारत इसी संस्कृति से निर्मित राष्ट्र है। भारत के सभी राज्य संविधान की कृपा प्रसाद से अस्तित्व में है। सब भारतवासी भारत के प्रति निष्ठावान हैं। संविधान में केन्द्र और राज्यों के अधिकार सुस्पष्ट हैं। भारतीय राज्य खूबसूरत संवैधानिक रचना हैं। संविधान की यह व्यवस्था भारतीय जन गण मन ने मुक्त मन से गढ़ी है। सभी संवैधानिक संस्थाओं के अधिकार और कर्तव्य सुपरिभाषित हैं। भारतीय राष्ट्र की मूल इकाई 'हम भारत के लोग' हैं। भारत जन गण मन के आनंद से प्रतिबद्ध एक अनुराग है। विश्व कल्याण से प्रतिबद्ध एक निष्ठावान प्रीति है। देश के सभी लोगों की सुख, स्वस्ति और समग्र वैभव भारत का ध्येय है। इस ध्येय में विश्व शांति और विश्व कल्याण के आधारभूत तथ्य भी संविधान का भाग हैं। इसलिए भारत भारत के लोगों के लिए एक अखंड श्रद्धा है।

भारत की रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि और उपलब्धि समग्र भारत के लोगों के कर्मतप का परिणाम है। भारत की विश्व प्रतिष्ठा देश के सभी राज्यों और राज्यों के निवासियों के साझे कर्मफल का परिणाम है। उत्तर-दक्षिण या पूरब-पश्चिम के आधार पर विचार करना व्यर्थ हैं। सुब्रमण्यम भारती विश्व प्रसिद्ध तमिल कवि थे। उन्होंने संपूर्ण भारत के गीत गाए हैं। हिन्दी अनुवाद संकलन की पहली कविता का नाम 'वन्दे मातरम' है। भारती कहते हैं, ''पराधीन जीवन पर लज्जित सारा भारत एक साथ है/हम सब यह संकल्प करेंगे/कभी नहीं परतंत्र रहेंगे/हम वन्दे मातरम कहेंगे।" भारती दक्षिण के थे,पर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भारती के हृदय में वंदे मातरम है। भारती की कविताओं में सप्तसिंधु भी है और भूगोल की दृष्टि से यह उत्तर पश्चिम में है।

भारती को दक्षिण भारतीय कहा जा सकता है। यह सही भी है,लेकिन भारती के हृदय और बुद्धि में अखिल भारतीय अनुराग है। उनके मन में उत्तर की गंगा बहती हैं और दक्षिण की कावेरी भी। ज्ञान को उत्तर दक्षिण में नहीं विभाजित किया जा सकता। वे दक्षिण के कांचीपुरम में बैठकर काशी के विद्वानों का संवाद सुनना चाहते हैं, "ऐसे यंत्र बनाएंगे/कांचीपुरम में बैठकर/काशी के विद्वतजन का संवाद सुनेंगे। भारती लिखते हैं, "मुख में वेदों का वास/हाथ में तीक्ष्ण असि शोभित मंगलकारी।" विश्व प्रसिद्ध दर्शन शास्त्री अद्वैत दर्शन के प्रचारक आचार्य शंकर भी भौगोलिक दृष्टि से केरल के थे। कह सकते हैं दक्षिण के,लेकिन वे भारतीय दर्शन के शीर्ष व्याख्याता हैं। उन्होंने चार धामों की स्थापना की। केवल दक्षिण में नहीं। उत्तर में बद्रीनाथ। दक्षिण में रामेश्वरम। पश्चिम में द्वारिका और पूरब में जगन्नाथ। विशिष्टाद्वैत के प्रवर्तक रामानुजाचार्य भी दक्षिण के थे। रामकथा विश्व की अमूल्य निधि है। इसकी प्रारंभिक घटनाएं उत्तर भारत की हैं। तमिल कवि कम्ब नमस्कारों के योग्य हैं। उन्होंने तमिल में रामकथा लिखी। तमिल में लिखी गई उनकी रामायण अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय रहती है। देश के किसी भी तत्ववेत्ता और सृजक ने उत्तर दक्षिण की बात नहीं की है। डॉ. राधाकृष्णन दक्षिण के थे। दर्शन के पाठ के लिए सभी विद्वान राधाकृष्णन पर निर्भर हैं।

देश तोड़ने की धमकी प्रत्येक दृष्टि से अपराध है। इसे विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार नहीं माना जा सकता। संविधान अनुच्छेद (19) में विचार अभिव्यक्ति की आजादी पर अनेक मर्यादाएं अधिरोपित की गई हैं। कांग्रेस स्वयं में देश के स्वाधीनता संग्राम और भारतीय स्वतंत्रता का श्रेय लेती है। स्वाधीनता संग्राम का प्रमुख जीवन मूल्य राष्ट्रीय एकता था। एकता की धारक और प्रचारक कांग्रेस के जिम्मेदार लोग अलग राष्ट्र की मांग उठाने की धमकी दे रहे हैं। इसी तरह की धमकी इसके पहले तमिलनाडु में सत्तासीन पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम ने भी दी थी। तब डी.एम.के. के सांसद ए. राजा ने कहा था कि केन्द्र सरकार तमिलनाडु को और अधिकार दे वरना अलग देश के लिए लड़ाई होगी। ऐसी अलगाववादी मांगें असंवैधानिक तो हैं ही राष्ट्रद्रोह की सीमा में भी आती हैं। आश्चर्य है कि सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस ने अपने वरिष्ठ सदस्य नेता की खतरनाक टिप्पणी पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

राजनैतिक अभियान की भाषा मर्यादित ही होनी चाहिए। वक्तव्यों और भाषणों से लाभ उठाना अलग बात है,लेकिन राष्ट्रीय एकता अखंडता और सम्प्रभुता के प्रश्नों पर कठोर अनुशासन की आवश्यकता है। राजनैतिक अभियानों की आदर्श भाषा से लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ती है। अलग देश की मांग की धमकी किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। दक्षिण भारत के सैकड़ों विद्वानों ने राष्ट्रीय एकता के गीत गाए हैं। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने करोड़ों नौजवानों को प्रेरित किया था। मूलभूत प्रश्न है कि क्या डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को भी उत्तर दक्षिण की सीमा में विवेचन का विषय बनाया जाए? क्या प्रख्यात शिक्षाविद राजगोपालाचारी को भी दक्षिण तक सीमित कर दिया जाए? क्या शंकराचार्य और रामानुज को भी दक्षिण की सीमा में ही गिना जाए? यह आश्चर्यजनक है कि स्वाधीनता के 76 वर्ष बाद भी हमारे राजनेता धौंस धमकी की भाषा बोलते हैं और राष्ट्रीय एकता सम्प्रभुता को ठेंगे पर रखते हैं।

राष्ट्रीय एकता और सम्प्रभुता को लेकर एक दृष्टि कांग्रेस और डी.एम.के. की है और एक दृष्टि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की है। कांग्रेसी दृष्टि में अलग देश की धमकी का अपराध भी राजनीतिक कार्यवाही है। वही मोदी की उपस्थिति में काशी में लगभग डेढ़ हजार तमिल भाषी विशिष्टजनों के समागम का आयोजन किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय एकता की बात कही थी। काशी प्राचीन ज्ञान परंपरा का महत्वपूर्ण शक्ति केन्द्र है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि देश की राष्ट्रीय एकता का मूल तत्व सांस्कृतिक एकता है। समूचे देश के लोग इस धमकी से गुस्से में हैं। कांग्रेस को इस बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए।

# गवर्नरों के रोल और दीनदयाल के बोल



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

संघ,जनसंघ और भाजपा का जहां भी जिक्र आयगा। वहां पं.दीनदयाल उपाध्याय का नाम बड़े आदर से स्मरण किया जाएगा। वे इन संगठनों के शिखरस्थ महामानवों में से थे,जो नीति और सिद्धांत की वेदी पर पद को ठुकराने वाले जाने जाते हैं। जनसंघ के अध्यक्ष रहते हुए, 28 दिसंबर 1967 को कालीकट (केरल) में पार्टी के अधिवेशन में दिया गया उनका भाषण एक ऐतिहासिक दस्तावेज है। इसमें उन्होंने तमाम मुद्दों के साथ गवर्नरों की भूमिका पर भी उंगली उठाई थी और उन्हें केन्द्रस्थ सरकार के इशारों पर चलने वाला बताकर, इन पदों पर ऐसे व्यक्तियों को नियुक्त किए जाने पर बल दिया, जो स्व-विवेक से काम करें और प्रदेश या देश की सरकार के हाथ के उपकरण न बने। कांग्रेस या यूपीए शासन काल के इन पदाधिकारियों ने खुलकर केंद्र के एजेंट के रूप में काम किया,लेकिन अब तो 10 साल से उपाध्याय जी के ही उत्तराधिकारियों की सरकार केंद्र में शासन कर रही है। उसके लिए तो दीनदयाल जी की वाणी वेद, पुराण तुल्य ही होनी चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। कर ये भी वैसा ही रहे हैं। लगता है गोस्वामी तुलसीदास की चौपाई "पर उपदेस कुसल बहुतेरे। जे आचरहिं ते नर न घनेरे" एकदम सही है। दो ताजे उदाहरण देखिए। विगत हफ्ते देश में दो सरकारें परिवर्तित हुईं। बिहार और झारखंड। बिहार का परिवर्तन केंद्र में सत्तासीन भाजपा के अनुकूल होने जा रहा था,तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने के चंद घंटे बाद ही बिना किसी किंतु-परंतु के उन्हें पुनः शपथ दिला दी गई। उन्होंने जैसा कहा,ज्यों का त्यों मान लिया गया। हालांकि उनका बहुमत डावॉडोल है। एक सप्ताह होने जा रहा है,अभी विभागों का वितरण नहीं हो पाया है और बहुमत सिद्ध करने की तारीख टाली जा रही है। एक सहयोगी जीतनराम माझी तेवर दिखा रहे हैं। इस हेतु 5 फरवरी नियत थी, किंतु अब गवर्नर साहब ही कह रहें हैं कि उन्हें समय नहीं है। यानी वे एकाध घंटे अभिभाषण पढ़ने विधानसभा नहीं आ सकते। अतः यह तारीख 12 फरवरी कर दी गई। है न खुला फेवर! अब इस अवधि में जितनी चाहो 'हार्स ट्रेडिंग' कर लो। दूसरा उदाहरण झारखंड का है,जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी की तलवार लटक रही थी। अतः उन्होंने विधायक दल का दूसरा चुनाव दिया और अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वे जेल भेज दिए गए। नए चुने गए नेता चंपई सोरेन अपने दल और गठबंधन के विधायकों के समर्थन पत्र लेकर राज्यपाल से 31 जनवरी को मिले और सरकार बनाने का दावा प्रस्तुत कर दिया। राज्यपाल ने उनसे सरकार बनाने को न कहकर इंतजार करने को कहा। कारण कि चम्पई सोरेन भाजपा के विरोधी गठबंधन के हैं। अगले दिन पहली फरवरी को दिन भर गहमागहमी रही। मीडिया के समक्ष विधायक उपस्थित हुए। राज्यपाल के दरवाजे पर धरने पर बैठने की धमकी दी। शाम पांच बजे फिर चम्पई गवर्नर हाउस पहुंचे,उनसे कहा गया कि प्रकरण पर विधिक राय ली जा रही है। मतलब साफ था कि भाजपा,जो वहां विपक्षी है,को मौका दिया जा रहा था कि विधायकों का अश्व व्यापार कर लो। अंततः जब बात नहीं बनी, तो रात 11 बजे चम्पई को सरकार बनाने का आमंत्रण पत्र मिला और अगले दिन 2 फरवरी को शपथ ग्रहण हुआ। पर्दे के पीछे खरीद फरोख्त की कोशिशें अब भी जारी हैं,क्योंकि चम्पई को बहुमत सिद्ध करने को कहा गया है। भय वश चम्पई सोरेन ने अपने विधायक चार्टर्ड प्लेन से कांग्रेस शासित तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेज दिए हैं। इस तरह स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है।

# दीर्घकालिक आर्थिक खाके को दर्शाता अंतरिम बजट



प्रो.एच.सी.पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

चुनावी वर्ष में प्रस्तुत केंद्र सरकार का अंतरिम बजट लोक लुभावन घोषणाओं के बजाय अर्थव्यवस्था के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने पर केंद्रित रहा। बजट के प्रावधानों में सरकार का आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से परिलक्षित हो रहा है। बजट में सरकार की स्वस्थ,संपन्न एवं शिक्षित (हेल्दी, वेल्दी और वाइज) समाज के निर्माण का संकल्प नजर आता है। सरकार द्वारा पिछले 10 वर्षों के दौरान किए गए नीतिगत सुधारों एवं आर्थिक विकास के कदमों विशेष तौर से रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म की नीति से जीडीपी की दृष्टि से भारत आज दस वर्ष में 10 वें स्थान की अर्थव्यवस्था से पांचवे स्थान पर पहुंचा है। वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने जीडीपी को सरकार की गवर्नेंस नीति से जोड़कर प्रस्तुत किया,उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी (गवर्नेंस, डेवलपमेंट और परफॉर्मेंस है) सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए और विकसित भारत के निर्माण के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह अंतरिम बजट मजबूत और विकसित भारत के सपने को अमली जामा पहनाने की ओर एक पड़ाव समझा जा सकता है।

बजट में देश की चारों प्रमुख स्तंभों युवा,गरीब, किसान एवं महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए आवश्यक प्रावधानों को तरजीह दी गई है,क्योंकि चार जातियों के विकास से देश के प्रत्येक नागरिक का कल्याण स्वाभाविक है। इससे स्पष्ट है कि यह बजट आम नागरिक को केंद्र में रखकर बनाया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार में नए मेडिकल कॉलेज खोलने,नए एम्स खोलने,आयुष्मान योजना का विस्तार,मौजूदा अस्पतालों की सुविधाओं में बढ़ोतरी तथा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आम व्यक्ति तक पहुंचे। उसके लिए स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में 2.30 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। इससे स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा। आयुष्मान योजना का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर कार्यरत आंगनबाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं को देने का निर्णय समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की प्रभावी योजना है।

बजट में पूंजीगत व्यय की 11.1 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रावधान होने से रेल,सड़क, वायु परिवहन, ऊर्जा इत्यादि के ढांचागत विकास को गति मिलने एवं औद्योगिकरण की राह आसान होने के आसार हैं,जो रोजगार के नए विकल्प खुलेंगा। कृषि के लिए 1.27 लाख करोड़ से अधिक रुपये का प्रावधान कृषि क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण होगा। कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी सेक्टर जैसे- पशुपालन, मत्स्य पालन, बकरी पालन,



मधु पालन आदि को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा के बजट में 26000 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र से रोजगार की तलाश में हो रहे पलायन को रोकने में सहायक होगा। हालांकि यदि हिमालयी व कोस्टल क्षेत्रों के सीमांत किसानों की कृषि कार्यों को इससे जोड़ा जाता तो यह योजना अधिक कारगर रहती। उद्यमिता के विकास पर बजट का खास फोकस है,छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 50 वर्ष तक की अवधि के लिए ब्याज रहित ऋण का प्रावधान होने से युवा स्वरोजगार की ओर प्रेरित होंगे जिससे औद्योगिकरण को गति प्राप्त होगी। स्कूली शिक्षा के लिए बजट में 19.56 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में सहायता होगी साथ ही प्राथमिक स्तर पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, पीएम उषा, पीएम श्री आदि योजनाओं के तहत बजट आवंटन होने से शिक्षित समाज के निर्माण का सपना साकार होने की दिशा में तेजी के साथ अग्रसर होगा। क्योंकि शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने पर बजट में विशेष फोकस किया गया है। यह देश को नॉलेज अर्थव्यवस्था बनाने में मदद करेगा। रेलवे के तीन कॉरिडोर विकसित होने, चालीस हजार नए रेल बगियां के निर्माण, नई मेट्रो लाइन का विस्तार होने से औद्योगिक उत्पादों का वितरण एवं विपणन सुगम होगा।

इस प्रकार की सुविधा आम व्यक्ति के रोजमर्रा की दिनचर्या को आसान बनाएगी और नए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। इसके साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय व्यापार आयात-निर्यात प्रभावी तरीके से संचालित करना आसान होगा। लगातार बढ़ते आयकर एवं जीएसटी संग्रह के बावजूद बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर के प्रावधानों में अधिक फेरबदल न करके आयकर के स्लैब में भी परिवर्तन नहीं किया जाना वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से देखा जा सकता है। यह कदम सरकार आत्मविश्वास को दर्शाता है और इससे राजकोषीय घाटे को कम करने में सहायता मिलेगी। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटे को 5.1 प्रतिशत तक लाने का है,जो इन प्रयासों से प्राप्त किया जा सकता है। बजट के प्रावधान सरकार की दीर्घकालीन,स्थाई एवं मजबूत आर्थिक नीतियों को प्रदर्शित करती है।

## समाज की मशाल



हफीज किदवई
लेखक

इमाम जाफर अल सादिक हजरत अली की चौथी पीढ़ी में थे। उनके वालिद इमाम मोहम्मद बाकर खुद वैज्ञानिक थे और मदीने में अपना कॉलेज चलाते हुए सैंकड़ों बच्चों को पढ़ाते थे। अपने पिता के बाद जाफर अल सादिक ने यह काम संभाला और अपने शागिर्दों को कुछ ऐसी बातें बताईं,जो इससे पहले किसी ने नहीं बताई। उन्होंने अरस्तू की चार मूल तत्वों की थ्योरी से इंकार किया और कहा कि मुझे हैरत है कि अरस्तू ने कहा कि दुनिया में केवल चार तत्व हैं,मिट्टी, पानी, आग और हवा। मिट्टी खुद तत्व नहीं है,बल्कि इसमें बहुत सारे तत्व हैं।

इसी तरह जाफर अल सादिक ने पानी, आग और हवा को भी तत्व नहीं माना। हवा को भी तत्वों का मिश्रण माना और बताया कि इनमें से हर तत्व सांस के लिए जरूरी है। मेडिकल साइंस में इमाम सादिक ने बताया कि मिटटी में पाए जाने वाले सभी तत्व मानव शरीर में भी होते हैं। इनमें चार तत्व अधिक मात्रा में आठ कम मात्रा में और आठ अन्य सूक्ष्म मात्रा में होते हैं। उन्होंने बताया,"जो पत्थर तुम सामने गतिहीन देख रहे हो,उसके अंदर बहुत तेज गतियां हो रही हैं। उसके बाद कहा "यह पत्थर बहुत पहले द्रव अवस्था में था। आज भी अगर इस पत्थर को बहुत अधिक गर्म किया जाए तो यह द्रव अवस्था में आ जाएगा। ऑप्टिक्स का बुनियादी सिद्धांत प्रकाश जब किसी वस्तु से परिवर्तित होकर आंख तक पहुंचता है तो वह वस्तु दिखाई देती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ब्रह्मांड में कुछ भी स्थिर नहीं है। सब कुछ गतिमान है।

ब्रह्मांड के बारे में एक रोचक थ्योरी उन्होंने बताई कि ब्रह्मांड हमेशा एक जैसी अवस्था मं नहीं होता। एक समयांतराल में यह फैलता है और दूसरे समयांतराल में यह सिकुड़ता है। उनके मशहूर शागिर्दों में जाबिर इब्ने हय्यान, इमाम अबू हनीफ, मालिक इब्न अनस थे। जिन रवायतो को आप मजाक बताते हैं,उन्हीं ने आज उनको जिंदा रखा है वरना ढूंढते रहते अरबी फारसी की किताबों में। कई बार रवायतें इसीलिए डाली जाती हैं कि शख्सियतें और उनके काम पीढ़ी दर पीढ़ी नीचे पहुंच जाएं। यह तरीके वोह नहीं समझेंगे जो एक झटके में सब खत्म कर देना चाहते हैं। हम सभी धर्म के लोगों से कहते हैं कि अपने बीच से अच्छे लोगों के किस्से आम करो। वह ही समाज की मशाल हैं। हमें भी इमाम जाफर ही रास्ता दिखाएंगे।

## निभाएं अच्छे नागरिक का फर्ज



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर

भारत में सबसे बड़ी समस्या का कारण यदि कुछ है तो वह है कचरा प्रबंधन। विदेशों में तो साफ सफाई का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया जाता है,लेकिन यदि बात हमारे देश की आती है तो मैनेजमेंट स्तर पर पर्याप्त काम नहीं हो पाता है। यदि आप अपने घर से शुरुआत करें कचरा कम फैलाएं उसे अलग-अलग करें और कंपोस्टिंग का मेथड सीखें तो एक अच्छे नागरिक होने का फर्ज आप भी निभा सकते हैं। कुछ साल पहले स्टेशनों पर प्लास्टिक बैग्स, बोतलों और चिप्स के पैकेट का कचरा फैलाने वाले पर्यटकों के सामने कुछ युवाओं ने ऐसा उदाहरण पेश कर दिया था कि वहां मौजूद तमाम लोगों को सबक मिल गया। युवाओं ने सबके सामने कूड़ा एकत्र किया और एक बड़े थैले में भरकर ले गए। पूरे देश में यदि साफ सफाई की मुहिम चल रही है तो हर एक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने घर और आसपास की भी सफाई का ध्यान रखें और अपने स्तर पर पहल करें अपनी आदतों को सुधारने का प्रयास करें। यदि देश में स्मार्ट सिटी बनाने का सोच रहे है तो क्या आप अपना यह सपना पूरा करने में सक्षम हैं? क्या आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं? सार्वजनिक स्थलों, ऑफिस, कैंटीन, गमलों में पान थूकना, मसालों के रैपर्स इधर-उधर फेंकना, घर का कूड़ा सड़क पर डाल देना, छत, बालकनी या सीढ़ियों की सफाई करके गंदगी को यहां वहां बिखेर देना,अपने घर के आसपास का कचरा दूसरों के घर के आगे डाल देना नागरिक का धर्म नहीं है। यदि आप अपने देश से प्यार करते हैं तो आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना भी आप का प्रथम कर्तव्य बनता है। यदि कोई समस्या बढ़ी है तो उसे और आप बड़ा न बनाएं।

कचरा प्रबंधन के लिए कई सरकारी व गैर सरकारी संस्थाएं आगे आई हैं। यदि प्लास्टिक का कोई समान फेंके जा रहे हैं तो इस समस्या को सुधारें। यह देश की समस्या बन रही है कि शहरों और महानगरों में सबसे अधिक कूड़ा कर्कट पाया जाता है। इसलिए बेस्ट मैनेजमेंट यहां की बड़ी समस्या है।

संस्मरण

# किताब चोर मैं



अनिल जनविजय
वरिष्ठ लेखक

मैं 1982 के दिसंबर में पहली बार हालैंड की राजधानी अमस्टर्डम गया था। वहां किताबों की एक बहुत बड़ी दुकान थी। मेरे पास कुल 35 गिल्डर थे और मुझे अभी तीन दिन और अम्सटर्डम में रुकना था,लेकिन फिर भी जब मुझे किताबों की एक दुकान दिखाई पड़ी तो मैं उसमें घुस गया। वहां हर तरह की किताबें थीं। घासलेटी साहित्य से लेकर उच्चस्तरीय साहित्य तक मैंने दुकान में ही एक आदमी को किताब के कवर फाड़कर किताब अपनी कमीज में घुसाते देखा। मैं करीब डेढ़ घंटे से उस दुकान में घूम रहा था। मैंने देखा कि वो पुस्तक-चोर बड़ी सहजता से दुकान के बाहर चला गया। अब मेरा मन भी एक-दो किताबें चोरी करने का हो आया,जो दो किताबें मुझे पसंद आईं उनमें से एक 60 गिल्डर की थी और दूसरी 55 गिल्डर की। मैंने भी कमीज के नीचे किताबें छिपाईं और बाहर निकलने की कोशिश की। जब दरवाजे से बाहर निकलने लगा तो अचानक भोंपू-सा बजना शुरू हो गया।

दुकान के दरवाजे पर खड़े दुकान के मालिक ने मुझसे कहा कि आप किसी किताब का भुगतान करना भूल गए हैं। मैंने उन्हें बताया कि मैंने उनकी दुकान से कोई किताब नहीं ली है तो उसने मुझसे कहा कि क्या आप अपना झोला दिखाएंगे? मेरा झोला किताबों से भरा हुआ था,लेकिन वो सभी किताबें मैंने बर्लिन में खरीदी थीं और उनका कैशमीमो भी मेरे पास था। उसने ध्यान से सारी किताबें देखीं और मेरा थैला अपने ही पास रखकर मुझसे कहा कि मैं एक बार फिर दरवाजे से बाहर जाऊं। जैसे ही मैं दरवाजे पर पहुंचा, भोंपू फिर से बजना शुरू हो गया। उसने मुझसे कहा कि अभी आपके पास और किताब हैं कोई। आप वह किताब भी निकालिए। मैं फंस चुका था। मैंने अपनी कमीज के नीचे से दो किताबें निकालकर सामने रख दीं।

दोनों किताबें देखकर वो दंग हो गया। एक किताब नाजिम हिकमत की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की थीं और दूसरी किताब पाब्लो नेरूदा की कविताओं के अंग्रेजी अनुवादों की। उसने मुझसे कहा कि ये किताबें तो हमारी दुकान में कोई चुराता ही नहीं है। हमारे यहां तो ज्यादातर घासलेटी साहित्य ही चोरी होता है। मैंने उसे बताया कि मैं खुद कवि हूं और मुझे सिर्फ कविता-संग्रह ही पसंद हैं। उसने मुझसे कहा कि वह मुझे दोनों किताबें पचास प्रतिशत की रियायत पर दे देगा। मैंने उससे कहा कि मेरे पास सिर्फ 35 गिल्डर हैं और मुझे अभी वहां तीन दिन और रहना है। इन कवियों की किताबें देखकर मुझसे रहा नहीं गया और मैंने अपने काव्य प्रेम की वजह से धनाभाव की मजबूरी में वे किताबें चुरा ली थीं। वैसे बर्लिन में मैंने सारी किताबें खरीदी हैं और उनका कैशमेमो भी मेरे पास हैं।

इसके बाद वो दुकानदार मुझसे देर तक बात करता रहा। फिर अचानक उसने मुझसे कहा कि वह पांच सौ गिल्डर की किताबें मुझे भेंट करना चाहता है और मैं उसकी दुकान में से पांच सौ गिल्डर की किताबें चुन सकता हूं। मेरे तो जैसे कोई लाटरी खुल गई थी। मैंने लोर्का, ब्रेख्त, रिल्के, विक्टर ह्यूगो, कंस्तान्तिन कवाफ़ी, सफ़्फ़ो के छह कविता संग्रह और चुन लिए वो कविता के लिए मेरा पागलपन देखकर हैरान हुआ। फिर उसने पूछा कि मैं कौन से होटल में रुका हूं? मैंने उसे बताया कि मेरे पास इतने पैसे ही नहीं हैं कि मैं होटल में रुकूं। मैं अपनी रातें हर शहर में रेलवे स्टेशन पर बिताता हूं। मेरा यह जवाब सुनकर वह और ज्यादा आश्चर्यचकित हुआ। उसने मुझे कॉफी पीने का ऑफर दिया और खिद ही कॉफी बनाकर मुझे पिलाई। तब तक वह भारत के बारे में और भारतीय संस्कृति के बारे में मुझसे बात करता रहा। काफी पीने के बाद जब मैंने उससे जाने की इजाज़त मांगी तो उसने मुझे विदा करते हुए कहा कि अगर मैं चाहूं तो अगली दो रातें उसके घर पर बिता सकता हूं। मैं सहर्ष तैयार हो गया।

मैंने उससे पूछा कि यह क्या रहस्य है कि किताबें छुपाकर बाहर निकलने पर भोंपू कैसे बजने लगता है? उसने बताया कि किताबों के कवर में एक ऐसी इलैक्ट्रॉनिक चुंबक की पतली-सी परत छुपी हुई है जिसको निरस्त करना जरूरी होता है। उसे अगर निरस्त नहीं किया जाएगा, वह चुंबकीय परत दरवाजे में लगी मशीन के पास पहुंचते ही दरवाजे में लगा भोंपू बजने लगेगा। उसने मुझसे कहा कि अगर मैं उसके साथ रुकना चाहूंगा तो शाम को आठ बजे तक उसकी दुकान पर वापिस आ जाऊं। आठ बजे दुकान बंद होती है, तब वो मुझे अपने घर ले चलेगा। मैंने किताबों और अन्य सफरी सामान से भरा अपना थैला उसकी दुकान पर ही छोड़ दिया और शहर घूमने बाहर निकल गया। अगले दो दिन बड़े सुखद रहे।

# रामभक्ति: विविधता में एकता के दर्शन



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर, एमपी पीजी डिग्री कॉलेज, शाही, बरेली

भारत विकास और उन्नति के मार्ग पर अग्रसर हो रहा एक जनसंख्या बाहुल्य देश है। इसकी जनसंख्या में विभिन्न धर्म, जाति, वर्ग, मत एवं संप्रदायों का समिश्रण है जिसमें हिंदू धर्म का अनुपात सर्वाधिक है। भारत एक युवा देश है। यहां पर युवा शक्ति को सकारात्मक मोड़ देकर उनकी कार्य-कुशलता तथा योग्यता में अकल्पनीय वृद्धि की जा सकती है। युवाओं के लिए श्री राम का दिव्य चरित्र, अद्भुत व्यक्तित्व, वीरता, उदारता, सत्य-निष्ठा, निर्भीकता, धैर्य, दृढ़ता, शारीरिक सौष्ठव, मानसिक बल, निरंतर संघर्ष, भावात्मक सौंदर्य एवं त्याग युवाओं के लिए अद्भुत प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगा।

हजारों वर्षों पूर्व से ही भारत के पास रामराज रूपी सुव्यवस्था रही है जिसमें प्रत्येक नागरिकों के हितों की सुरक्षा की बात स्पष्ट प्रतीत होती है। प्रत्येक नागरिक भयमुक्त था। समाज में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक दृष्टि से संपन्नता व्याप्त थी, परंतु समय-समय पर समाज में कुछ अराजकता एवं विषमताएं उत्पन्न होती रही जिससे रामराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व्यवस्था समय के साथ धूमिल होती नजर आई,लेकिन रामभक्ति प्रत्येक हिंदू के हृदय की धड़कन के रूप में सदैव विद्यमान रही। चाहे वह किसी भी जाति, भाषा-भाषी, भिन्न संस्कृति या मत मतांतर का व्यक्ति रहा हो। आज भारत ही नहीं विश्व के अन्य देशों में भी रामभक्ति भिन्न-भिन्न स्वरूपों में विद्यमान है,जो विश्व को राम नाम के आधार पर एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करता है। भारत में रामराज की अवधारणा ने भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार, मानवीय मूल्य, नैतिकता एवं स्वाभिमान के साथ-साथ राष्ट्र गौरव की पुनर्स्थापना करते हुए मानव को समाज के उच्च आदर्शों पर गतिमान रहने का परम संदेश प्रदान किया है। राम राज में सभी मनुष्य लोक-कल्याणकारी व्यवस्था के अंतर्गत एक ऐसे राज्य की संकल्पना कर सकते हैं जिसमें कोई भी व्यक्ति दीन-दुखी और अभावग्रस्त नहीं होगा। सभी व्यक्ति शिक्षित, संस्कारी, संपन्न और आवश्यक सुविधाओं से संपन्न होंगे। चारों ओर भय मुक्त वातावरण व्याप्त होगा। रामभक्ति और रामराज भारत के हर नागरिक के लिए ऐसी लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं बुनियादी आधार है जिसमें प्रत्येक नागरिक के लिए चाहे वह धनी हो या निर्धन सभी को समान न्याय प्राप्त होगा एवं इसके साथ-साथ सभी के अधिकार भी सुरक्षित रहेंगे।

शासन का एकमात्र लक्ष्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना तथा जनता के हितों की रक्षा करना होगा। भारत में राम मंदिर की स्थापना एवं रामभक्ति ने विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक वैविध्य का समन्वय एक साथ किया है। राम भक्ति एवं राम भक्त विश्व के विभिन्न देशों में पाए जाते हैं,जो विभिन्न रूपों में राम में आस्था एवं श्रद्धा रखते हैं। देशीयता की सीमाओं से परे एवं जात-पात, उच्च-नीच, छोटा-बड़ा यहां तक की कुछ मात्रा में अन्य धर्म के लोगों में भी रामभक्ति का रंग दिखाई पड़ा है। इसके पीछे उन सभी का ध्येय श्रद्धा की हो या स्वार्थ पूर्ति की, परंतु सभी ने राम नाम के एक मंच पर एकत्रित होकर विविधता में एकता के दर्शन कराए हैं।

## एक नजर

### हर्ष फायरिंग के मामले में सुनवाई टली

सुलतानपुर, अमृत विचार। हर्ष फायरिंग के उल्लंघन के आरोपों से इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व उनकी बहन अर्चना सिंह के मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने छह फरवरी की तारीख नियत की है। 14 जून 2021 को अर्चना सिंह के हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर जारी होने के बाद धनपतगंज थाने के दरोगा सुशील कुमार ने अर्चना सिंह पर मुकदमा दर्ज कराया था। विवेचना में सोनू सिंह का नाम भी सामने आया और दोनों पर चार्जशीट दाखिल हुई।

### अधिवक्ता अयूब उल्ला ने की लोकसभा टिकट की दावेदारी

सुलतानपुर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव के लिए सुलतानपुर से सपा के टिकट पर उम्मीदवारी के लिए अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अयूब उल्ला खान ने शनिवार को सपा कार्यालय पर पहुंचकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को संदर्भित दावेदारी पत्र सपा ज़िलाध्यक्ष रघुवीर यादव व महामंत्री सलाहुद्दीन खान को सौंपा। उनके साथ ज्ञानेश्वर यादव, नवीन यादव बैतुल्लाह खान, अहमद शोएब, संदीप, नफीस अहमद, राजेंद्र यादव, विजेंद्र चौरसिया आदि रहे।

### सीआरओ ने संभाला कार्यभार

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले में मुख्य राजस्व अधिकारी के पद पर देवेंद्र सिंह ने कार्यभार ग्रहण कर लिया हैं। श्री सिंह ने बताया कि शासन के मंशानुरूप व डीएम के निर्देशो का पालन कराया जायेगा। वे पहले ही दिन जिले में चार्ज लेने के बाद डीएम की अध्यक्षता में आयोजित जनसुनवाई में शामिल हुए। इसके बाद कोर्ट पर मुकदमों की सुनवाई भी की। श्री सिंह मूलत: अलीगढ़ जनपद के निवासी है। वे ललितपुर जनपद से स्थानांतरित होकर आए है। इसके पहले जौनपुर में सिटी मजिस्ट्रेट भी रह चुके हैं।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को लगी गोली

## बदमाश पर दर्ज है कई केस, जूस का पैसा मांगने पर फल व्यवसायी पर की थी फायरिंग

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। बदमाश को पकड़ने गई पुलिस पर उसने फायरिंग करने लगा तो पुलिस भी बचाव में फायरिंग शुरु कर दी। दोनों तरफ से हो रही फायरिंग की आवाज सुन ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस की फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस उसे लेकर राजकीय मेडिकल कॉलेज आई है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

कई मामलों में वांछित चल रहा इरफान को पुलिस को तलाश थीं। बुधवार की शाम फल व्यवसायी पर भी फायर किया था। गनीमत रही कि फल व्यवसायी बाल बाल बच गया था। तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश तेज कर दी। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने बताया कि सूचना मिली थी कि बदमाश बंधुआ कला थाना क्षेत्र के हसनपुर क्रॉसिंग के पास है। शुक्रवार की शाम पकड़ने गई पुलिस पर बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी, जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस फायरिंग में एक गोली उसके दाहिने पैर में लगी।


पुलिस की गोली से घायल हिस्ट्रीशीटर व उसके पास से बरामद हुई पिस्टल।

बदमाश को मुठभेड़ में पकड़ा गया। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घायल बदमाश इरफान कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इसके ऊपर हत्या, लूट और गैंगस्टर समेत 13 मुकदमा दर्ज है। एक फरवरी को मुरारी दास गली चौक में बदमाश इरफान ने व्यापारी मोहम्मद सलमान पर जान से मारने की नीयत से फायर भी किया था। मुठभेड़ की एफआईआर बंधुआकला थाना में दर्ज किया गया है। आरोपी के पास से पिस्टल बरामद की गई है।

## विरोधाभासी बयानों से दुराचार का आरोपी बरी

सुलतानपुर

अमृत विचार। बीते साल किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के आरोपी अंकित तिवारी को पॉक्सो कोर्ट के जज पवन शर्मा ने साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। कोतवाली देहात कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बीती 15 मार्च को आरोपी पर अपहरण दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया। बचाव पक्ष के वकील समरजीत सिंह ने बताया कोर्ट में जिरह पर पीड़िता और अन्य गवाहों ने विरोधाभासी बयान दिए। जिसके आधार पर घटना को संदिग्ध मानकर कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया।

# पिता-पुत्र ने व्यवसायी से लिए 12 लाख, धान दिया न पैसा

कार्रवाई

▸▸ अब दे रहे धमकी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार। धान व्यवसायी को दो ट्रक धान बेचने की बात कह पिता-पुत्र ने 12 लाख ले लिए। जब व्यवसाई ने धान खरीदने के लिए ट्रक भेजा तो पिता-पुत्र ने न तो धान दिया न ही पैसा। जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित धान व्यवसाई ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। जिस पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

जिले के अखंडनगर थाना क्षेत्र के पौधनरामपुर निवासी राजा राम ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह आढ़ती व राइस मिल का मालिक हैं। जौनपुर जिले के खुटहन थाना क्षेत्र के तिहरा गांव निवासी पिता-पुत्र मिठाई लाल व मंगला प्रसाद ने उसे दो ट्रक धान बेचने की बात कही। पैसा 5लाख़ नगद, सात लाख़ बैंक खाते में भेज दिया। धान खरीदी के लिए जब दो ट्रक उनके घर भेजा तो मंगला प्रसाद ने फ़ोन बंद कर लिया। मिठाई लाल से बात हुई तो वह गुमराह करते हुए गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। अखण्ड नगर थाना प्रभारी ने बताया कि व्यवसाई की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ़ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# कबड्डी में रुचि तो खो-खो में संध्या की टीम जीती

● प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई विद्यालय के संस्थापक की पुण्यतिथि

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। सुभाष चंद्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांद नैय्या के संस्थापक स्व. जगदंबा प्रसाद सिंह की 12वीं पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

शनिवार को विद्यालय परिसर में संस्थापक स्व. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों का अनुकरण करने की बात कही। तत्पश्चात खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग की कबड्डी में रुचि की टीम एवं खो-खो के खेल में संध्या निषाद की टीम तथा बालिका वर्ग की 200 मीटर की दौड़ में पूजा एवं 100 मीटर की दौड़ में अनामिका अव्वल रही। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में अश्वनी मौर्य की टीम एवं बैडमिंटन में रुचि ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर विनय कुमार सिंह, जगदंबा प्रसाद पांडे, सुभाष चंद्र, अखिलेश वर्मा, फूल कुमारी, अश्वनी मौर्य सहित अनेक अभिभावक मौजूद रहे।


खेलकूद प्रतियोगिता में जोर आजमाइश करती छात्राएं। अमृत विचार

## वकीलों ने पूर्व सांसद के निधन पर दी श्रद्धांजलि

सुलतानपुर, अमृत विचार। पूर्व बसपा सांसद जयभद्र सिंह के निधन पर शनिवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। मांयग गांव के मूल निवासी जय भद्र सिंह ने सुलतानपुर क्षेत्र से बसपा के टिकट पर सांसदी का चुनाव जीता था। दिल्ली के अस्पताल में उनका निधन हो गया था। शोक प्रस्ताव कारण वकील न्यायिक कामकाज से विरत रहे। शोक सभा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, अरविंद सिंह राजा, संतोष पाण्डेय, शिवमंगल शुक्ल व कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बिहार में शिक्षक बनीं पूजा व आभा

● परिजनों समेत अध्यापकों और ग्रामीणों ने जताई खुशी

सूरापुर, सुलतानपुर

अमृत विचार। करौंदीकला क्षेत्र के नरायनपुर नागनाथपुर निवासी सगी बहनों के पूजा व आभा उपाध्याय के बिहार में शिक्षक पद पर चयन होने पर परिवार समेत ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है।

पिता अनिल उपाध्याय के सड़क दुर्घटना में सन 2022 में स्वर्गीय होने के बाद भी नरायनपुर नागनाथपुर गांव की दो सगी बहनों का हौसला नहीं टूटा। पिता की मृत्यु से परिवार सदमे में चला गया। समय के साथ-साथ परिवार ने आगे बढ़ना शुरू किया। चार बहन व दो भाइयों में पूजा व आभा को पिता का सर्वाधिक स्नेह मिलता था। पिता का सपना था कि दोनों बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़ें। पिता के सपनों को साकार करने के लिए दोनों मेहनत करने लगी, जिसके परिणाम स्वरूप उनका चयन बिहार में शिक्षक पद पर हुआ। दोनों बेटियों के चयनित होने पर परिवार में खुशी छाई है। बड़े पिता अमरेंद्र उपाध्याय, विनोद, चाचा राकेश, भाई रोहित, विपिन व अध्यापक अवधेश मिश्र, अम्बरीश मिश्र, अध्यापिका रेखा सिंह ने चयन होने पर खुशी जाहिर की है।


पूजा उपाध्याय


आभा उपाध्याय

### जंगल की आग बुझाई गई

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के छतौना कला गांव के जंगल में शनिवार दोपहर अचानक आग लग गयी। आग की लपट इतनी तेज थी देखते ही देखते उसकी भयंकर लपटें निकलने लगीं। वही तेज हवा के कारण भी आग धीरे धीरे आगे बढ़ने लगी। ग्रामीणों की कड़ी मेहनत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि दिनाँक 20/01/2024 को मेरे मकान के कागजात डीड नं0 1777 वर्ष 05/06/1984 वास्तव में खो गये है। जिस किसी व्यक्ति हो मिले कृपया इस मोबाइल नं0– 9838029527 पर अवगत कराने का कष्ट करे। जिससे बैनामे के कागज का कही दुरुपयोग न हो सके। **उमादेवी, नीशू देवी निवासी–** G.N.–रोड पोस्ट आफिस चौराहा – सुलतानपुर

## निरंजन के अर्द्धशतक से अहलादे की टीम विजयी

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार। लक्ष्मणपुर क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का मैच अहलादे एवं हमाजापुर के बीच खेला गया। शनिवार को आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में हमाजापुर टीम ने टॉस जीत कर कप्तान सचिन की अगुवाई में पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। अहलादे टीम ने कप्तान प्रिंस की अगुवाई में पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 112 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हमजापुर की टीम ने छह विकेट को खोकर निर्धारित आठ ओवर में 95 रन ही बना सकी। इस प्रकार अहलादे ने 17 रनों से मैच को जीत लिया। अहलादे टीम की तरफ से मैन ऑफ द मैच निरंजन रहे।

# गायत्री शक्तिपीठ में चल रहा एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर

जागरूकता

● 10 दिवसीय शिविर में रोगों के उपचार का मिल रहा प्रशिक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा स्वास्थ्य संवर्धन के अंतर्गत गायत्री शक्तिपीठ प. श्री राम शर्मा आचार्य मार्ग पर 10 दिवसीय एक्यूप्रेशर चिकित्सा शिविर का शुभारंभ गुरुवार को जिला समन्वयक डॉ सुधाकर सिंह एवं डॉ रमेश ओझा में दीप जलाकर किया। शिविर में असाध्य रोगों को बिना दवा के उपचार हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

डॉ. रमेश ओझा ने कहा कि ऐसे शिविरों की आज अत्यंत आवश्यकता है। डॉ. अमर प्रताप चद्रवंशी ने बताया कि गायत्री परिवार के इस शिविर में असाध्य रोगों का कैसे उपचार हो सकता है। इसके बार में लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कई लोग बिना दवाओं के कैसे गंभीर बीमारियों का इलाज हो सके। इसका प्रशिक्षण ले रहे हैं।

इस मौके पर डॉ. आदित्य प्रताप, राम केदार मिश्रा, प्रभाकर सक्सेना, सरजू प्रसाद, घनश्याम मिश्रा, डॉ. आरआर सिंह आदि मौजूद रहे।

## चांदा में हरे वृक्षों का कटान जारी

सुलतानपुर, अमृत विचार। कोतवाली चांदा अन्तर्गत हरे पेड़ों की कटान पुलिस और वन कर्मियों की सरपरस्ती में फल फूल रहा है। शिकायत पर शनिवार को ढाखापुर गांव से वन कर्मियों ने कटर मशीन, कुल्हाड़ी सहित नीम के कटे वृक्ष को कब्जे में लिया है। कोतवाली चांदा के ढाखापुर गांव के पारसनाथ यादव ने अपना नीम का हरा पेड़ थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़ के सिराज अहमद को बेचा था। शिकायत पर वन महकमा सक्रिय हुआ। मौक़े से नीम के वोटे ,कटर मशीन कुल्हाड़ी को कब्जे में लिया गया है। डिप्टी रेंजर धीरेंद्र यादव ने घटना की पुष्टि किया और बताया कि स्वामी और ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# जल्द आएंगे रामायण के प्रसंगों पर जारी हुए डाक टिकट

सुलतानपुर, अमृत विचार। भगवान श्री राम की महिमा डाक टिकटों के माध्यम से भी देश-दुनिया में प्रसारित हो रही है। भारत के साथ-साथ विश्व के 20 से ज्यादा देशों ने रामायण से जुड़े चरित्रों और कथानकों पर समय-समय पर डाक टिकट जारी किये हैं।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद केन्द्र सरकार की ओर से जारी राम से जुड़े डाक टिकट जिले के डाकघरों में शीघ्र ही पहुंचेंगे। प्रयागराज परिक्षेत्र के अंतर्गत सुलतानपुर जनपद भी आता है। परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले प्रधानमंत्री ने 18 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित 6 विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए। इनमें श्री राम जन्मभूमि मंदिर के साथ भगवान गणेश, हनुमान, जटायु, केवटराज और माता शबरी पर जारी डाक टिकट शामिल हैं। इन डाक टिकटों में सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि के साथ पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है। इन डाक टिकटों के मुद्रण में अयोध्या की मिट्टी और सरयू के पवित्र जल का इस्तेमाल करते हुए इसे पंच महाभूतों के दर्शन से भी जोड़ा गया है।

**बाबा गयादीन वैद्य बाबूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**मैनपुर नवाबगंज गोण्डा (उ.प्र.)**

**आवश्यकता है स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत**

प्राचार्य – 01 पद।
परास्नातक स्तर पर कला संकाय हेतु – प्राचीन इतिहास, भूगोल विषयों में प्रवक्ता 01–01 पद।
स्नातक स्तर पर कृषि संकाय हेतु– प्रवक्ता 4 पद ।
योग्यता एवं वेतनमान– यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
नियुक्ति संविदा पर होगी, यू.जी.सी.नेट को वरीयता दी जायेगी।

(इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अंदर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ स्वयं या विद्यालय के पते पर संपर्क करें।)

सत्य प्रकाश तिवारी – प्रबंधक, मो0: 9721655000, 9628551000


दीवानी न्यायालय का निरीक्षण करने पहुंचे सहायक प्रशासनिक जज।

### सहायक प्रशासनिक जज ने दीवानी का किया निरीक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचार। हाईकोर्ट के सहायक प्रशासनिक जज न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर शनिवार को दीवानी पहुंचे। जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश पांडेय, बार एसोसिएशन के महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह समेत अन्य अधिवक्ताओं ने उनका स्वागत किया। न्यायमूर्ति श्री दिवाकर ने दीवानी कैंपस का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद न्यायिक अधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक कर न्यायिक कामकाज में हो रही समस्याओं से अवगत हुए तथा शीघ्र निस्तारण की बात कही। प्रशासनिक जज के आने के चलते दीवानी कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता दिखी।

# छात्रों को व्यायाम शिक्षक ने दिए क्रिकेट के टिप्स

मार्गदर्शन

▸▸ मीना मंच कैंप में पहुंचे जिला व्यायाम शिक्षक

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। शनिवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय बीबीगंज में मीना मंच के दौरान विद्यालय में पधारे जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी ने जिला स्तर पर चयनित क्रिकेट के बच्चों को मंडल स्तर की तैयारी के लिए टिप्स दिए।

मीना मंच को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने बच्चों को खेल एवं संतुलित भोजन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। खेल अनुदेशक रितेश त्रिपाठी ने बच्चों से पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में हर्षोल्लास एवं खेल की बारीकियां सीखने की उत्सुकता दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विशेष प्रदर्शन के लिए कक्षा 8 की छात्रा मुस्कान मौर्य को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर विद्यालय में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भूमिका सिंह ने बच्चों बच्चों को साफ सफाई एवं अनुशासन की सीख दी। इस मौके पर विद्यालय अध्यापक अकील अहमद, सरिता गुप्ता, मोहम्मद अनस समेत 125 बच्चे उपस्थित रहे।

गांव चलो अभियान | गौरा इंटर कॉलेज में हुई कूरेभार मंडल की कार्यशाला में बोले भाजपा के प्रवक्ता

# 24 घंटे गांवों में प्रवास करेंगे भाजपा के दिग्गज

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। पार्टी कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत गांव-गांव, घर-घर जाकर सरकार की योजनाओं से लोगों का अवगत कराएं। साथ ही लाभार्थियों की वोटर्स व गांव के प्रभावशाली लोगों से संपर्क व संवाद स्थापित करें। यह बात कूरेभार विकासखंड अंतर्गत गौरा इंटर कॉलेज परिसर में गांव चलो अभियान के तहत आयोजित मंडल कूरेभार की कार्यशाला में भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने कही।

मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में रघुवंशी ने बताया कि आगामी 4 से 11 फरवरी तक भाजपा द्वारा चलाए जाने वाले अभियान में पार्टी के जनप्रतिनिधि, दिग्गज नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता गांवों में 24 घंटे प्रवास करेंगे। इस दौरान ग्राम संयोजक व प्रवासी की टीम एक-एक मतदाता से संपर्क करेगी। साथ ही मतदाता सूची का निरीक्षण, नमो ऐप,सरल ऐप डाउनलोड करने एवं बूथ पर 51 प्रतिशत से अधिक वोट प्राप्त करने की योजना बनाने का काम होगा। गांव चलो अभियान के माध्यम से समाज के हर वर्ग को पार्टी से जोड़ा जाएगा। मंडल अध्यक्ष संदीप पांडेय ने अध्यक्षता करते हुए आयें हुए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर पूर्व जिला मंत्री राघवेन्द्र श्रीवास्तव, युवा मोर्चा जिला महामंत्री गोविंद मौर्या, नितीश अग्रहरि, गोविंद पांडेय, वंश गोपाल सिंह, अभिषेक सिंह, अरूण दूबे, राजमणि मौर्या, हृदय राम वर्मा आदि मौजूद रहे।



भाजपा के कार्यक्रम को संबोधित करते जिला मीडिया प्रभारी विजय सिंह रघुवंशी।

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर**

पत्रांक : 262/न0पं0दो0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा मार्ग प्रकाश/पेयजल व्यवस्था हेतु निम्नांकित विद्युत उपकरणों के क्रय के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 (01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक) हेतु दरें प्राप्त करने हेतु समस्त कम्पनियों से तथा इन कम्पनियों के अधिकृत फर्म/डीलर्स/सप्लायर से मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह में प्राप्त किये जाते है तथा प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | दर | क्र0 सं0 | सामग्री का विवरण | दर |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | एल0ई0डी0 बल्ब 20 वाट | प्रति अदद | 19. | कापर वायर 01 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 02. | एल0ई0डी0 स्ट्रीप लाइट (तिरंगा) पोल हेतु | प्रति मीटर | 20. | कापर वायर 2.5 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 03. | एल0ई0डी0 बल्ब 30 वाट | प्रति अदद | 21. | केबिल 06 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 04. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 60 वाट | प्रति अदद | 22 | केबिल 10 एम0एम0 | प्रति मीटर |
| 05. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 72 वाट | प्रति अदद | 23. | केबिल 30 एम0एम0 आरमेड | प्रति मीटर |
| 06. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 90 वाट | प्रति अदद | 24. | अक्टोगोलन पोल 07, 09 मीटर | प्रति अदद |
| 07. | एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाइट 150 वाट | प्रति अदद | 25. | इलेक्ट्रिक कीट (प्लास, पेचकस, कटर आदि) | प्रति सेट |
| 08. | एल0ई0डी0 फ्लड 500 वाट | प्रति अदद | 26. | हैण्ड गलब्स | प्रति अदद |
| 09. | इस्टार्टर स्र्टटींग क्वायल | प्रति अदद | 27. | सेफिटी मैट | प्रति मीटर |
| 10. | एल0ई0डी0 बल्ब होल्डर | प्रति अदद | 28. | स्टार्टर 10 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 11. | बेड स्वीच | प्रति अदद | 29. | स्टार्टर 35 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 12. | पॉवर स्वीच | प्रति अदद | 30. | स्टार्टर 45 एच0पी0 | प्रति अदद |
| 13. | बैण्ड पाइप | प्रति अदद | 31. | कट आउट 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 14. | सेंसर 20 किलोवाट | प्रति अदद | 32. | मेन स्वीच 32, 63 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 15. | आयरन पोल कलेम्प 04, 06 इंच | प्रति अदद | 33. | चेन्ज ओवर 32, 63 200एम्पीयर | प्रति अदद |
| 16. | पीसीसी पोल कलेम्प 04, 06 इंच | प्रति अदद | 34. | एम्पीयर मीटर | प्रति अदद |
| 17. | टेप | प्रति अदद | 35. | बोल्ट मीटर | प्रति अदद |
| 18. | नट बोल्ट | प्रति किग्रा | 36. | कॉपर केबुल फ्लैट 16एमएम | प्रति मीटर |

शर्ते:–
1.निविदादाता को जमानत के रूप में रू0 40,000/– की एनएससी, एफडीआर, टीडीआर/नगद जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर–सलतानपुर के पक्ष में बन्धक होगी निविदा/कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। जो वारन्टी/गारन्टी तक वापस नही होगी।
2.सर्वन्यून निविदा की दर ही मान्य होगी, जो पी0डब्लू0डी0 व जल निगम की शिड्यूल दर से अधिक न होगी।
3.निविदादाता को सम्बन्धित कम्पनी का अधिकृत डीलर होना आवश्यक होगा। सब डीलर मान्य नही होगा।
4.निविदा की दर स्वीकृत हो जाने पर निर्धारित स्टाम्प पेपर, शपथ–पत्र सहित अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
5.आवश्यकतानुसार समाग्री आपूर्ति का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
6.दरे घटोत्तरी/बढोत्तरी की दशा में आपूर्ति आदेश के अनुसार सत्यापनोपरान्त भुगतान किया जायेगा।
7.सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।
8.डीलर होने का समस्त प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9.निविदा में प्रत्येक सामग्री की जी0एस0टी0 अलग–अलग उल्लेख किया जाना होगा।
अत: इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/डीलर/सप्लायर उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सील्ड पेटिका में अपना–अपना निविदा डाल सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से हलवाई की मौत

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जिले में बांसी थाना क्षेत्र के पास शुक्रवार रात करीब 12 बजे सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम खुरहुरिया निवासी राम कुमार उर्फ श्रीराम (32) पुत्र स्व. जयराम हलवाई का कार्य करता था। शुक्रवार को वह बाइक लेकर घर से किसी शादी-विवाह में खाना बनाने गया था। देर रात वह घर जा रहा था। बांसी से कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौत हो गई।

### मादक पदार्थ तस्कर को साढ़े तीन साल की सजा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना ढेबरुआ पुलिस की पैरवी से मादक पदार्थ के तस्कर को 3 वर्ष 6 माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। न्यायाधीश अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी हिमांशु दयाल श्रीवास्तव ने एनडीपीएस एक्ट के दोषी गरीबदास निवासी सेवरा थाना ढेबरुआ को 3 वर्ष 6 माह के कठोर कारावास व 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

### ऑनलाइन फ्रॉड के 10 हजार रुपये कराए वापस

सिद्धार्थनगर अमृत विचार : महिला के खाते से ऑनलाइन फ्रॉड कर की गई 10 हजार रुपये की ठगी के मामले में साइबर सेल ने उसकी राशि वापस कराई है। ऑनलाइन फ्रॉडकर 10 हजार रुपये ठगे गए थे। महिला ने इसकी सूचना साइबर सेल को दी। शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम ने कार्रवाई करते हुए महिला के रुपये खाते में वापस कराए।

### पुलिस ने की पैदल गश्त

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : जनपदीय पुलिस ने ज्ञानवापी मस्जिद पर लिए गए निर्णय व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पैदल गश्त कर चेकिंग की। साथ ही संवाद स्थापित कर लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में ज्ञानवापी मस्जिद पर लिए गए निर्णय व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष ने अपने-अपने सर्किल, थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले भीड़-भाड़ वाले स्थानों और बार्डर के आसपास के क्षेत्रों में पैदल गश्त व चेकिंग की। आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुए जनसंवाद स्थापित किया और आपस में सौहार्द बनाये रखने की अपील की गई। इस दौरान अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। कहा गया कि अगर ऐसा कोई करता है तो तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दें जिससे उस व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान कई पुलिसकर्मी रहे।

# स्वास्थ्य पेशे को अस्वस्थ बना रहे हैं मरीज माफिया

सिद्धार्थनगर कार्यालय




**भ्रष्टाचार**

▸▸ मेडिकल कॉलेज में ग्रुप बनाकर काम करते हैं दलाल, नहीं होती कोई भी कार्रवाई

**अमृत विचार :** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में दलालों की आपसी गठजोड़ तगड़ी है, इसलिए इनका धंधा कभी मंदा नहीं होता है और यह सिस्टम में घुसपैठ कर मरीजों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मी बताते हैं कि मरीज माफिया आपस में काम भी बांट लेते हैं। उनका कहना है कि दवा की दलाली करने वाला केवल दवा का काम करता है। ब्लड की जांच कराने वाला वहीं काम करेगा जबकि एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड के लिए बरगलाकर निजी केंद्र पर भेजने वाला अपना काम करेगा। खून में कमीशन लेने वाला अलग है। इनकी सांठगांठ ऐसी है कि जिसको जो मिला, एक-दूसरे के पास भेजे देता है। जब कहीं कोई फंसता है तो एक हो जाते हैं। ठगी के शिकार होने वाले को खामोश कर देते हैं जिससे कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती है।

स्वास्थ्य पेशे को अस्वस्थ बनाने में मरीज माफिया कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे। सिस्टम में घुसकर पैठ कर मरीजों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। डॉक्टर के केबिन से लेकर लैब, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और ब्लड बैंक तक इनका गिरोह फैला हुआ है जो मरीजों को फंसाते और अस्पताल में जांच व दवा खराब होने का हवाला देकर निजी केंद्र पर ले जाते हैं जहां उनका आर्थिक शोषण करते हैं। इसमें पूरा चैनल काम करता है। स्वास्थ्यकर्मी के करीब कोई दूसरा रहता है। पर्चा लिखाने और जांच कराने के लिए बताए हुए स्थान पर पहुंचाने में कोई दूसरा काम करता है। जब कमीशन की बात आती है तो दवा और जांच लिखने वाले से पर्चा पहुंचाने वाले का हिस्सा बंट जाता है। मेडिकल कॉलेज से जुड़े लोगों का कहना है कि इनका अलग-अलग ग्रुप है जिन्होंने काम बांट लिया है। कोई एक-दूसरे के काम में दखल नहीं देता है। अगर संबंधित मरीज मिल जाए जो एक-दूसरे को दे देते हैं। कहीं अगर कोई मरीज कुछ बोलता है तो पहले ही समझा-बुझाकर उसे दबा देते हैं। शिकायत न पहुंचे, इसलिए कई बार रुपये भी वापस कर देते हैं। इसलिए, इनका खेल जारी है और कार्रवाई नहीं हो पाती। इस खेल में बीते दिनों एक दलाल की पिटाई भी हो चुकी है। वैसे दलालों के पास स्थानीय ताकत होने के कारण डॉक्टर भी इनसे घबराते हैं।

> दवा और जांच में दलालों का शिकार होने वाले लोग शिकायत करें। पीड़ित आगे बढ़े तो इनके खिलाफ केस दर्ज करवाया जाए लेकिन मौखिक बताने के बाद जब कार्रवाई के लिए लिखित मांगा जाता है तो पता चलता है कि कार्रवाई नहीं चाहते हैं। दलालों पर शिकंजा कसने के लिए टीम गठित की जा रही है। इसके बाद बाहरी लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. एके झा, प्राचार्य, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज

# सैयद मोदी मेमोरियल टूर्नामेंट में खेले गए मैच

**गोरखपुर, अमृत विचार :** तीन दिवसीय सैयद मोदी मेमोरियल टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को गोरखपुर क्लब और रीजनल स्टेडियम में अंडर-9 व 15 तक गोरखपुर क्लब में खेले जा रहे हैं।

बालक एकल अंडर-9 कैटेगरी फाइनल में अनीलांश ने रौनक को 21 - 12 से पराजित किया। बालिका एकल अंडर-9 फाइनल में अतिक्षा गेठे ने नव्या को 21 -10 से पराजित किया। बालक एकल अंडर-11 फाइनल में आयुष कुमार ने सुमय त्रिपाठी को 21-17 से पराजित किया। बालिका एकल अंडर-11 कैटेगरी फाइनल में आरना श्रीवास्तव ने अन्वी को 21 - 5 से पराजित किया। बालक एकल अंडर-15 फाइनल में शुभ श्रीवास्तव ने मोसिफ को 15 -6 व 15-6 से पराजित किया। बालक युगल अंडर-15 केटेगरी फाइनल में सुमय और मोसिफ की जोड़ी ने शुभम और अनुराग की जोड़ी को 15 -13 , 15 -10 से पराजित किया। फाइनल मुकाबला 3:00 बजे खेला जाएगा। मुख्य अतिथि डॉ. शिव शरण दास विजय खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे।

# दिव्यांगजनों का संबल बनकर कार्य कर रही है डबल इंजन की सरकार

## दिव्य कला व कौशल प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री

संवाददाता, गोरखपुर



गोरखपुर में दिव्यांग आइकॉन को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि दिव्यांगजनों में असीमित अंतर्निहित प्रतिभा होती है। जरूरत उस प्रतिभा को तराशकर मंच प्रदान करने की है। दिव्यांगजन सरकार और समाज के प्रोत्साहन के हकदार हैं और इसी प्रोत्साहन की अपेक्षा भी करते हैं। इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार दिव्यांगजनों का संबल बनकर उन्हें सम्मान व स्वावलंबन के मार्ग पर अग्रसर कर रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार शाम योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से आयोजित राज्यस्तरीय तीन दिवसीय दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास को बढ़ाने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी व्यक्ति में कहीं से कोई कमी रहती है तो ईश्वर उसकी प्रतिपूर्ति कर देते हैं। उपनिषदों के जरिए समाज का मार्गदर्शन करने वाले महर्षि अष्टावक्र, मध्यकाल में श्रीकृष्ण की लीलाओं का छंदीय चित्रण करने वाले महाकवि सूरदास और वर्तमान समय में जगद्गुरु रामभद्राचार्य व विख्यात वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंस इसके उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि आज इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कर उन्हें दिव्यांगजन की प्रतिभा को और नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ईश्वर के अवतरण की भूमि है। संभवतः यह देश का पहला राज्य है जहां सरकार के स्तर पर दो विश्वविद्यालय संचालित हैं। एक डॉ. शकुंतला मिश्र पुनर्वास विश्वविद्यालय लखनऊ में और दूसरा जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय चित्रकूट में। सरकार के स्तर पर अनेक ऐसे कार्य शुरू किए गए हैं जिनसे दिव्यांगजन का कल्याण हो, वे समर्थ और सशक्त बनें। उन्होंने कहा कि वे प्रायः किसी न किसी दिव्यांगजन संस्थान का भ्रमण-निरीक्षण करते रहते हैं। गत दिनों उन्होंने गोरखपुर में मूक-बधिर विद्यालय का निरीक्षण किया था। उसके पहले दृष्टिबाधित विद्यालय का जायजा लिया था। इन संस्थाओं में इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने, शिक्षकों की कमी दूर करने तथा दिव्यांगजन को तकनीक से जोड़कर उन्हें और सक्षम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों का वितरण भी किया। 100 दिव्यांगजन को ट्राईसाइकिल, 30 को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल प्रदान की गई। यह उपहार प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों की रैली को सीएम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में कई दिव्यांगजनों को वैशाखी, हियरिंग एड, स्मार्ट केन वितरित की गईं। कुछ को ये उपकरण मंच पर मुख्यमंत्री के हाथों प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ने दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों और कलाकृतियों का अवलोकन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्यांग आइकन के रूप में ब्राजील डेफ ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट बैडमिंटन खिलाड़ी आदित्या यादव, डेफ क्रिकेट में राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ी आकाश आदि को सम्मानित किया।

### और बढ़ाएंगे दिव्यांगजनों की पेंशन

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में यूपी में 10.40 लाख दिव्यांगजन को प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन दी जा रही है। पहले यह धनराशि तीन सौ रुपये थी जिसे बढ़ाकर एक हजार किया गया। आने वाले समय में इसे और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी दिव्यांगजन राशन कार्ड, आवास, पेंशन और शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ स्कूल जाने वाले सभी दिव्यांगजन को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में 11 हजार से अधिक लोग प्रतिमाह तीन हजार रुपये कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे लोगों को मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अनिवार्य रूप से आवास की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 15.53 लाख दिव्यांगजन आयुष्मान योजना में कवर किए गए हैं। सरकार कॉक्लियर इम्प्लांट के लिए छह लाख रुपये दे रही है। दिव्यांगजन के लिए प्रदेश में 21 विशेष विद्यालय, 18 बचपन डे केयर सेंटर, तीन मानसिक मंदित आश्रय गृह भी संचालित हैं।

# चुनाव के लिए अभी से जुटे कार्यकर्ता

संवाददाता, सिद्धार्थनगर




कार्यशाला का उद्घाटन करते सांसद जगदंबिका पाल व मौजूद अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** चिल्हिया मंडल में कार्यशाला व चलो गांव की ओर कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान व सांसद जगदंबिका पाल रहे।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष ने सभी बूथ अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करते हुए सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख व बूथ समिति का सत्यापन करने के साथ ही भाजपा चली गांव की ओर की विस्तृत जानकारी दी। कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव को लेकर अभी से ही जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि जितने भी कार्यक्रम बूथ स्तर पर हो रहे हैं, वह आप जैसे बूथ अध्यक्ष व मंडल के कार्यकर्ताओं की बदौलत ही संभव है। सांसद ने कहा कि बूथ अध्यक्ष ही बूथ की रूपरेखा तैयार कर चुनाव लड़ाता है और जो भी कार्यक्रम हो, गांव स्तर पर घर-घर जाकर उसे पूर्ण करने का भी कार्य करता है। आज देश में बूथ अध्यक्ष व मंडल कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। मंडल अध्यक्ष रमेश मंत्री त्रिपाठी ने सभी का आभार व्यक्त किया। विधानसभा संयोजक शोहरतगढ़ पवन मिश्रा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दालसिंगार दुबे, वर्तमान मंडल अध्यक्ष राम शंकर आदि रहे।

**सरकार की योजनाओं की दें जानकारी:** जोगिया ब्लॉक सभागार में चलो गांव ओर के तहत एक कार्यशाला का आयोजन सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में किया गया। सांसद ने कहा कि हम सबको मिलकर गांव गांव में जाकर लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी देना हैं और सभी बूथों को मजबूत करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जोगिया महेंद्र लोधी, राजू दूबे, अजय पाल, राजेश पांडेय आदि मौजूद रहे।

# आज से 8 फरवरी तक निरस्त रहेगी गोंडा सीतापुर विशेष ट्रेन



**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन द्वारा अपरिहार्य कारणों से 05453/05454 गोंडा-सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी का निरस्तीकरण किया है। गोंडा से 4 से 8 फरवरी तक चलने वाली 05453 गोंडा-सीतापुर अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर से 4 से 8 फरवरी तक चलने वाली 05454 सीतापुर-गोंडा अनारक्षित विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। ये जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### प्राकृतिक खेती कर कम लागत में पाएं अधिक पैदावार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रवेश कुमार ने कहा है कि प्राकृतिक खेती कर किसान कम लागत में अधिक पैदावार कर सकते हैं। वह सिद्धार्थनगर महोत्सव में कृषि विभाग की ओर से आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत महेंद्र नाथ पांडेय ने लोकगीत प्रस्तुत कर की।

सीडीओ जयेंद्र कुमार की मौजूदगी में आयोजित कार्यशाला में कृषि वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक खेती की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसके मिश्रा ने किसानों को फसलों पर लगने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव के तरीके बताए। डॉ. सर्वजीत कुमार ने कहा कि बेहतर उत्पादन के लिए उत्तम, गुणवत्तापरक व उन्नतशील बीजों का इस्तेमाल करें। संचालन नितेश पांडेय ने किया। इस दौरान उपकृषि निदेशक अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुज्जिमल, डॉ. एसएन सिंह, डॉ. प्रदीप कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जीवन लाल, भुवनेश्वर पांडेय, रामचेत चौधरी, विवेक सिंह, सुशीला मिश्रा आदि ने किसानों को जरूरी जानकारी दी।

### जेठ-जेठानी पर लगाया बेटी को गायब करने का आरोप

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने जेठ-जेठानी पर बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि जेठ-जेठानी ने किसी के साथ भगा दिया है। शुक्रवार को पुलिस किशोरी को खोज लिया। उसके बाद मां की तहरीर पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू की है। क्षेत्र के एक गांव की महिला ने शोहरतगढ़ थाने में गुरुवार शाम तहरीर देकर बताया कि उसके पति बाहर रहकर दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। उसके जेठ-जेठानी के घर दूसरे गांव के लोग आकर रहते हैं। 31 जनवरी से उसकी बेटी गायब है। महिला ने आरोप लगाया कि उसके जेठ-जेठानी ने किसी के साथ बेटी को भगा दिया है। रिश्तेदारी सहित अन्य जगह तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस टीम अलर्ट हुई और सुबह किशोरी को ढूंढ लाई। थानाध्यक्ष राज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर शुक्रवार को किशोरी को बरामद कर लिया गया। किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में उसका बयान करवाया जाएगा। न्यायालय में किशोरी की ओर दिए गए बयान के आधार पर मुकदमे में अन्य धाराएं बढ़ाई जाएंगी।

### वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए किया जागरूक

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : वेक्टर जनित रोग डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, इंसेफेलाइटिस के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए डायट बांसी में शिक्षकों ने कठपुतली नाटकों के माध्यम से तैयारी पूरी कर ली है। सरकारी संस्था राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद एवं इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में प्राचार्य उपेंद्र कुमार की अगुवाई में दूर होगी मलेरिया बीमारी, जब होगी हम सब की भागीदारी, नन्हें मच्छर के प्रहार बड़े, क्या हम देखें खड़े-खड़े जैसे कई नाटक तैयार किए गए हैं। भारतीय विज्ञान लेखक संघ के तारिक बदर ने कठपुतली के माध्यम से इनके प्रस्तुतीकरण की बारीकियों को समझाया। वरिष्ठ प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने संवाद रोचक रखने पर जोर दिया। विज्ञान संचारक संतोष त्रिपाठी ने बताया कि कठपुतली नाटक में एक ही व्यक्ति आवाज बदल-बदल कर कई पात्रों का अभिनय कर सकता है। प्रतिभागियों ने विज्ञान नाटकों के पात्रों के आधार पर बनाई गई रंग-बिरंगी कठपुतलियों के माध्यम से अपनी अभिनय क्षमता का प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों के कई विद्यालयों में कठपुतली नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया।

### कर्मचारी विरोधी है अंतरिम बजट : विनोद राय



बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने अंतरिम बजट-2024 पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि बजट पूर्णतया कर्मचारी विरोधी है क्योंकि आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कर्मचारियों पर आयकर का अत्याधिक बोझ है। सरकारी कर्मचारी जो मेहनत से अपना कार्य करता है, उसके वेतन का बहुत बड़ा भाग आयकर में जा रहा है। सरकार उसकी जिम्मेदारियों को समझने का प्रयास नहीं कर रही है। स्कूल-कॉलेज की फीस और दैनिक जीवन की आवश्यकताएं तथा चिकित्सा खर्च कितने महंगे हैं कि कर्मचारी अपने परिवार का पालन-पोषण करते हुए परेशान हैं। उस पर इनकम टैक्स की भारी- भरकम कटौती कर्मचारियों पर अत्यधिक आर्थिक बोझ है। सरकार को इनकम टैक्स स्लैब पर आयकर कम कर कर्मचारियों का आर्थिक बोझ कम करना चाहिए था। एनएफ आईआर/पीआरकेएस बजट का कड़ा विरोध करती है। महामंत्री विनोद राय के साथ पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सतीश चंद्र अवस्थी, केएम मिश्रा, कौशल कुमार सिंह, दीपक चौधरी, कुलदीप मणि त्रिपाठी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, विजय पाठक, जयप्रकाश सिंह, देवेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# रोजगार के अवसर मुहैया कराएगा रेलवे

**योजना**

▸▸ भारतीय रेल ने जारी किया वार्षिक कैलेंडर

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार :** युवाओं को रोजगार के पर्याप्त अवसर देने के लिए भारतीय रेल पर भर्ती का वार्षिक कैलेंडर बनाया गया है। रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा रेलवे में भर्तियों के लिए वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी किया गया है जिसमें भर्ती के लिए अधिसूचना का समय निर्धारित कर दिया गया है।

रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा भर्ती के वार्षिक कैलेंडर के अंतर्गत सहायक लोको पायलट (एएलपी) जनवरी से मार्च, तकनीशियन के लिए अप्रैल से जून, नॉन टेक्निकल पॉपूलर कैटेगरी (एनटीपीसी) के लेवल 4-5 व 6 (ग्रेजुएट), नॉन टेक्निकल पॉपूलर कैटेगरी (एनटीपीसी) के लेवल-2 व 3 (अंडर ग्रेजुएट), जूनियर इंजीनियर, पैरामेडिकल श्रेणी के लिए जुलाई से सितंबर तथा लेवल-1 और मीनिस्ट्रियल व अन्य श्रेणियों में भर्ती के लिए अक्टूबर से दिसंबर के मध्य अधिसूचना जारी की जाएगी। वार्षिक भर्ती कैलेंडर के अंतर्गत नियमित रूप से भर्ती होने से यदि कोई अभ्यर्थी एक प्रयास में सफल नहीं हो पाता तो उसे अधिक अवसर मिलेंगे। प्रत्येक वर्ष सुयोग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर मिलेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को बेहतर करियर बनाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। भर्ती प्रक्रिया में तेजी के साथ ही नियुक्तियों व प्रशिक्षण में तेजी आएगी। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) या रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी) द्वारा चयनित अभ्यर्थियों तत्काल नियुक्ति हो सकेगी और समय से प्रशिक्षण हो सकेगा।

### गांजे के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** मादक पदार्थ के एक तस्कर को जोगिया उदयपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना जोगिया उदयपुर के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने ग्राम योगमाया बंधा के पास से 1.1 किलो गांजे के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को न्यायालय भेजा है। पुलिस को ये सफलता एक सूचना के आधार पर मिली।

# राप्ती नदी के तट पर दिखा मगरमच्छ, दहशत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विकास खंड मिठवल की ग्राम पंचायत बनकटा के राजस्व ग्राम अंतर्गत किशुनपुरवा गांव के समीप राप्ती नदी की रेत में पिछले चार दिनों से मगरमच्छ देखे जाने से हड़कंप मचा हुआ है। सूचना देने पर भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची जिससे ग्रामीणों में काफी दहशत है।

किशुनपुरवा गांव राप्ती नदी के दक्षिणी छोर के तट पर स्थित है जहां ग्रामीणों ने चार दिन पहले नदी के तट पर रेत में एक विशाल मगरमच्छ देखा काफी भीड़ इकट्ठा होने पर वह पानी में चला गया लेकिन उसके अगले दिन फिर उसी जगह मगरमच्छ दिखाई दिया जिसके बाद से हर दिन धूप निकलने पर उसी जगह मगरमच्छ घंटों पानी से निकलकर बैठता है जो शनिवार को भी दिखाई दिया। सतीश, मनीष पांडेय, शिवनाथ मौर्या, शिवरतन राम, नेवास सहानी, उमेश पाण्डेय सहित आदि ने बताया कि हम लोगों का गांव नदी से सटा हुआ है। खेसरहा क्षेत्र के फारेस्ट रेंजर सुशील कुमार ने बताया कि सूचना मिली है लेकिन मगरमच्छ का प्राकृतिक घर नदी ही है। उसे ले जाकर कहा छोड़ेंगे। इन हालातों में ग्रामीण नदी की तरफ जाने से बचे, खासकर स्थिर पानी में न जाए।

**संपूर्ण समाधान दिवस** जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की शिकायतें, 61 में से सिर्फ 7 का हुआ निस्तारण

# शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही तो होगी कार्रवाई : डीएम

सिद्धार्थनगर कार्यालय




फरियादियों की शिकायतें सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

**अमृत विचार :** शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के पहले व तीसरे शनिवार को संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील डुमरियागंज में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। समाधान दिवस पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति व अन्य विभागों की शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी , उपजिलाधिकारी डुमरियागंज प्रवेंद्र कुमार व पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक ने की।

जिलाधिकारी ने पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया। इसके बाद डीएम ने तत्काल जिलास्तरीय टीम बनाकर मौके की जांच कराने का निर्देश दिया। डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों व आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लंबित नहीं होना चाहिए। यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लंबित पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाठ की जाएगी। संपूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। 7 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान डीएफओ पुष्प कुमार के, डीसीएनआरएलएम योगेंद्र लाल भारती, उप कृषि निदेशक अरविंद कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मोहम्मद मुजम्मिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. राहुल गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय आदि उपस्थित रहे। इस दौरान डीएम ने मतदाता जागरूकता के लिए ईवीएम, वीवी पैट से डमी वोट डालकर भी देखा।

### फरियादी को किया परेशान तो होगी कार्रवाई



शिकायतें सुनते मंडलायुक्त व डीआईजी।

गोरखपुर, अमृत विचार : सदर तहसील में संपूर्ण समाधान तहसील दिवस की अध्यक्षता मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, पुलिस उप महानिरीक्षक आनंद कुलकर्णी ने की। उन्होंने फरियादियों की फरियादों को सुना और समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। मंडलायुक्त व डीआईजी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को बार-बार परेशान न किया जाए। अगर परेशान करने की शिकायत किसी तो उस अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ, सदर तहसीलदार विकास कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# खुले में रखा ट्रांसफार्मर दे रहा दुर्घटना को दावत

**बलरामपुर, अमृत विचार।** खुले में रखे क्षेत्र के कई ट्रांसफार्मर दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। अधिकांश ट्रांसफार्मर के चारों ओर जालियां नहीं लगी है। खुले में तार लटक रहे हैं। बिजली विभाग पूरी तरह से बेखबर है।

छोटू, गुलाब गुप्ता, मनोज कुमार, अताउल्लाह, मथुरा, रमेश जायसवाल, जमुना प्रसाद तिवारी, राहुल वर्मा, तुफैल अहमद, जुबेर, दिनेश, राधेश्याम जायसवाल, राजू गुप्ता व राहुल शुक्ल ने बताया कि सुरक्षित ढंग से ट्रांसफार्मर रखने के लिए बिजली विभाग ने तमाम नियम बनाए हैं। ट्रांसफार्मर को चबूतरे पर रखना चाहिए। ट्रांसफार्मर में आने वाली सप्लाई के तारों की गार्डिंग लगी होना आवश्यक है। ट्रांसफार्मर को जाली के घेरे में रखना जरूरी है। लेकिन विभाग ने नियमों से खिलवाड़ कर ट्रांसफार्मर रख दिए गए हैं। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है। सादुल्लानगर बाजार में इंडियन बैंक के पास रखा ट्रांसफार्मर खुले में रख दिया गया है जिसके आसपास जाली का घेरा नहीं बनाया गया है। केवल खुला में ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है। आसपास के लोगों को इसके पास से गुजरने पर करंट का भय लगा रहता है। बच्चों के चपेट में आने की संभावना रहती है। जिससे उनकी अधिक देखरेख करनी पड़ती है।

# हौसले से जीती कैंसर की जंग, दूसरों के लिए बने मिसाल

विकास कुमार, कानपुर

**कैंसर दिवस विशेष**

- इलाज के साथ गौमूत्र और योग के माध्यम से ब्लड कैंसर को दी मात
- वन विभाग में अकाउंटेंट रहे राम उजागर ने बीमारी पता चलने पर नहीं खोया हौसला

**अमृत विचार।** मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। जी हां, मजबूत संकल्प लेकर इच्छा शक्ति, हौसले और जज्बे से कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को भी मात दी जा सकती है, वर्ना इस बीमारी का खौफ उसे पल-पल और तिल-तिल मारता रहता है।

अधिकांश मरीज कैंसर का पता चलने पर अपनी जिंदगी का सफर खत्म मान लेते हैं, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। इसी बात की मिसाल हैं राम उजागर सिंह। उन्हें जब वर्ष 2011 में ब्लड कैंसर होने का पता चला तो दहशत में धैर्य और हौसला नहीं खोया। इलाज के साथ गौमूत्र सेवन और योग के जरिए कैंसर से लड़ने का फैसला लिया। डॉक्टरों ने अधिकतम आठ साल जीवन बताया था, लेकिन राम उजागर 13 साल बाद भी पूरी तरह स्वस्थ जीवन जीने के साथ दूसरे कैंसर पीड़ितों को जीने का हौसला दे रहे हैं। सेवानिवृत्त होने के बाद भी वे खुद को व्यस्त रखने और दूसरों को प्रेरणा देने के लिए स्वेच्छा से वन विभाग में इसी पद पर सेवा दे रहे हैं।


साथी कर्मचारियों के साथ काम करते राम उजागर सिंह। अमृत विचार

कानपुर में विनायकपुर निवासी राम उजागर सिंह वन विभाग में अकाउंटेंट पद से वर्ष 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 2011 में उनको ब्लड कैंसर होने का पता चला तो परिवार परेशान हो उठा। लेकिन राम उजागर ने पहले खुद को संभाला पिर परिवार को समझाया। कई डॉक्टरों को दिखाया। इसी दौरान एक डॉक्टर ने अधिकतम आठ साल जीवन होने की बात कही। लेकिन राम उजागर ने हिम्मत नहीं हारी।

सर्वोदय नगर स्थित रिजेंसी अस्पताल में डॉ.गौरव श्रीवास्तव से इलाज कराया। बोन मैरो जांच में 64 प्रतिशत कैंसर की पुष्टि हुई। नियमित दवा, इलाज व जांच के साथ उन्होंने गौमूत्र पीना और योग करना शुरू किया। आज उनका शरीर कैंसर मुक्त हो चुका है। गौमूत्र, योग व दवा से उन्होंने न सिर्फ मौत को मात दी, बल्कि अब वह अन्य कैंसर रोगियों को भी जीने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान उनके चेहरे का आत्मविश्वास देखने लायक होता है। सेवानिवृत्त होने के बाद खुद को व्यस्त रखने के लिए वह स्वेच्छा से वन विभाग में सेवा भी दे रहे हैं।

### दूसरों को दिखा रहे जीने की राह

राम उजागर सिंह ने बताया कि कैंसर की बीमारी से ठीक होने के बाद उन्होंने फैसला लिया कि वह कैंसर पीड़ितों का उत्साहवर्धन करेंगे। जहां भी उन्हें कैंसर मरीज की जानकारी मिलती है, वह उनके पास जाते हैं और जीने की राह दिखाते हैं। वह बताते हैं कि हिम्मत और जीने की चाहत ऐसी थी कि उनको कीमोथेरेपी की जरूरत ही नहीं पड़ी। अब कैंसर की एबीएल बीसीआर जांच हर छह माह में करानी होती है। सैंपल मुंबई भेजे जाते हैं, जिसमें अभी तक सब कुछ ठीक है।

# संतकबीरनगर को करोड़ों के विकास कार्यों की दी सौगात

## 600 जोड़ों की हुई शादी, कबीरदास की समाधि पर भी पहुंचे मुख्यमंत्री

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जनपद में 'कबीर मगहर महोत्सव- 2024' के समापन और मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 359 करोड़ रुपए की 114 लोक-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।


संतकबीरनगर में विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सर्वांगीण विकास के लक्ष्य को पूरा कर रही है डबल इंजन की सरकार। उन्होंने मध्ययुगीन संत कबीर दास की चर्चा करते हुए कहा कि इस नए जनपद को विकसित करने के लिए अनेक योजनाएं तैयार कराई जा रही हैं। कहा कि जनपद में मेडिकल कॉलेज, रोडवेज बस स्टैंड और बखिरा झील का विकास सरकार की प्रथमिकता में है। इस अवसर पर सीएम योगी ने 600 नव विवाहित जोड़ों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने संत कबीर दास की समाधि व मजार पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, पूर्व सांसद इंद्रजीत मिश्र व अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल, सांसद ई. प्रवीण निषाद, वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश सिंह, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा श्रीवास्तव, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल, ई. सुधांशु सिंह, अरुण गुप्ता, हैप्पी राय, किरन प्रजापति सहित हजारों लोग उपस्थित रहे। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के नेतृत्व में प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने में तत्पर रहा।

### विकास का कीर्तिमान स्थापित करेगा संतकबीरनगर

कबीर मगहर महोत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। जिले को 659 करोड़ रुपए के विकास योजनाओं की सौगात देने के साथ ही मुख्यमंत्री ने बखिरा झील और महाभारत कालीन शिव मंदिर तामेश्वरनाथ को पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित कराने के साथ ही इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेंटर की स्थापना कराते हुए मुख्यालय वासियों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

एक सप्ताह से चल रहे कबीर मगहर महोत्सव के बेहतरीन आयोजन के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों, महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों और आम जनता को सफल आयोजन के लिए बधाई दिया। मुख्यमंत्री योगी ने सबसे पहले कबीर दास की समाधि और मजार पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बाद में क्षेत्रीय सांसद और अन्य जन प्रतिनिधियों के साथ 359 करोड़ रुपए की 114 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। बाद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंच कर 600 जोड़ों को सुखी और समृद्धिशाली वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।


कबीरदास की समाधि पर चादर चढ़ाते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

महोत्सव समापन समारोह में मौजूद हजारों लोगों को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जनपद नया है लेकिन बड़ी तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी आ चुके हैं। बखिरा झील के विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झील को देश विदेश के पंछियों का सुरक्षित ठिकाना बनाने के साथ ही इको टूरिज्म की सारी सुविधाएं उपलब्ध कराकर यहां लोगों की आजीविका का भी साधन तैयार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के चुनिंदा पर्यटन केंद्रों में बखिरा झील को भी शामिल किया जाएगा और मछुआरों को यहां रोजगार के प्रमुख अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके साथ ही जिले की पहचान बाबा तामेश्वरनाथ मंदिर को भी खूबसूरत पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित कराया जाएगा। रुपरेखा तैयार हो चुकी है, शीघ्र ही काम शुरू करा दिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय पर रोडवेज स्टेशन और मेडिकल कालेज की भी शीघ्र ही स्थापना करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज ही जनपद मुख्यालय पर इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेंटर की भी स्थापना कराई जा रही है। एक जगह बैठकर जनपद मुख्यालय के कोने-कोने और अन्य प्रमुख स्थलों की निगरानी की जाएगी। किसी ने एक चौराहे पर अपराध या बहन बेटियों से छेड़छाड़ करने का दुस्साहस किया तो अगले चौराहे पर उसका रामनाम सत्य हो जाएगा।

नगरपालिका की गलियों और मोहल्लों की सफाई व्यवस्था का हाल भी यहां बैठे ही पता चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों में प्रदेश की जनता के सामने पहचान का संकट था। लेकिन आज डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा के साथ ही विकास का ऐसा कीर्तिमान बनाया कि हर नामी गिरामी कम्पनियां उत्तर प्रदेश में आकर उद्योग लगाने को आतुर हैं। आज उत्तर प्रदेश में उत्सव हो रहे हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केन्द्र बन चुका है। रोज लाखों श्रद्धालु भगवान श्रीराम का दर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नया भारत बन रहा है। देश शक्तिशाली होता है तो सामर्थ्य भी बढ़ता है और समृद्धि भी आती है। मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था बन चुका है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और विश्व गुरु बनेगा। केंद्र और प्रदेश सरकार की भेद-भाव रहित विकास योजनाओं के चलते उत्तर प्रदेश के करोड़ों परिवार गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं।

जनपद के युवाओं को सम्बोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जिले से बड़े पैमाने पर उद्योगों की स्थापना होने जा रही है। बगल में गीडा भी है। किसी भी युवक को बेरोजगार नहीं रहने दिया जाएगा। यहां विकास की अपार सम्भावनाएं हैं। जनपद मुख्यालय गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित है तो दक्षिणांचल श्रीराम जानकी मार्ग पर है। उत्तरांचल को भी बेहतरीन कनेक्टिविटी से जोड़ दिया गया है।

## सीएम हुए शामिल, दी बधाई


नवविवाहित जोड़े को उपहार प्रदान करते मुख्यमंत्री। अमृत विचार

**संतकबीरनगर।** महोत्सव स्थल पर 600 जोड़ी सामूहिक विवाह के आयोजन में नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे सीएम योगी ने कहा कि आज 600 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह सम्पन्न हुआ है। ऐसा विवाह जिसमें मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी और हजारों बाराती शामिल हो रहे हैं। ऐसा अद्भुत संयोग कभी कभार ही देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार कन्याओं के लिए बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री शादी विवाह योजना का संचालन कर रही है। बेटियों के जन्म से विवाह तक की सारी जिम्मेदारी सरकार उठा रही है। विवाह के दौरान 33 हजार रुपए बेटियों के बैंक खाते में, 10 हजार रुपए का उपहार और 10 हजार रुपए खान-पान पर खर्च कर रही है।

**इन नेताओं और जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति :** समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा जिले की प्रभारी मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, कबीर चौरा महंत विचार दास, भाजपा के जिला प्रभारी अजय सिंह गौतम, सांसद प्रवीण निषाद, सदर विधायक अंकुर राज तिवारी, धनघटा विधायक गणेश चौहान, मेंहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी, पूर्व सांसद अष्टभुजा प्रसाद शुक्ल, इंद्रजीत मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव, राकेश मिश्र, वेदप्रकाश सिंह, आनन्द शंकर पाठक, इं. सुधांशु सिंह, कौशलेश सिंह दीपू, अमर राय, गणेश पाण्डेय, ज्ञानेंद्र मिश्र, चेयरमैन अनवरी बेगम, प्रतिनिधि नूरूज्जमा अंसारी, पूर्व विधायक राकेश सिंह बघेल, पूर्व चेयरमैन संगीता वर्मा, उर्मिला त्रिपाठी, सुनीता, किरन, गुड्डू वर्मा, अश्वनी गुप्ता, जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, एडीएम जय प्रकाश, सीडीओ संत कुमार, एएसपी शशि शेखर सिंह, एसडीएम सदर शैलेश दूबे सभासद अवधेश समेत महोत्सव समिति के सभी पदाधिकारी और हजारों लोग मौजूद रहे।

# पूर्व और वर्तमान चेयरमैन ने सीएम को सौंपा मांगपत्र


अनवरी बेगम, चेयरमैन मगहर।


संगीता वर्मा, पूर्व चेयरमैन मगहर।

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** नगरपंचायत मगहर की चेयरमैन अनवरी बेगम ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को करोड़ों रुपए की विकास परियोजनाओं का मांग पत्र सौंपा।

पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत नगर के वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण, जल निकासी के लिए नाला निर्माण, सेमरा बाईपास स्थित पुलिस चौकी के पास से कबीर समाधि स्थली तक सीसी डिवाइडर और विक्टोरिया लाइट, जलकल कम्पाउन्ड में दो सूट गेस्टहाऊस निर्माण, एनएच 27 से कबीर समाधि स्थली तक बंधा मार्ग के चौड़ीकरण और सुंदरीकरण, नगर विकास द्वारा संचालित वंदन योजना के तहत आमी नदी के तट पर स्थित पंचवटी शिव मंदिर घाट के सुंदरीकरण और धर्मशाला निर्माण, महोत्सव मंच प्रांगण में स्थाई टीनशैड का निर्माण, वार्डों में पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए स्ट्रीट लाइटों और हाईमास्ट लाइटों की स्थापना, गोरखपुर-सहजनवा सिटी बस सेवा का कबीर चौरा मगहर तक विस्तार और प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र लाभार्थियों को योजना से आच्छादित कराने की मांग किया। चेयरमैन प्रतिनिधि नूरूज्जमा अंसारी ने बताया कि कबीर स्थली पर रोज देश विदेश से हजारों पर्यटक और श्रद्धालु आते हैं। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में वे यहां रात्रि विश्राम नहीं करते। सुविधाएं बढ़ेंगी तो पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ ही नगर वासियों की आय का श्रोत भी मजबूत होगा।

पूर्व चेयरमैन संगीता वर्मा ने मुख्यमंत्री को सौंपे गए मांगपत्र में बताया कि पूर्व की सरकारों के लापरवाह और उपेक्षा पूर्ण रवैये के चलते मगहर स्थित सूती और कताई मिल के साथ ही जिले की एकमात्र सूगर मिल बंद हो गई। उन्होंने इन औद्योगिक इकाइयों को दुबारा चालू कराने के साथ ही मगहर तक इलेक्ट्रिक बस चलाए जाने, मगहर रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी और कृषक एक्सप्रेस ट्रेन के ठहराव के साथ ही मगहर में कन्या इंटर कालेज के स्थापना की मांग किया।

## कानून की जानकारी सभी के लिए आवश्यक : एडीजे

**संतकबीरनगर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा शनिवार को मगहर महोत्सव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर जिला जज दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि कानून की जानकारी होना हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधि की अज्ञानता में हम अपने अधिकारों से वंचित हो सकते हैं। अपर जिला जज काशिफ शेख ने कहा कि विधि की भूल क्षम्य नहीं है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज महेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को नि: शुल्क विधिक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद में प्राधिकरण संचालित है। हर जरुरत मंद ब्यक्ति को कार्यालय में संपर्क कर इसका लाभ उठाना चाहिए। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बालकों को संरक्षित प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। मीडियेटर अधिवक्ता अरुण कुमार श्रीवास्तव व अधिवक्ता राम अनुज राय ने सुलह समझौते के माध्यम से मामले को सुलझाने पर बल दिया।

**आयोजन** उदया इंटरनेशनल स्कूल में गुरु दक्षता प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन

# प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने समझीं सीबीएसई की बारीकियां

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** उदया इंटरनेशनल स्कूल भुजैनी में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के प्रशिक्षण गुरु दक्षता पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सीबीएसई से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में सीबीएसई बोर्ड की बारीकियों को समझाया गया। साथ ही हर बच्चे में संस्कार के साथ एक अच्छा व्यक्तित्व निखारने और अलग-अलग गतिविधियों पर चर्चा की गई।


कार्यशाला में मौजूद शिक्षक और अतिथि। अमृत विचार

सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन और राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉक्टर डीपी सिंह और राजश्री मिश्रा प्रधानाचार्य जीएम एकेडमी गोरखपुर ने कार्यशाला के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागी प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त किया और सीबीएसई की तरफ से आए दोनों प्रशिक्षकों को स्मृति चिह्न, शॉल और पौधा देकर कृतज्ञता ज्ञापित किया। आयोजन उदया इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य शैलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम के, समापन अवसर पर उदया इंटरनेशनल स्कूल के संरक्षक उदय राज तिवारी ने प्रशिक्षण भवन में उपस्थित विभिन्न विद्यालयों से आए प्रबुद्ध जनों और कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों का स्वागत अभिवादन करते हुए कहा कि शिक्षक भविष्य के निर्माता हैं। उन्हें अपने उत्तरदायित्व को भली भांति समझते हुए नित नूतन नवीन शिक्षा की शिक्षण पद्धतियों द्वारा सीबीएसई के नियमों का पालन करते हुए अपने ज्ञान का स्थानांतरण बच्चों में करना चाहिए। समापन कार्यक्रम के अवसर पर रिसोर्स पर्सन डॉक्टर डीपी सिंह ने कहा कि बच्चों में संस्कार के साथ एक अच्छा व्यक्तित्व सजाने की आवश्यकता होती है। अपने उद्बोधन के दौरान उन्होंने अलग-अलग गतिविधियों पर प्रकाश डाला। जीएस एकेडमी की प्रधानाचार्या राजश्री मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि शिक्षक को एक दर्पण की तरह विद्यार्थियों की कमजोरियों को प्रतिबिंबित करके उसे दूर करने का अनवरत प्रयासरत रहना चाहिए।

प्रशिक्षण कार्यशाला को सफल बनाने में संदीप सुधीर रावत, प्रगति गुप्ता, मधुलिका, प्रज्ञा त्रिपाठी, श्रद्धा त्रिपाठी, किरण त्रिपाठी, प्रिया, ज्योति, मधुलता, राजन ठाकुर, कुलदीप पांडेय, संदीप, विजय, शशांक त्रिपाठी, रुपेश शुक्ला, खुशबू, किरण पांडेय, प्रवेश तिवारी, अनमोल त्रिपाठी, धर्मेंद्र, दुर्गेश चौरसिया का काफी सराहनीय योगदान रहा।

### आम लोगों से प्राचीन वस्तुएं संकलित कर बनेगा म्यूजियम

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों का आह्वान करते हुए कहा कि तमाम ऐसे लोग मौजूद हैं जिनके पास प्राचीन सभ्यता और संस्कृति से जुड़ी वस्तुएं मौजूद हैं। महत्व पता न होने के चलते उन्हें घर के कोने में उपेक्षित तरीके से रख दिया गया है। जिनमें प्राचीन सिक्के, ताम्रपत्र, भोजपत्र पर लिखीं लिपियां, प्राचीन हथियार आदि शामिल हैं।

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय उपनिबंधक
डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर
वी० एन० शुक्ला
उपनिबंधक, डुमरियागंज
एवं समस्त उपनिबंधक स्टाफ

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

राजेश कुमार चौरसिया
प्रदेश अध्यक्ष
ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी
डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

विजय कुमार सहाय
क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी
डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर

प्रवेन्द्र कुमार
उपजिलाधिकारी
डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर

गणतंत्र दिवस, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं

पीपुल्स इण्टर कालेज
डुमरियागंज-सिद्धार्थनगर
आनंद सिंह
प्रबन्धक
चिन्ताराम
प्रधानाचार्य

## एक नजर

### सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में प्रधानाचार्य की नियुक्ति

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज मेरठ के डॉ.सुधीर राठी को, सहारनपुर मेडिकल कॉलेज का प्रधानाचार्य नियुक्ति किया गया है। यह नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा सीधी भर्ती के तहत हुई है। यह जानकारी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा शनिवार को दी गई है। मालूम हो कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज योजना के तहत मेडिकल कॉलेजों में शिक्षक व प्रधानाचार्यों की नियुक्ति की जा रही हैं।

### हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी जिला चेयरमैन मनोनीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हिफजुर्रहमान अजमल अंसारी को कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग गोरखपुर का जिला चेयरमैन मनोनीत किया गया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन शाहनवाज आलम ने शनिवार को इस सिलसिले में पत्र जारी किया। कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने अंसारी को नियुक्ति पत्र देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### 446 सरकारी चिकित्सकों के वेतन में वृद्धि

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में ढाई दशक की सेवाएं दे चुके 446 डॉक्टरों को शनिवार को विशिष्ट वित्तीय स्तरोन्नयन वेतन (एसएसीपी) मिल गई है। इनमें से 42 चिकित्सकों को सेवानिवृत्त होने के बाद एसएसीपी मिली है। स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार ने एसएसीपी लाभार्थियों की सूची जारी की है। सचिव ने बताया कि विभाग में कार्यरत 404 वरिष्ठ चिकित्सकों को 24 साल की सेवाएं पूरी करने के बाद मिलने वाले ग्रेड पे 8700 से 8900 की वेतन वृद्धि दी गई है। इसके अलावा 42 सेवानिवृत्त चिकित्सकों को उनके तय तिथि से वेतन बढ़ोतरी दी गई है। जिन्हें एरियर के रूप में भुगतान किया जाएगा, साथ ही पेंशन में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही सेवारत चिकित्सकों को प्रतिमाह करीब पांच हजार रुपये वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के महामंत्री डॉ.अमित सिंह ने बताया कि अभी अन्य अधिकृत चिकित्सक हैं, जिन्हें इस सूची में लाभ नहीं मिला है। शासन को निर्धारित समय पर एसएसीपी की बैठक करनी चाहिए ताकि चिकित्सकों को समय पर लाभ मिल सके।



विधान सभा सत्र में भाग लेने जाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार



सत्र के लिए जाते सपा नेता शिवपाल यादव, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया व अन्य।



सत्र में हिस्सा लेने जातीं कांग्रेस विधायक अनुराधा मिश्रा, साथ में अन्य।

# विप में गूंजा बीएचयू गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती का मामला

## सपा सदस्यों ने दो बार किया सदन का वाकआउट, केशव मौर्या बोले- सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू में छात्रा से गैंगरेप और शिक्षकों की भर्ती न होने का मामला गूंजा। सपा सदस्यों ने प्रदेश में ध्वस्त कानून-व्यवस्था और बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की और सदन से दो बार वाकआउट किया। नेता सदन व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसी भी अपराधी के साथ रियायत नहीं बरतती है, बीएचयू की घटना में आरोपी तीनों लड़कों को गिरफ्तार किया गया है।

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही पूर्व विधान परिषद सदस्य जगजीवन प्रसाद के निधन पर विधान परिषद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर में सवाल न लेने और बीएचयू में छात्रा के सामूहिक दुराचार की घटना को लेकर प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था का मुद्दा उठाया। सपा के मुकुल यादव ने नियम-105 के तहत बीएचयू की घटना को उठाते हुए कहा कि भाजपा सरकार कहती है कि अपराधी जेल में हैं या प्रदेश छोड़ कर जा चुके हैं तो फिर रोजाना होने वाले अपराध कौन कर रहा है। सरकार बताए कि भाजपा के आईटी सेल में काम करने वाले तीन लड़के रात डेढ़ बजे बीएचयू में क्या करने गए थे। पीड़ित छात्रा के पक्ष में जुटने वालों के खिलाफ तरह-तरह की कार्रवाई शुरू हो गई।

घटना को बेहद शर्मनाक बताते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण, एंटीरोमियो अभियान, नारी वंदन, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ के दावों के बावजूद गैंगरेप की घटना ने ठेंगा दिखाया है। खुलासा होने पर भाजपा के ही लोग अपराधी निकले।

सपा के ही लाल बिहारी यादव ने कहा कि घटना के दूसरे दिन लड़कों को पकड़ा जाता है और अगले ही दिन छोड़ दिया जाता है। पांच हजार लोगों ने घेराव किया तो दबाव में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और पीड़िता का मेडिकल कराया गया।

सपा नेताओं के सवालों के जवाब में नेता सदन ने दो जून 1995 को मायावती के साथ घटित घटना और लड़कों से गलती होने के बयान का जिक्र करते हुए विपक्ष को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि 2017 से 21 दिसम्बर 2022 तक महिलाओं व बच्चियों के साथ घटित अपराधों में 21 हजार 872 अभियुक्तों को सजा दिलाई जा चुकी है। इसमें से 8630 को पॉक्सो एक्ट में, 13217 को अन्य अपराध में, 1384 को आजीवन कारावास, 18 को मृत्युदंड और 135 अपराधियों को 10 साल से कम की सजा दी गई है। भाजपा सरकार में कोई भी अपराधी बच नहीं सकेगा।

### बसपा ने उठाया भर्ती और पुरानी पेंशन का मामला

बसपा के सदस्य भीमराव अम्बेडकर ने 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण नियमों का मुद्दा उठाया, बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने मामला न्यायालय में लंबित है, बावजूद समाधान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षक नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों को विनियमितीकरण का मुद्दा उठाया, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बताया कि सेल बोर्ड अधिनियम 1982 में विनियमितिकरण का प्रावधान है। निर्दलीय राजबहादुर सिंह चन्देल व डॉ आकाश अग्रवाल ने पुरानी पेंशन योजना को बहाल कराये जाने की मांग उठाई। नगर विकास मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा ने तथ्यों से सदन को अवगत कराया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने नियम-110 के तहत आई पांच सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। वहीं, नियम-111 के तहत आने वाली 10 सूचनाओं में तीन भाजपा की, अन्य दलों की एक-एक कुल छह सूचनाएं सरकार को संदर्भित कीं। अंत में सभापति सरोजनी अग्रवाल ने अपरान्ह 2.35 बजे सदन की कार्यवाही सोमवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

### सदस्यों के निधन पर शोक के बाद विधानसभा स्थगित

**अमृत विचार, लखनऊ :** विधानसभा में दूसरे दिन दिवंगत विधायक व पूर्व विधायकों के निधन पर शोकसभा और श्रद्धांजलि के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार को सरकार का बजट पेश होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के पूर्व व वर्तमान सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने सदन के पूर्व सदस्य मोबीन अहमद आजमी, सतीश चन्द्र, जटाशंकर सिंह, मो. इरशाद खान, जगदीश गांधी व डॉ. सुरेश संगल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिजनों के प्रति भी संवेदना व्यक्त की।

### नहीं उठा मलिहाबाद के तिहरे हत्याकांड का मामला

विधान परिषद में शनिवार को बीएचयू गैंगरेप समेत बढ़ते अपराधों पर विपक्ष ने सरकार को घेरने की कोशिश की, लेकिन एक दिन पहले दिन दहाड़े गोलियां बरसाकर लखनऊ के मलिहाबाद में हुई तीन लोगों की हत्या का मामला नहीं उठाना सवाल खड़ा करता है। जबकि हत्यारे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं, जिसमें एक पुराना हिस्ट्रीशीटर 70 साल का लल्लन खान है। भाजपा का आरोप है कि हत्यारे सपा के चहेते हैं, इसलिए मुद्दा नहीं उठा रही है। डर लग रहा है कि कहीं मुद्दा उठाने पर अतीक जैसा हाल न हो जाए।

## कैंसर केयर समेत कई सुविधाओं से लैस होगा मेडिकल डिवाइस पार्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत उच्च चिकित्सीय तमाम सुविधाएं होंगी।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित चयनित मेडिकल डिवाइस पार्क में सामान्य बुनियादी सुविधाओं के निर्माण के लिए एकमुश्त अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अब मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर, रेडियोलॉजी व इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस के इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस उद्देश्य से यीडा द्वारा एक्सप्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट के माध्यम से गामा रेडिएशन सुविधाएं स्थापित करने और सार्वजनिक-निजी भागीदारी मोड के माध्यम से इन सुविधाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन में रुचि रखने वाली कंपनियों को आमंत्रित किया जा चुका है और कार्य वितरण की प्रक्रिया जारी है। पार्क में चिकित्सा जगत बड़ी सुविधाओं पर मुख्यमंत्री का फोकस है। रेडियोथेरेपी मेडिकल डिवाइसेस के संयंत्र के तौर पर रोटेशन कोबाल्ट मशीन, रेडियोथेरेपी सिमुलेशन सिस्टम, लीनैक 4 ब्रैकीथेरेपी सिस्टम का विकास करना है।



राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स के लिए राजभवन में आयोजित सम्मान कार्यक्रम के दौरान संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, कार्यक्रम में उपस्थित अन्य। अमृत विचार

## प्रशिक्षण शिविर में एडीएम सीखेंगे आपदा प्रबंधन के गुर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सभी जिलों के अपर जिलाधिकारियों (एडीएम) को महामारी, बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, वज्रपात जैसी आपदाओं से निपटने और इसके उचित प्रबंधन में निपुण बनाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 25-25 एडीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईआईएम समेत विभिन्न प्रमुख संस्थानों के एक्सपर्ट प्रशिक्षण देंगे। पहले चरण में आईआईएम लखनऊ में 6 और 7 फरवरी को आयोजन होगा। अपर मुख्य सचिव (राजस्व) सुधीर गर्ग ने बताया कि शिविर में जलवायु परिवर्तन और संवेदनशीलता, आपदा प्रबंधन, राहत लॉजिस्टिक्स, स्टेकहोल्डर प्रबंधन, डिजिटल पहल और डिजाइन थिंकिंग के उपयोग जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इससे अधिकारियों को जिला स्तर पर नीति, प्रबंधन और क्रियान्वयन तंत्र को समझने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण शिविर में एक्सपर्ट द्वारा अधिकारियों को नई प्रबंधन तकनीक के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन में नये अवसरों की जानकारी दी जायेगी।

### चार सत्र में होगी कार्यशाला

शिविर के पहले सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रोफेसर ऑफ स्ट्रेटजिक मैनेजमेंट नीरज द्विवेदी, दूसरे सत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के सीनियर ऑफिशियल्स, तीसरे सत्र में इंटेलेक्ट चेन्नई के सीईओ डॉ. अरुण जैन और चौथे सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और कोच्चि के जीटी भरत सम्मिलित होंगे। दूसरे दिन पहले सत्र में प्रसाद उन्नीकृष्णन और जीटी भरत, दूसरे तीसरे और चौथे सत्र में आईआईएम लखनऊ के प्रो. एस वेंकट शामिल होंगे।

## कांग्रेस के कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** कांग्रेस ने प्रदेश की 46 लोकसभा सीटों पर कोआर्डीनेटरों की संशोधित सूची जारी की है। इकलाख अहमद डेविड लखनऊ के कोआर्डीनेटर बनाये गये हैं।

अन्य कोऑर्डीनेटरों में मुरादाबाद सीट के लिए डॉ. युसुफ कुरैशी, बरेली के लिए विपुल गुप्ता, लखीमपुर खीरी के लिए अनिल शुक्ला, सीतापुर के लिए आशुतोष मिश्रा, मिश्रिख सुरक्षित सीट के लिए मेराज वली खान, मोहनलालगंज सुरक्षित सीट के लिए अमरेश पांडेय व अमेठी के लिए देवानंद मिश्रा को जिम्मेदारी दी गई है। सुल्तानपुर के लिए शुभम सिंह, कानुपर के लिए शैलेंद्र चतुर्वेदी, झांसी के लिए दिनेश सिंह पटेल, बाराबंकी सुरक्षित सीट के लिए प्रज्ञा सिंह, अयोध्या के लिए मनोज तिवारी केकेसी, बहराइच सुरक्षित सीट के लिए चन्द्रशेखर मिश्रा व गोंडा के लिए चौधरी अखिलेश कोऑर्डीनेटर बनाये गये हैं।

इसी तरह, मिर्जापुर के लिए अब्दुल मबूद खान, भदोही के लिए आनंद राय, वाराणसी के लिए चौधरी सतवीर सिंह, गोरखपुर के लिए कौशल त्रिपाठी, महाराजगंज के लिए राजीव पांडेय, संत कबीर नगर के लिए हृदय पांडेय व डुमरियागंज के लिए प्रभाकर द्विवेदी को जिम्मेदारी दी गई है। कैराना के लिए सोनू पठान, नगीना सुरक्षित सीट के लिए दिनेश अवाना, अमरोहा के लिए अतिफ हसन, गाजियाबाद के लिए सुभाष गांधी व अलीगढ़ के लिए सुभाष शर्मा को जिम्मेदारी दी गई है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नई दिल्ली में सम्पन्न राष्ट्रीय गणतंत्र दिवस शिविर व परेड-2024 में सफलतापूर्वक सहभागिता कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी के कैडटों को शनिवार को राजभवन में पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं का दायित्व देश को आगे ले जाना है। युवाओं को जो प्रशिक्षण एनसीसी से प्राप्त हो रहा है, वे भविष्य में जब अपने सामाजिक जीवन से जुड़ेंगे, तब उनके काम आएगा। आने वाला भारत कैसा हो इसके लिए युवाओं के प्रशिक्षण के कई कार्यक्रम हो रहे हैं। कार्यक्रम में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश से एडीजी मेजर जनरल विक्रम कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

**पूर्वोत्तर रेलवे** सूचना सं.: 12/2024 रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि बहराइच–नानपारा–नेपालगंज रोड मीटर गेज खण्ड को बड़ी लाइन खण्ड में आमान परिवर्तन हेतु दिनांक 10-02-2024 से अगली सूचना तक बन्द किया जायेगा, फलस्वरूप मैलानी–नानपारा के मध्य चलने वाली गाड़ियों का संशोधित समय दिनांक 10-02-2024 से निम्नानुसार होगा।

| गाड़ी सं. 05320 (मैलानी-बिछिया) (शनि-रवि) | | गाड़ी सं. 05362 (मैलानी-नानपारा) | | गाड़ी सं. 05356 (मैलानी-नानपारा) | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05355 (नानपारा-मैलानी) | | गाड़ी सं. 05361 (नानपारा-मैलानी) | | गाड़ी सं. 05319 (बिछिया-मैलानी) (शनि-रवि) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 06:05 | -- | 08:50 | -- | 07:20 | मैलानी | 17:55 | -- | 13:45 | -- | 16:10 | -- |
| 06:35 | 06:37 | 09:20 | 09:22 | 07:50 | 07:52 | भीरा खेरी | 17:11 | 17:13 | 13:04 | 13:06 | 15:25 | 15:27 |
| 06:57 | 07:02 | 09:42 | 09:44 | 08:12 | 08:14 | पलिया कलां | 16:49 | 16:51 | 12:42 | 12:44 | 14:50 | 14:55 |
| 07:21 | 07:26 | 10:04 | 10:06 | 08:36 | 08:38 | दुदवा | 16:28 | 16:30 | 12:20 | 12:22 | 14:25 | 14:30 |
| 08:31 | 08:33 | 11:10 | 11:12 | 09:41 | 09:43 | बेलरायां | 15:12 | 15:14 | 11:05 | 11:07 | 13:18 | 13:20 |
| 08:53 | 08:58 | 11:30 | 11:32 | 10:08 | 10:10 | तिकुनियां | 14:53 | 14:55 | 10:13 | 10:15 | 12:55 | 13:00 |
| 09:12 | 09:13 | 11:46 | 11:47 | 10:32 | 10:33 | खैरटिया बांध रोड | 14:30 | 14:31 | 09:58 | 09:59 | 12:38 | 12:39 |
| 09:33 | 09:35 | 12:13 | 12:15 | 10:51 | 10:53 | मंझरा पूरब | 14:10 | 14:12 | 09:38 | 09:40 | 12:18 | 12:20 |
| 10:30 | -- | 13:25 | 13:27 | 11:30 | 11:32 | बिछिया | 13:30 | 13:32 | 09:00 | 09:02 | -- | 11:45 |
| | | 13:54 | 13:56 | 12:00 | 12:02 | निशानगाडा | 12:55 | 12:57 | 08:40 | 08:42 | | |
| | | 14:17 | 14:19 | 12:28 | 12:30 | मुर्तिहा | 12:33 | 12:35 | 08:18 | 08:20 | | |
| | | 14:49 | 14:50 | 13:08 | 13:09 | ककरहा रेस्ट हाउस | 12:02 | 12:03 | 07:47 | 07:48 | | |
| | | 15:12 | 15:14 | 13:32 | 13:34 | मिहिंपुरवा | 11:38 | 11:40 | 07:23 | 07:25 | | |
| | | 15:24 | 15:25 | 13:43 | 13:44 | गायघाट हाल्ट | 11:28 | 11:29 | 07:13 | 07:14 | | |
| | | 15:40 | 15:42 | 14:00 | 14:02 | रायबोझा | 11:17 | 11:19 | 07:02 | 07:04 | | |
| | | 16:25 | -- | 14:45 | -- | नानपारा जं. | -- | 11:00 | -- | 06:45 | | |

मुजाधि / टी–64

मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर**

पत्रांक : 261/न0पं0दो0/मो0म0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर जनपद सुलतानपुर द्वारा (सफाई व्यवस्था, उपकरण एवं मच्छर–मार, कीटनाशक दवा) आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दरें प्राप्त करने हेतु समस्त रजिस्टर्ड फर्मो/सप्लायर द्वारा मुहरबन्द निविदाएं दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित किये जाते है तथा प्राप्त निविदाओं को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | दर | क्र0सं0 | सामग्री का नाम | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टेमीफास 50 प्रतिशत लर्वीसाइड | प्रति लीटर | 12. | ऐसिड | प्रति लीटर |
| 2. | डेल्टामाइथ्रिन 2.5प्रतिशत | प्रति लीटर | 13. | झाडू | प्रति कुन्तल |
| 3. | पैराथ्रम 02प्रतिशत | प्रति लीटर | 14. | तसला | प्रति अदद |
| 4. | डाइफ्लू ज्यूरान 25प्रतिशत डब्लूपी | प्रति किग्रा | 15. | फरूही | प्रति अदद |
| 5. | अल्फासाइपर माइथ्रिन 05प्रतिशत | प्रति किग्रा | 16. | फावडा | प्रति अदद |
| 6. | मैलाथियान टेक्निकल | प्रति लीटर | 17. | गईता | प्रति अदद |
| 7. | सोडियम हाइपो क्लोराइड | प्रति लीटर | 18. | गहदाला | प्रति अदद |
| 8. | बिलीचिंग पाउडर | प्रति कुन्तल | 19. | पी0पी0ई0 किट (सुरक्षा उपकरण), गमबूट, हैण्ड ग्लब्स, मास्क हेलमेट आदि | प्रति अदद |
| 9. | ग्लाइफोसेट 41प्रतिशत | प्रति लीटर | 20. | ट्रेक सूट/टी शर्त, ड्रेस (छपाई सहित) | प्रति अदद |
| 10. | हार्पिक | प्रति लीटर | 21. | चूना पाण्डर | प्रति कुन्तल |
| 11. | फिनायल | प्रति लीटर | | | |

शर्तें:–

1.निविदादाता/कोटेशनदाता को जमानत के रूप में रू0 30,000/– की एनएससी, एफडीआर, टीडीआर/नगद जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर–सलतानपुर के पक्ष में बन्धक होगी निविदा/कोटेशन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2.सर्वन्यून निविदा की दर ही मान्य होगी।
3.आवश्यकतानुसार समाग्री आपूर्ति का आपूर्ति आदेश निर्गत किया जायेगा।
4.सशर्त निविदा स्वीकार नही किया जायेगा।
5.दरें प्रति लीटर/अदद में अंकित होनी आवश्यक हैं।
6.कोटेशन में प्रत्येक सामग्री की जी0एस0टी0 अलग–अलग उल्लेख किया जाना होगा।
7.फर्म का कीटनाशक दवा की लाइसेन्स की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/डीलर उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सीलड पेटिका में अपना–अपना निविदा डाल सकते हैं।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर**

पत्रांक : 263/न0पं0दो0/मो0म0/2023–24 दिनांक – 03–02–2024

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर सीमान्तर्गत स्थित जलकल प्रतिशठानों में लगे समरसेबुल (मोटर, पम्प, स्टार्टर) के मरम्मत हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए दरें प्राप्त करने हेतु समस्त रजिस्टर्ड फर्मो/ भिज्ञ मैकेनिकल मोटर मिस्त्री द्वारा मुहरबन्द कोटशन्स दिनांक 19.02.2024 को समय 12:00 बजे अपरान्ह तक आमन्त्रित किये जाते है तथा प्राप्त कोटेशन्स को अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त दिनांक को समय 02:00 बजे अपरान्ह में खोले जायेगें। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् हैं।

| क्र0सं0 | मोटर मरम्मत कार्य | क्र0सं0 | मोटर मरम्मत कार्य |
|---|---|---|---|
| 01. | मोटर फुल रिवाइडिंग कार्य | 03. | मोटर पम्प मरम्मत प्रति बाउल/स्टेज मैटैरियल सहित |
| 02. | मोटर रिवाडिंग प्रति हार्सपावर मैटेरियल सहित | 04. | स्टार्टर मरम्मत प्रति ऍम्पीयर |

शर्तें:–

1.सर्वन्यून कोटशन की दर ही मान्य होगी।
2.आवश्यकतानुसार आदेश निर्गत किया जायेगा।
3.सशर्त कोटशन स्वीकार नही किया जायेगा।
4.लोड–आनलोडिंग, मोटर निकलने व डालने एवं लेवर चार्ज (मोटर डिस्मेन्टिंगल व बाधने) अलग से देय होगा।

**अतः इच्छुक रजिस्टर्ड फर्म/भिज्ञ मैकेनिकल मोटर मिस्त्री उपरोक्तानुसार कार्यालय में रखी सील्ड पेटिका में अपना–अपना मुहरबन्द कोटेशन डाल सकते हैं।**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत दोस्तपुर**
**सुलतानपुर**

## सेना दिवस पर जवानों ने दिखाया पराक्रम...



सेना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित भारतीय सेना प्रदर्शनी-शौर्य संध्या में एक सेना अधिकारी ने अपना कौशल दिखाया। इस दौरान लोगों ने जवानों के साहसिक करतबों की खूब प्रशंसा की। ● एजेंसी

## बंगाल में कर्मचारियों यात्रियों की सतर्कता से टला ट्रेन हादसा

**मालदा।** पश्चिम बंगाल में पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन पर कर्मचारियों और यात्रियों की सतर्कता के कारण शनिवार को एक बड़ी ट्रेन दुर्घटना टल गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पूर्वी रेलवे के मालदा टाउन स्टेशन से कुलिक एक्सप्रेस के स्टेशन से निकलने के तुरंत बाद उसके एक पहिए में आग लग गई। कोलकाता जाने वाली यह ट्रेन यात्रियों से खचाखच भरी हुई थी। ट्रेन सुबह करीब साढ़े नौ बजे मालदा टाउन स्टेशन से रवाना हुई, तभी यात्रियों ने लोको पायलट को बताया कि ट्रेन के एक पहिए के नीचे धुआं निकल रहा है। लोको पायलट ने ट्रेन को रोकने के लिए तुरंत आपातकालीन ब्रेक का इस्तेमाल किया, जिसके कारण यात्री घबराकर ट्रेन से उतर गए। यह घटना मालदा टाउन और चामग्राम स्टेशन के बीच हुई।

# पेट्रो केमिकल में ओडिशा नई ऊंचाई छू रहा

## ओडिशा में प्रधानमंत्री ने 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

संबलपुर (ओडिशा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ओडिशा आज पेट्रोलियम और पेट्रो केमिकल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल कर रहा है। साथ ही पिछले 10 की तुलना में रेलवे के विकास के लिए ओडिशा को 10 गुना बजट दिया गया है। उन्होंने कहा ओडिशा को सस्ती बिजली मिले इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस ओडिशा व असम के दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबलपुर में शनिवार को 68 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया।

संबलपुर स्थित भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) में 400 करोड़ रुपये के स्थायी परिसर के उद्धघाटन के अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने ऊर्जा, सड़क और रेलवे जैसे अलग-अलग क्षेत्रों की कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने वर्ष 2021 में आईआईएम परिसर का शिलान्यास किया था। राज्य में 18 परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद, प्रधानमंत्री ने कहा-ये परियोजनाएं ओडिशा के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। केंद्र हर क्षेत्र में ओडिशा का समर्थन करता है। मोदी ने पुरी-सोनेपुर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस को हरी झंडी भी दिखाई, जो ट्रेनों की सुविधा को बेहतर बनाएगी।



संबलपुर में आईआईएम परिसर के उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल रघुबर दास, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक। ● एजेंसी

### कहा-गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी

प्रधानमंत्री ने कहा-मोदी की गारंटी का मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 'पीएम-किसान सम्मान निधि' योजना के तहत ओडिशा में करीब 40 लाख कृषकों सहित करोड़ों किसानों को सीधे फायदा मिला। उन्होंने कहा कि ओडिशा के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत उनके बैंक खातों में 30,000 रुपये प्राप्त हुए। कहा-भाजपा किसानों के लिए गंभीरता से काम कर रही है।

## एक नजर

### विश्वास मत में भाग ले सकेंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** रांची की एक विशेष अदालत ने शनिवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पांच फरवरी को राज्य विधानसभा में विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति दे दी। धन शोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा बुधवार को गिरफ्तार किए गए हेमंत सोरेन ने विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत के समक्ष एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में हेमंत ने चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली नयी सरकार के विश्वास मत में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। अदालत ने शुक्रवार को सोरेन को पांच दिन के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया।

### सेना ने एलओसी के समीप की गोलीबारी

**मेंढर/जम्मू।** सेना ने जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के समीप संदिग्ध गतिविधि देखे जाने के बाद शनिवार को गोलीबारी की। अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों ने मेंढर के साबरा गली इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी और फौरन जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि शनिवार तड़के मेंढर के एक अग्रिम गांव में गोलीबारी हुई और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक व्यापक तलाश अभियान चलाया गया है। इलाके में हाल में भारी हिमपात हुआ है।

## अदालत से संजय सिंह को राहत, राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह को राहत देते हुए उन्हें पांच फरवरी को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेने की अनुमति दे दी। अदालत की इजाजत के बाद संजय सिंह दोबारा राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेंगे। अदालत ने जेल अधिकारियों को श्री सिंह को सोमवार सुबह 10 बजे संसद ले जाने का निर्देश दिया। आप सांसद ने शुक्रवार को अदालत से संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए अनुमति मांगी थी। पार्टी सूत्रों ने यहां बताया कि अदालत ने आज उन्हें शपथ लेने की मंजूरी दे दी।

## शिवसेना नेता की स्थिति नाजुक, विपक्ष का शिंदे पर निशाना

ठाणे, एजेंसी

**▸▸ भाजपा विधायक ने शिवसेना नेता को मारी थी गोली**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में भूमि विवाद को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक द्वारा गोली चलाने के बाद शिवसेना के एक नेता को कई गोलियां लगीं और उनकी हालत नाजुक है। इसके बाद विपक्ष ने राज्य में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के इस्तीफे की मांग की।

उपमुख्यमंत्री एवं राज्य के गृह मंत्री देवेंद्र फडनवीस ने कहा कि उन्होंने यह पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं कि विधायक ने किस कारण से और किन परिस्थितियों में गोली चलाई।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे ने मीडिया को बताया कि कल्याण से भाजपा के विधायक गणपत गायकवाड़ ने शुक्रवार रात उल्हासनगर इलाके में हिल लाइन पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक के कक्ष के अंदर शिवसेना की कल्याण इकाई के प्रमुख महेश गायकवाड पर गोलियां चलाईं थीं।

# मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है : खरगे

ब्यूरो, नई दिल्ली

**▸▸ कांग्रेस अध्यक्ष ने न्याय संकल्प रैली में साधा निशाना**



**अमृत विचारः** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यहां शनिवार को कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए विपरीत परिस्थितियों में भारत जोड़ो-न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और अगर यह संघर्ष विफल रहा तो मोदी सरकार के तहत लोगों को नुकसान होगा। 'न्याय संकल्प सम्मेलन' रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कई तीखे हमले किए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार मुहैया कराने और देश में पैदा हुए काले धन को वापस लाने के अपने वादों को पूरा नहीं किया।

खरगे ने कहा-मोदी की गारंटी वादे को पूरे नहीं करने की है। उन्होंने प्रधान मंत्री पर देश पर अपने विचार थोपने और सत्ता हासिल करने के लिए सभी को दंडित करने" की कोशिश करने का आरोप लगाया। खरगे ने कांग्रेस की ओर से राहुल को धन्यवाद दिया और कहा कि यात्रा निकालने का उनका फैसला शायद पार्टी में किसी भी नेता द्वारा उठाया गया अब तक का सबसे बड़ा कदम है। वह युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीब लोगों सहित सभी के लिए न्याय मांग रहे हैं। इतनी विपरीत परिस्थितियों और ठंड के बावजूद वह यात्रा निकाल रहे हैं। वह भाजपा सरकार के अत्याचारों के खिलाफ लड़ रहे हैं। यह लड़ाई लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने के लिए है। यदि आप इस लड़ाई में कांग्रेस का समर्थन करने में विफल रहते हैं, तो आप मोदी के गुलाम बन जाएंगे।

खरगे ने कहा कि हमारी लड़ाई आरएसएस और बीजेपी के खिलाफ है। वे देश को खत्म करना चाहते हैं और गरीबों को अलग करना चाहते हैं। कांग्रेस को भाजपा की विभाजनकारी नीति के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए हर घर में जाना होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेसियों सहित देश में जो भी व्यक्ति समझदारी की बात करता है, उस पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता में बने रहने के लिए देश के लोगों और विपक्षी दलों को "डराना" चाहती है।

## फर्जी डाक्टरों के विरुद्ध बनेगा कानून, सांसदों की बैठक मंगलवार को

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**▸▸ दिल्ली में फ्री कानूनी सहायता का मंच गठित**

**अमृत विचारः** फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध इस बार त्रिकोणीय आंदोलन शुरू होने जा रहा है। जिसकी मांग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ देशव्यापी सख्त कानून बनाने की है। अभी तक यह मोर्चा सिर्फ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ही संभालता था। अब एलोपैथी डाक्टरों के साथ सांसद एवं वकील भी आ गए हैं। फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध मरीज या उनके तीमारदारों को निशुल्क सहायता देने के लिए दिल्ली में एक कानूनी मंच भी गठित हुआ है।

उक्त मुद्दे पर संसद के बजट सत्र के दौरान इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और देश के विभिन्न राज्यों के सांसदों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को दिल्ली में होने जा रही है। बैठक की अध्यक्षता आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी अशोकन करेंगे। डॉ. अशोकन ने अमृत विचार को बताया कि चिकित्सा जगत में तमाम ज्वलंत मुद्दे हैं जिनकी वजह से डॉक्टरों को आए दिन परेशान होना पड़ता है। उसमें एक मुद्दा फर्जी डॉक्टरों का भी है। जिनके चंगुल में फंस कर आम मरीज का मर्ज जब नासूर बन जाता है तब वह बड़े डाक्टरों या अस्पतालों की शरण में आते हैं मगर तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। उस स्थिति में मरीज को महंगा इलाज करवाना पड़ता है और कई मामलों में मरीज की मृत्यु भी हो जाती है। बदनाम अंग्रेजी डॉक्टर होते हैं।

डॉ. अशोकन के मुताबिक फर्जी डाक्टरों की धर पकड़ के लिए आईएमए की राज्य इकाइयों को सक्रिय किया गया है। लेकिन कोई पुख्ता कानून न होने की वजह से फर्जी डॉक्टरों का कारोबार बेरोक टोक चल रहा है। आईएमए असम की अध्यक्ष डा. अरुणिमा गोस्वामी ने बताया कि उनके राज्य में झोलाछाप डॉक्टरों ने आईएमए के फर्जी प्रमाण पत्र अपने क्लीनिक में लगा रखे हैं और धड़ल्ले से मरीज के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे फर्जी डॉक्टरों के विरुद्ध राज्य सरकार को पत्र भी लिखा गया है। इसी तरह आईएमए तमिलनाडु के अध्यक्ष डा. अबुल हसन कहते हैं कि पूरे राज्य के दूर दराज इलाकों में फर्जी डिग्रियों की नेम प्लेट लगाकर फर्जी डॉक्टर अंग्रेजी चिकित्सा पद्धति की प्रैक्टिस कर रहे हैं और कई मरीजों की अब तक मृत्यु भी हो चुकी है।

दूसरी तरफ दिल्ली ला चैंबर्स के अध्यक्ष मिलन कुमार वर्मा की अगुवाई में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ "आयुर्विजीलेंस" नामक अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत देश भर में फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ आने वाली शिकायतों का न सिर्फ निपटारा कराया जाएगा बल्कि शिकायतकर्ताओं को निशुल्क कानूनी सहायता भी दी जाएगी। दिल्ली उच्च न्यायालय के अधिवक्ता अमन शर्मा ने बताया कि आयुर्वेद के नाम पर भी बड़े शहरों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय है और ग्रामीण क्षेत्र के मरीज वहां पर ठगे जाते हैं। इनके विरुद्ध कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए हम लोगों ने उक्त आभियान छेड़ा है।

आईएमए झोलाछाप डॉक्टर विरोधी प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय प्रमुख डॉ. अनिल बंसल ने बताया कि झोलाछाप डॉक्टरों की साठगांठ स्थानीय पुलिस एवं नेताओं से होती है तो हम आवाज नहीं उठा पाते हैं।

## ममता ने श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरण की घोषणा की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को घोषणा की कि उनकी सरकार 21 फरवरी तक राज्य के 21 लाख मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों में धनराशि अंतरित कर देगी, जिनके वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बनर्जी ने शुक्रवार को शहर में बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा के सामने 48 घंटे का धरना शुरू किया और केंद्र से विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के लिए "बकाया राशि" जारी करने की मांग की। बनर्जी ने धरनास्थल से घोषणा की, हमें भाजपा से भीख नहीं मांगनी है और न ही भाजपा की भीख चाहिए। 21 फरवरी तक हम उन 21 लाख श्रमिकों के बैंक खातों में पैसे अंतरित कर देंगे, जिन्हें पिछले तीन साल से काम करने के बाद भी मनरेगा का पैसा नहीं मिला है।

# कारोबार/कृषि

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल प्रति कुन्तल** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800। |

# 6.7% रहेगी अर्थव्यवस्था की औसत वृद्धि दर

## रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने ताजा रिपोर्ट में वर्ष 2030-31 तक के लिए जताई उम्मीद

कोलकाता, एजेंसी

क्रिसिल ने कहा कि वर्तमान दशक के अंत तक भारतीय अर्थव्यवस्था की औसत वार्षिक वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 से 2030-31 के बीच अर्थव्यवस्था इस दर से बढ़ेगी।

एजेंसी के मुताबिक यह दर महामारी से पहले की औसत वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत से थोड़ी अधिक है। क्रिसिल के अनुसार इस प्रवृत्ति में पूंजी का मुख्य रूप से योगदान होगा। रिपोर्ट में कहा गया कि सरकार ने निर्माण गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पूंजीगत व्यय में उल्लेखनीय वृद्धि की है और राज्यों के निवेश प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण दे रही है।





क्रिसिल ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में 7.3 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बाद, अगले वित्त वर्ष में इसके 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक आरबीआई ब्याज दर के मोर्चे पर सतर्क रहेगा, क्योंकि उसकी नजर मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत के स्तर पर लाने पर रहेगी।

### इंजीनियरिंग उद्योग 2030 तक निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को उत्साहित

**नई दिल्ली।** देश के इंजीनियरिंग निर्यात क्षेत्र ने शनिवार को कहा कि यह क्षेत्र की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं और 2030 तक इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब डॉलर तक पहुंचाने को लेकर उत्साहित और इस क्षेत्र के बार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शब्दों से इस उद्योग का विश्वास बढ़ा है। श्री मोदी ने भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद (ईईपीसी) के तत्वावधान में आयोजित भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 का शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में उद्घाटन किया था और प्रदर्शनी का अवलोकन किया था। ईईपीसी की शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के उत्साहजनक शब्दों के बाद निर्यात बाजार में अपनी हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। ईईपीसी इंडिया के अध्यक्ष अरुण कुमार गरोडिया ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र उद्योग में पीएम के विश्वास से उत्साहित है और उम्मीद है कि 2030 तक भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात 300 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है। श्री गरोडिया ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री ने कल्पना की है कि भारत एक विकसित देश बनने के लिए पूरी तरह तैयार है और इंजीनियरिंग क्षेत्र इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। गरोडिया ने कहा-जैसा कि देश के गतिशीलता क्षेत्र में परिवर्तन चल रहा है, इंजीनियरिंग क्षेत्र यह सुनिश्चित करने के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार को अपना रहा है कि भारत उद्योग 4 .0 में दुनिया का नेतृत्व करे। इंजीनियरिंग क्षेत्र भारत को वैश्विक निर्यात केंद्र बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पार्क होटल्स ने आईपीओ से पहले एंकर निवेशकों से 409 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली।** द पार्क ब्रांड के अंतर्गत संचालित एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले एंकर निवेशकों से 409.5 करोड़ रुपये जुटाए हैं। बीएसई की वेबसाइट पर शुक्रवार को जारी परिपत्र के अनुसार, कंपनी ने 37 निवेशकों को 155 रुपये प्रति शेयर पर 2.64 करोड़ इक्विटी शेयर आवंटित करने का फैसला किया है। यह मूल्य दायरे का ऊपरी स्तर भी है। इसका निचला स्तर 147 रुपये है। एंकर निवेशकों में सोसाइटी जनरल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, इंटीग्रेटेड कोर स्ट्रेटेजीज (एशिया) प्राइवेट लिमिटेड, बजाज अलायंज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी, कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी और सीएलएसए ग्लोबल मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड व अन्य हैं।

## पीएलआई योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल बोले-उद्योगों के लिए प्रतिस्पर्धा होगी अहम**



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि उद्योग को उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि उद्योग के लिए आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

उन्होंने पीएलआई प्रोत्साहन का लाभ पाने वाली कंपनियों से योजना के बेहतर कार्यान्वयन के लिए रचनात्मक आलोचना और प्रतिक्रिया" साझा करने को कहा। उन्होंने कहा-यह विचार भारत को विनिर्माण महाशक्ति बनाने का है और आगे एक लंबी यात्रा तय करनी है। सरकारी अधिकारियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों सहित 1,200 से अधिक हितधारक यहां 14 पीएलआई योजनाओं की प्रगति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। गोयल ने कहा-इन प्रोत्साहनों को बैसाखी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए और हम आपको सरकारी सब्सिडी पर निर्भर नहीं बनाना चाहते हैं। यह केवल एक शुरुआत की तरह है। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना केवल आपको शुरुआत में थोड़ा सा बढ़ावा देने के लिए है और कृपया इसे प्रारंभिक समर्थन के रूप में देखें, (क्योंकि) आगे चलकर प्रतिस्पर्धा ही अहम होगी।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 73,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 64,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,050-48,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,250 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,100 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,350 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

## एक राष्ट्र, एक चुनाव से आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ ने जताया समर्थन**

उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने एक साथ चुनाव कराने के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि इससे केंद्र और राज्य स्तर पर चुनावी चक्र एक हो जाएंगे।

सीआईआई ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सीआईआई ने शुक्रवार को एक देश एक चुनाव (ओएनओई) पर उच्च स्तरीय समिति के सामने अपने विचार रखे। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द की अध्यक्षता में ओएनओई पर उच्च स्तरीय समिति ने अपनी पांचवीं बैठक की। उद्योग निकाय ने कहा कि सीआईआई का विचार चुनावी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के आर्थिक लाभों पर आधारित है, जिससे शासन की दक्षता बढ़ेगी और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसने कहा कि बार-बार चुनावों से नीति निर्माण और प्रशासन में व्यवधान होता है, जिससे सरकार की नीतियों के बारे में अनिश्चितता पैदा होती है।

## रिलायंस ने जीता एशिया का इश्यूअर ऑफ द ईयर का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमि. को 2023 के लिए आईएफआर एशिया के इश्यूअर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार कई बाजार चुनौतियों पर काबू और धन संग्रह के बड़े सौदों में अधिक मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए दिया गया। इंटरनेशनल फाइनेंसिंग रिव्यू (आईएफआर) निश्चित आय, पूंजी बाजार और निवेश बैंकिंग समाचार, विश्लेषण के लिए विश्व स्तर पर प्रमुख वित्तीय प्रकाशन है। आईएफआर ने कहा कंपनी ने बड़े सौदों से इष्टतम मूल्य निर्धारण हासिल करने के लिए वित्तपोषण को संतुलित किया है।

## धनशोधन की चिंताओं के चलते आरबीआई को लगाना पड़ा पेटीएम बैंक पर प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

**▸▸ ऑडिट रिपोर्ट में नियमों के गैर अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी मिली थीं गड़बड़ियां**

धन शोधन संबंधी चिंताओं और वॉलेट पेटीएम तथा इसकी बैंकिंग शाखा के बीच सैकड़ों करोड़ रुपये के संदिग्ध लेनदेन के कारण भारतीय रिजर्व बैंक को विजय शेखर शर्मा द्वारा संचालित इकाइयों पर शिकंजा कसना पड़ा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।





आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था। आरबीआई ने एक बयान में इसकी जानकारी देते हुए कहा कि यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया गया है। इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। आरबीआई ने इसके पहले 11 मार्च, 2022 को पीपीबीएल को तत्काल प्रभाव से नए ग्राहकों को जोड़ने से रोक दिया था। आरबीआई ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों को बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड माध्यम, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति किसी प्रतिबंध के बगैर दी जाएगी। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है लेकिन वह इसे अपनी सहयोगी के रूप में वर्गीकृत करता है।

## बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज केस होगा रद्द शीर्ष कोर्ट ने दिए आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु में बेल्जियम के नागरिक पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने का आदेश दिया है। बता दें, 2018 में तमिलनाडु की कुरंगानी पहाड़ियों में 13 लोगों की मौत के मामले में तमिलनाडु पुलिस ने बेल्जियम के नागरिक- पीटर वान गीत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

शीर्ष अदालत के आदेश के बाद प्राथमिकी और सभी कानूनी कार्यवाहियों को रद्द किया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पर्वतारोहण / ट्रेकिंग के दौरान जंगली आग की चपेट में आने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई थी। शीर्ष अदालत में जस्टिस बीवी नागरत्ना और एजी मसीह की पीठ ने बेल्जियम के नागरिक को राहत देने का आदेश पारित किया। इससे पहले मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ ने 20 अगस्त, 2022 को बेल्जियन नागरिक को राहत देने से इनकार कर दिया था।

# सर्वोच्च नागरिक सम्मान है भारत रत्न

*भारत रत्न भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। यह सम्मान 2 जनवरी 1954 को स्थापित किया गया था। तब से यह सम्मान 'मानव प्रयास के किसी भी क्षेत्र' में योगदान के लिए 26 जनवरी को दिया जाता है। भारत रत्न के लिए सिफारिशें प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रपति को की जाती हैं। इसमें प्रति वर्ष अधिकतम 3 व्यक्तियों को पुरस्कार देने का प्रावधान है। सम्मानित व्यक्ति को राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाण पत्र) और एक पीपल के पत्ते के आकार का पदक मिलता है। यह सम्मान 13 जुलाई 1977 से 26 जनवरी 1980 तक निलंबित भी किया गया था।*




### सम्मान के बाद मिलता है इनता कुछ

- पीपल के पत्ते के आकार का पदक।
- भारत के राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित एक सनद (प्रमाणपत्र)।
- कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा, जबकि किसी राज्य में जा रहे हैं तो राज्य अतिथि का दर्जा।
- स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के कार्यक्रमों में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हो सकते हैं।
- भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को हवाई जहाज (एग्जीक्यूटिव क्लास), ट्रेन और बस में निशुल्क यात्रा की छूट।
- राजनयिक पासपोर्ट का अधिकार।
- भारतीय वरीयता क्रम में सातवें स्थान पर रखा गया और राज्य सरकारें विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराती हैं।

### 3 विभूतियों को एक साथ मिला था सम्मान

आजाद भारत के पहले गवर्नर-जनरल और तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सी राजगोपालाचारी, दूसरे राष्ट्रपति और भारत के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन तथा नोबेल पुरस्कार विजेता और भौतिक वैज्ञानिक सीवी रमन को 1954 में एक साथ सम्मानित किया था। उस समय राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद थे। 48 व्यक्तियों को यह सम्मान मिल चुका है। शुरुआत में यह सम्मान सिर्फ जीवित व्यक्तियों के लिए था, लेकिन 1955 में नियमों में सुधार किया गया।

### मिलता है वीआईपी का दर्जा

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति वीआईपी में शामिल होता है। प्रोटोकॉल में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा स्पीकर, कैबिनेट मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पूर्व राष्ट्रपति, पूर्व प्रधानमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेता के बाद जगह मिलती है। भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति को राशि नहीं मिलती, लेकिन कैबिनेट मंत्री के बराबर वीआईपी का दर्जा मिलता है।

### 50वां भारत रत्न

वर्ष 2024 में केंद्र सरकार ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने के फैसला किया। अब यह पुरस्कार पाने वालों की संख्या 50 हो गई है।

### अब तक इन महान विभूतियों को मिल चुका है भारत रत्न

- **1954** में पहली बार साल पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन, डॉक्टर चंद्रशेखर वेंकट रमन,और स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल चक्रवर्ती राजगोपालाचारी को।
- **1955** में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और डॉ. भगवान दास।
- **1957** में पंडित गोविंद वल्लभ पंत को यह सम्मान दिया गया था।
- **1958** में डॉ. धोंडो केशव कर्वे को यह सम्मान मिला।
- **1961** में पुरुषोत्तम दास टंडन, बिधान चंद्र रॉय को।
- **1962** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को।
- **1963** में पूर्व राष्ट्रपति डॉ जाकिर हुसैन को।
- **1963** में डॉ. पांडुरंग वामन काणे।
- **1966** में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को मरणोपरांत।
- **1971** में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी।
- **1975** में वीवी गिरी को।
- **1976** में के.कामराज को मरणोपरांत मिला।
- **1980** में सामाजिक कार्यकर्ता मदर टेरेसा को।
- **1983** में आचार्य विनोवा भावे को मरणोपरांत।
- **1987** में खान अब्दुल गफ्फार खान।
- **1988** में मनिदुर गोपालन रामचन्द्रन को मरणोपरांत।
- **1990** में दक्षिण अफ्रीका के डॉ. नेल्सन रोलीहलाहला मंडेला, डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर (मरणोपरांत)।
- **1991** में पूर्व प्रधानंत्री राजीव गांधी (मरणोपरांत), मोरारजी रणछोड़जी देसाई, सरदार वल्लभभाई पटेल (मरणोपरांत) को।
- **1992** में सत्यजीत रे को मरणोपरांत, जहांगीर रतनजी दादाभाई टाटा, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद (मरणोपरांत) को।
- **1997** में अरुणा आसफ अली (मरणोपरांत), गुलजारी लाल नंदा (मरणोपरांत) और पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम आजाद को।
- **1998** में मदुरै शन्मुखवदिवु सुब्बालक्ष्मी, चिदम्बरम सुब्रमण्यम, गोपीनाथ बोरदोलोई (मरणोपरांत)।
- **1999** में जयप्रकाश नारायण (मरणोपरांत), प्रो अमर्त्य सेन, पंडित रविशंकर को।
- **2001** में उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, सुश्री लता दीनानाथ मंगेशकर को।
- **2009** में पंडित भीमसेन गुरुराज जोशी को।
- **2014** में भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज सचिन रमेश तेंदुलकर, प्रोफेसर चिंतामणि नागेसा रामचन्द्र राव को।
- **2015** में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, पंडित मदन मोहन मालवीय (मरणोपरांत) को।
- **2019** में भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, डॉ. भूपेन्द्र कुमार हजारिका (मरणोपरांत), नानाजी देशमुख (मरणोपरांत) को।

## एक नजर

### तुर्किये ने आईएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया

**अंकारा।** तुर्किये ने आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शनिवार को आइएस से संबंध के संदेह में 34 को हिरासत में लिया है। तुर्किये के गृहमंत्री अली येरलिकाया ने एक्स पोस्ट पर जानकारी देते हुए कहा कि ये सभी संदिग्ध ऑपरेशन केज-35 के अंतर्गत पकड़े गए हैं। सभी विदेशी नागरिक हैं। ये इंटरपोल नोटिस के तहत वांटेड थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कई पिस्टल भी बरामद किए हैं। पिछले हफ्ते रविवार की प्रार्थना के दौरान इस्तांबुल चर्च में दो आइएस बंदूकधारियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या के बाद तुर्किये अधिकारियों ने इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### अर्जेंटीना में सब्सिडी कटौती के विरोध में उग्र प्रदर्शन



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सुधार मुहिम के विरोध में जनता सड़कों पर है। शुक्रवार को प्रदर्नकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और रबर की गोलियां चलाई। इस झड़प में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रपति जेवियर ने पद संभालते ही अर्जेंटीना की मुद्रा पेसो का मूल्य 50 फीसदी से अधिक कम कर दिया। राष्ट्रपति जेवियर का कार्यकाल शुरू होने के दो महीने बाद से ही देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

### गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के दो करीबी आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के कथित करीबी को गिरफ्तार किया है। जिसने गायक सिद्धू मूसेवाला के हत्यारों की छिपने में मदद की थी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि मनदीप सिंह उर्फ छोटा मणि को मनीमाजरा के गोबिंदपुरा से उसके एक साथी जतिंदर सिंह के साथ गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से 12 कारतूस और दो पिस्तौल भी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर टीम ने पता लगाया और उसे एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा दोनों आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गिरोह के लिए सक्रिय रूप से काम करते थे और उनका आपराधिक इतिहास है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि उनके खिलाफ चंडीगढ़ और हरियाणा में हत्या के प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।

# सीरिया-इराक में अमेरिकी एयरस्ट्राइक

## जॉर्डन हमले के जवाब में 85 ठिकाने तबाह, 6 आतंकी समेत 16 की मौत

**दमिश्क, एजेंसी**

अमेरिकी सेना जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए ड्रोन हमले के जवाब में शुक्रवार देर रात सीरिया और इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया के ठिकानों पर बमबारी की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरिया में अमेरिका के हवाई हमलों में छह मिलिशिया लड़ाके समेत 16 लोग मारे गए हैं। इनमें तीन गैर-सीरियाई थे। अमेरिकी सेना ने एक बयान में कहा कि अमेरिका ने शुक्रवार को इराक और सीरिया में ईरान रिवोल्यूशनरी गाड्र्स और उनके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों पर जवाबी हवाई हमले किए।

बयान में कहा गया है कि अमेरिकी सेना ने हवाई हमलों ने कमांड और नियंत्रण केंद्रों, रॉकेट, मिसाइल और ड्रोन भंडारण सुविधाओं के साथ-साथ रसद और गोला-बारूद आपूर्ति श्रृंखला सुविधाओं को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने 125 से अधिक युद्ध सामग्री के साथ 85 से अधिक ठिकानों पर हमला किया। वहीं, सीरिया की सरकारी मीडिया ने कहा कि सीरिया के रेगिस्तानी इलाकों और इराक से लगती सीमा के पास स्थित ठिकानों पर अमेरिकी हमले में कई लोग हताहत और घायल हुए हैं। पिछले सप्ताह जॉर्डन में सैन्य अड्डे हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और लगभग 40 अन्य घायल हुए थे। इसके बाद राष्ट्रपति जो बाइडन ने ईरान समर्थित समूहों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने की बात कही थी। बीते दिनों ने बाइडन ने जवाबी हमले की मंजूरी दी थी। इसके बाद अमेरिकी ने शुक्रवार को पहला हमला किया।

### जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका



अमेरिकी सेना ने ईरान की सीमा के अंदर किसी भी ठिकाने को निशाना नहीं बनाया है। लेकिन अमेरिका के जवाबी हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। गाजा में पिछले तीन महीने से चल रहे इजराइल-हमास युद्ध के कारण क्षेत्र में पहले से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम मुंहतोड़ जवाब देंगे



ईरान समर्थिक आतंकी समूहों के ठिकानों पर हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने एक बयान में कहा कि अमेरिका मध्य-पूर्व में संघर्ष नहीं चाहता है, लेकिन अगर किसी अमेरिकी को नुकसान पहुंचता है, तो हम उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि पिछले रविवार को जॉर्डन में ईरान द्वारा समर्थित आतंकी समूहों के ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। शुक्रवार को मैं डोवर एयरफोर्स बेस पर इन बहादुर सैनिकों के शवों की वापसी पर श्रद्धांजलि समारोह में शामिल हुआ और उनके परिवारों से बात की।

## सर्वाइकल कैंसर की जागरूकता को फैलाई मौत की खबर: पूनम



**नई दिल्ली।** मॉडल और अभिनेत्री पूनम पांडे की निधन की खबर ने सभी को झकझोर कर रख दिया था। शुक्रवार को अभिनेत्री के इंस्टाग्राम अकाउंट से उनके मैनेजर ने सर्वाइकल कैंसर की वजह से उनकी मौत की जानकारी दी थी, जिसके बाद ये खबर सोशल मीडिया पर फैल गई।

शुक्रवार को पूनम पांडे की मौत की खबर ने मनोरंजन जगत में हलचल मचा दी। तमाम बॉलीवुड हस्तियों ने पूनम की अचानक आई मौत की खबर पर दुख जताया। निधन की सूचना के दूसरे दिन पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया, जिसमें वह इस अफवाह को फैलाने के लिए माफी मांगती नजर आ रही हैं। पूनम ने कहा कि उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के लिए अवेयरनेस फैलाने के लिए अपनी मौत की झूठी खबर फैलाई। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर के बारे में जल्दी कोई बात नहीं करता। लोगों को जागरुक करने के लिए ये नाटक करना पड़ा।

# नौसेना में शामिल हुआ सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक

**विशाखापत्तनम, एजेंसी**

▸▸ संधायक भारत में बनने वाला 34वां युद्धपोत, रक्षा मंत्री बोले महासागर में बढ़ेगी मजबूती



आईएनएस संधायक के जलावतरण समारोह में मौजूद राजनाथ सिंह।

सबसे बड़ा सर्वेक्षण पोत आईएनएस संधायक शनिवार को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल हुआ। पोत के जलावतरण समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार मौजूद हैं।

इस मौके पर एडमिरल हरि कुमार ने अपने संबोधन में कहा, पिछले एक दशक में नौसेना ने अलग-अलग रेंज के अत्याधुनिक प्लेटफॉर्म को लॉन्च किए हैं, चाहे वह शक्तिशाली विमानवाहक पोत 'विक्रांत' हो, विशाखापत्तनम क्लास का 'डेस्ट्रोयर' हो, बहुमुखी श्रेणी के 'फ्रिगेट', कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां हों या गोताखोरी के लिए विशेष जहाज हो, हम उभरते हुए भारत की सेवा में एक संतुलित और आत्मनिर्भर बल का निर्माण कर रहे हैं। आखिरी तीन युद्धपोत और पनडुब्बियां पिछले दस वर्षों में नौसेना में शामिल किए गए हैं। वे सभी भारत में बनाए गए हैं और संधायक भारत में बनने वाला 34वां पोत है। वहीं, रक्षा मंत्री सिंह ने कहा, अगर मैं अपनी नौसैनिक ताकत की बात करूं, तो भारतीय नौसेना इतनी मजबूत हो गई है कि हिंद महासागर और हिंद प्रशांत क्षेत्र में सुरक्षा के मामले में हम पहले जवाब देने वाले बन गए हैं। वैश्विक व्यापार की बात करें तो हिंद महासागर को वैसे भी हॉटस्पॉट के तौर पर गिना जाता है। अदन की खाड़ी, गिनी की खाड़ी आदि कई चोक प्वाइंट हिंद महासागर में हैं, जिसके जरिए से बड़ी मात्रा में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार होता है। इन चोक प्वाइंट्स पर कई खतरे बने हुए हैं। लेकिन सबसे बड़ा खतरा समुद्री डाकुओं का है।

# मालदीव का आरोप-भारतीय नौसेना ने ली जहाजों की तलाशी

**माले, एजेंसी**

मालदीव की मीडिया ने स्थानीय मछुआरों के हवाले से दावा किया कि भारत के नौसैनिकों ने उनके जहाज पर धावा बोला और तलाशी ली। इसके बाद अब मालदीव सरकार ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से उस घटना का व्यापक विवरण प्रदान करने का अनुरोध किया है।

मालदीव के आरोपों पर भारत सरकार की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में दावा किया कि 31 जनवरी को, भारतीय सेना ने मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के भीतर मछली पकड़ने की गतिविधियों में लगी एक मालदीव की मछली पकड़ने वाली नाव को रोक लिया। बयान में कहा गया है कि भारतीय तटरक्षक जहाज 246 और 253 की टीमें मछली पकड़ने वाली नौकाओं से पूछताछ के लिए जिम्मेदार थीं। बता दें, राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने का अनुरोध किया गया था।

### मालदीव सरकार ने किया आधिकारिक अनुरोध

मालदीव की ओर से कहा गया है कि भारतीय सैनिक संबंधित अधिकारियों से पूर्व परामर्श के बिना मालदीव ईईजेड के भीतर मछली पकड़ने वाली तीन नौकाओं पर सवार हो गए, जिससे अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानूनों और नियमों का उल्लंघन हुआ। बयान में कहा गया, "परिणामस्वरूप, मालदीव सरकार ने विदेश मंत्रालय के माध्यम से एक आधिकारिक अनुरोध शुरू किया है, जिसमें भारत सरकार से घटना का व्यापक विवरण मांगा गया है।

# गैर-इस्लामिक निकाह मामले में इमरान और पत्नी बुशरा बीबी को सात-सात साल की जेल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी खान को बड़ा झटका लगा। बता दें कि पाकिस्तान की एक अदालत ने इमरान और बुशरा को गैर-इस्लामिक निकाह मामले में सात-सात साल की सजा सुनाई और जुर्माना भी लगाया।



इस सप्ताह विवादों में घिरे 71 वर्षीय इमरान के खिलाफ चुनावों से पहले यह तीसरा फैसला है और उन्हें चुनाव लड़ने से रोक दिया गया। जेल में कैद इमरान को हाल ही में गोपनियता को भंग करने के लिए 10 साल (सिफर मामला) और पत्नी के साथ तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई गई है। इमरान और उनकी पत्नी बुशरा पर 5 लाख का जुर्माना लगाया गया। बुशरा पर अपने पूर्व पति को तलाक देने और इमरान खान से निकाह करने के बाद 'इद्दत' को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया गया था। दरअसल, इद्दत के तहत एक तय समय तक महिला दूसरी शादी नहीं कर सकती है। पहली बार प्रधानमंत्री बनने से सात माह पूर्व जनवरी 2018 में इमरान ने एक गुप्त समारोह में बुशरा के साथ 'निकाह' किया था, लेकिन उनका निकाह अचानक चर्चा का मुद्दा बन गया और सवाल उठने लगे कि क्या उन्होंने अवधि पूरी होने से पहले (इद्दत) निकाह किया था। हालांकि, खान दंपति ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया।

## पहाड़ी हिस्सों में बर्फबारी...





**श्रीनगर :** कश्मीर के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बर्फबारी हुई। घाटी के अधिकांश हिस्सों में दिन का तापमान शून्य से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। भारी हिमपात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। वहीं बारामूला जिले के तंगमर्ग में दो फुट बर्फ जम गई। ● एजेंसी

## कराची में चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर विस्फोट

**कराची।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले हिंसा का माहौल बना हुआ है। अब कराची में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) कार्यालय के बाहर एक विस्फोट हुआ है।

पुलिस ने बताया कि चुनाव आयोग के प्रांतीय कार्यालय की पार्किंग में आईईडी से भरा एक बैग कूड़े में फेंके जाने के बाद एक छोटा विस्फोट हुआ। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, डीआइजी सैयद असद रजा ने कहा कि आईईडी बम वाला प्लास्टिक बैग पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रांतीय मुख्यालय की पार्किंग में रखा गया था। उन्होंने कहा, बैग में टाइमर के साथ एक आईईडी था, लेकिन पार्किंग की सफाई कर रहे एक कर्मचारी ने बैग को देख लिया और उसे इमारत के बाहर कूड़े में फेंक दिया। अधिकारी ने कहा कि जब बैग फेंका गया तो एक छोटा विस्फोट हुआ और एक बड़ा हादसा टल गया।

**विज्ञान** जमीन से आसमान तक छिपे जीवन को देखने में होगी सक्षम, अब नए सिरे से होगी एलियन की तलाश

# असाधारण दूरबीन बनाने में जुटे यूरोपियन खगोलविद

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एलियन की खोज के लिए खगोलविद नए सिरे से जुटने जा रहे हैं। इस दिशा में यूरोपीय वैज्ञानिक असाधारण एक दूरबीन बनाने जा रहे हैं, जो किसी भी प्लैनेट की जमीन से आसमान और किसी भी रूप में छिपे जीवन को देख पाने सक्षम होगी।

एलियन की पहेली आज भी बरकरार है। किस्से कहानियों में इनका जिक्र अक्सर देखा जाता है। मगर इनकी हकीकत का वैज्ञानिक दृष्टि से आज भी पता नही चल पाया है। प्राचीन भारत में उड़न तश्तरियों का जिक्र खूब हुआ करता था। संभवतः कई लोग इसके साक्षी भी रहे होंगे। वर्तमान में आसमान में अनजानी वस्तु देखने को अक्सर मिल ही जाती हैं, लेकिन उड़न तश्तरी का जिक्र सुनने को नही मिलता है। एलियन ब्रह्मांड का बहुत बड़ा रहस्य है। खगोल विज्ञान में इनकी तलाश करीब पांच दशक से की जा रही है, लेकिन कोई अता पता नही चल पाया है। इनकी तलाश में हजारों ग्रहों की खाक वैज्ञानिक छान चुके हैं, लेकिन परिणाम सिफर ही हाथ लगा है। इस जद्दोजहद में लंबा समय बीत चुका है, लेकिन वैज्ञानिक हार मानना नही चाहते। जिसके परिणामस्वरूप अब अगली तैयारी की जा रही है। अब एक ऐसी दूरबीन बनाई जाएगी, जो ब्रह्मांड के एक बड़े हिस्से में मौजूद किसी तिनके जितनी छोटी वस्तु को भी देख लेगी और उसकी सच्चाई को भेद पाने में सक्षम होगी। यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) के नाम से दूरबीन बनाई जाएगी, जो दो दशक बाद ब्रह्मांड में किसी भी चट्टानी दुनिया को देख सकेगी। वर्तमान वैज्ञानिक इस दूरबीन का निर्माण करेंगे और अगली पीढ़ी इस दूरबीन से एलियन की तलाश करेगी।



एलियन की तलाश में इस तरह की होगी यूरोपियन दूरबीन।

### दुनिया की सबसे बढ़ी दूरबीन होगी ईएलटी

वर्तमान में दुनिया के कई हिसों में अभी तक की सबसे बढ़ी दूरबीनें बनाने की कवायद की जा रही है। जिनमें सबसे बड़ी यूरोपियन एक्सट्रीमली लार्ज टेलीस्कोप (ईएलटी) होगी। इस दूरबीन का व्यास 128 फीट होगा। इसके अलावा मौना केआ में 98 फीट व्यास की थर्टी मीटर टेलीस्कोप (टीएमटी) के नाम से बनाई जा रही है। इस दूरबीन में भारत की हिस्सेदारी दस प्रतिशत की होगी। 79 फीट की विशालकाय मैगेलन टेलीस्कोप (जीएमटी) दूरबीन भी बनाई जा रही है। ईएलटी और जीएमटी का निर्माण चिली के अटाकामा रेगिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर किया जा रहा है। ईएलटी के लिए पहला दर्पण बनकर तैयार हो चुका है।

## भारतीय मूल के वरुण घोष ऑस्ट्रेलियाई सीनेट में नियुक्त

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया की सीनेट में भारतवंशी वरुण घोष नामित किए गए हैं। वह अगले सप्ताह सीनेट में अपनी जिम्मेदारी संभाल लेंगे। लेबर पार्टी ने आधिकारिक रूप से उन्हें पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है।



पश्चिमी आस्ट्रेलिया संसद की संयुक्त बैठक में गुरुवार को 38 वर्षीय वरुण का चयन किया गया। फ्रैंसिस बर्ट चैंबर्स में बैरिस्टर वरुण वर्तमान सीनेटर पैट्रिक डॉडसन का स्थान लेंगे। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया की विधानसभा ने एक्स पर यह घोषणा की है, विधानसभा और विधान परिषद ने संघीय संसद की सीनेट में पश्चिमी आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करने के लिए वरुण घोष को चुना है। बीती सदी के नौवें दशक में उनके माता-पिता भारत से में आकर बस गए थे।

# हिंदुओं को रिझाने में जुटी ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी

**लंदन, एजेंसी**

▸▸ ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए पार्टी उठा रही कई महत्वपूर्ण कदम




हाल के वर्षों में भारतवंशियों के बीच पार्टी का समर्थन कम होने की चिंता के बीच ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी ब्रिटिश भारतीयों तक पहुंच बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीर स्टार्मर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटिश भारतीयों के साथ फिर से जुड़ने के लिए कई कदम उठाए हैं।

इसमें समुदाय से जुड़े दो स्वयंसेवकों को नियुक्त करना, लेबर फ्रेंड्स आफ इंडिया समूह को नया स्वरूप देना और अपने दो वरिष्ठ शेडो मंत्रियों को भारत भेजने की तैयारी की है।

2021 की जनगणना के अनुसार, भारतीय मूल के लोग ब्रिटेन में सबसे बड़े एशियाई जातीय समूह और सबसे बड़े गैर-श्वेत जातीय समूह दोनों हैं। यह आबादी का 3.1 प्रतिशत हिस्सा हैं। इस बात के सबूत बढ़ रहे हैं कि लेबर पार्टी ने भारतीय मूल के लोगों का समर्थन खो दिया है। 2010 में 61 प्रतिशत ब्रिटिश भारतीयों ने कहा कि वे लेबर का समर्थन करते हैं। वहीं, यह आंकड़ा 2019 तक घटकर 30 प्रतिशत रह गया। वरिष्ठ नेताओं को चिंता इसलिए भी है कि ब्रिटेन के पहले हिंदू प्रधानमंत्री के रूप में ऋषि सुनक के होने से यह चलन बढ़ सकता है।